सुप्रभात
रांची, सोमवार
29.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 313 12 राम चरण बनायेंगे फिल्म द इंडिया हाउस

न्यूज डायरी

आइपीएल चैंपियन का फैसला अब आज

अहमदाबाद। पिछले दो महीनों से जिसका इंतजार था वह एक दिन के लिए और बढ़ गया है। रविवार

भारी बारिश के कारण रविवार का मैच रद्द

को आइपीएल 2023 का फाइनल मुकाबला बारिश के कारण के शुरू नहीं हो सका। ऐसे में सीएसके और गुजरात की टीम ने अब रिजर्व डे में फाइनल की जंग के लिए मैदान पर उतरेगी। फाइनल का रोमांच फैंस को सोमवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही देखने को मिलेगा। रविवार को अहमदाबाद में लगातार बारिश होने के कारण मैच में टॉस भी नहीं किया जा सका। स्टेडियम तालाज सा नजर आ रहा था। इस कारण रविवार को होने वाले मैच को रद्द कर दिया गया।

गुड़गांव में झारखंड का मानव तस्कर धराया

रांची। झारखंड के एक मानव तस्कर को हरियाणा में गुड़गांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह दो बच्चियों को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जा रहा था। एक बच्ची की तबीयत बिगड़ी, तो मनोहरपुर स्टेशन पर उसे छोड़ कर भाग गया। दूसरी बच्ची अब भी लापता है। गिरफ्तार आरोपी मनोहरपुर के छोटानागरा क्षेत्र का चर्चित मानव तस्करी मामले का मुख्य आरोपी है। उसका नाम अलबीस टोपनो है।

नये संसद भवन निर्माण में झारखंड के दो सम्मानित

नयी दिल्ली। नये संसद भवन के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले कुछ कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर पीएम ने सम्मानित किया। इनमें दो भाई राम मुर्मू और मुजफ्फर खान झारखंड के हैं। भाई राम मुर्मू ने साइट पर स्वच्छता अभियान का ख्याल रखा, जबकि मुजफ्फर खान मैकेनिक हैं। निर्माण के दौरान मशीनें थीं, उनमें गड़बड़ी आने पर बनाने की जिम्मेदारी इनकी ही थी।

अंबाती रायुडू ने संन्यास की घोषणा कर दी

नयी दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के धाकड़ बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने आईपीएल 2023 के खिताबी मुकाबले से ठीक पहले संन्यास का ऐलान किया है। उन्होंने ट्विटर पर ऐलान किया है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी बार वह आईपीएल खेलते नजर आयेंगे।

कोयल नदी में डूबे दो बच्चे, एक की मौत

गुमला। घाघरा इलाके में कोयल नदी के किनारे खेलने के दौरान दो बच्चे नदी में डूब गये। एक बालक को तो बचा लिया गया, जबकि दूसरे की डूबने से मौत हो गयी। हादसा रविवार की दोपहर में हुआ। पैर फिसलने से दो बच्चे नदी में जा गिरे। पास के लोगों ने अनीश नामक बालक को किसी तरह नदी से निकाल लिया। अमृत उरांव (8) नाम के बालक काफी देर बाद नदी से निकाला जा सका। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनियंत्रित ट्रक पलटा चालक की मौत

दुमका। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर काठीजोरिया गांव के समीप रविवार दोपहर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में घायल ट्रक चालक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। उसकी शिनाख्त छपरा जिले के कोपा थाना क्षेत्र के चांदा टोला गांव निवासी धोरेलाल कुमार राय (25) के रूप में हुई।

झारखंड कंबाइंड एक्जाम नौ जुलाई को

रांची। झारखंड कंबाइंड एंटरेंस कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन बोर्ड (जेसीइसीइबी) नौ जुलाई को झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन आयोजित करेगा। इसके लिए 29 मई से ऑनलाइन के माध्यम से एप्लीकेशन जमा लिए जायेंगे।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	56,900 रु./10 ग्राम
चांदी	:	74,500 रु./प्रति किलो

पीएम ने स्पीकर के साथ नया संसद भवन देश को किया समर्पित, सेंगोल लोकसभा में स्थापित

नया भवन, नये भारत के सृजन का आधार बनेगा : मोदी

एक भारत-श्रेष्ठ भारत का दर्शन है यह भवन

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ देश के नये संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। नयी लोकसभा के सदन में पवित्र सेंगोल (राजदंड) को श्रद्धा के साथ प्रतिष्ठित किया। अपने संबोधन में मोदी ने नये संसद भवन को 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब बताते हुए कहा कि इसमें देश की समृद्ध विरासत, कला, गौरव , संस्कृति तथा संविधान के स्वर हैं और यह नये भारत के सृजन का आधार बनेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी का यह अमृतकाल असंख्य सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने का अमृतकाल है। उन्होंने कहा कि, 'यह अमृतकाल का आह्वान है। मुक्त मातृभूमि को नवीन मान चाहिए। नवीन पर्व के लिए, नवीन प्राण चाहिए। मुक्त गीत हो रहा, नवीन राग चाहिए। नवीन पर्व के लिए, नवीन प्राण चाहिए। उन्होंने कहा, नया संसद भवन, नये भारत के सृजन का आधार बनेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि यह दिव्य और भव्य इमारत जन-जन के सशक्तिकरण के साथ ही, राष्ट्र की समृद्धि और सामर्थ्य को नई गति और शक्ति प्रदान करेगी। इस मौके पर 75 रुपए के विशेष सिक्का जारी किया गया।



वास्तू, विरासत, कला, कौशल, संस्कृति और सविंधान भी : मोदी ने कहा कि नये संसद भवन को देखकर हर भारतीय गौरव से भरा हुआ है। इसमें वास्तू, विरासत, कला, कौशल, संस्कृति और सविंधान भी है। लोकसभा का आंतरिक हिस्सा राष्ट्रीय पंक्षी मोर पर आधारित है, राज्यसभा का आंतरिक हिस्सा राष्ट्रीय फूल कमल पर आधारित है। संसद के प्रांगण में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद भी है।

नये संसद भवन का उद्घाटन प्पूरे विधि-विधान के साथ में हुआ। सेंगोल को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि जब भी संसद भवन की कार्यवाही शुरू होगी तो यह सेंगोल हम सभी को प्रेरणा देता रहे। भारत आज वैश्विक लोकतंत्र का बड़ा आधार है। (शेष पेज 11 पर)

राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति ने जतायी खुशी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को पीएम मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किये जाने का स्वागत किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व तथा अपार हर्ष की बात है। अपने संदेश में रा.ट्रपति ने कहा कि यह भवन देश के इतिहास में सुनहरे शब्दों में लिखा जायेगा। नया संसद भवन 'हमारी लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसका उदघाटन भारत के सभी लोगों के लिए गर्व और खुशी की बात है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति का संदेश पढ़कर सुनाया। वहीं उपराष्ट्रपति स्री धनखड़ ने कहा-भारत के विकास का गवाह बनेगा नया संसद भवन। नया संसद भवन राजनीतिक सहमति कायम करने में मदद करेगा और गुलामी की मानसिकता से आजादी का प्रतीक बनेगा।

आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी होगा भवन

मोदी ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर कुछ देर पहले संसद की नयी इमारत में पवित्र सेंगोल की भी स्थापना हुई है। महान चोल साम्राज्य में सेंगोल को कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्र पथ का प्रतीक माना जाता था. राजा जी और अधिनम के संतों के मार्ग दर्शन में यही सेंगोल सत्ता के हस्तातंरण का प्रतीक बना था। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नया भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करने का साधन बनेगा। यह नया भवन आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा। यह नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धी होते हुए देखेगा। यह सिर्फ भवन नहीं है यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह नया भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करने का साधन बनेगा। यह नया भवन आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा। यह नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धी होते हुए देखेगा।

नीति आयोग की बैठक से रांची लौटे सीएम हेमंत, कहा

गांवों की प्रगति पर ही राज्य का विकास निर्भर

झारखंड के हित में रखी बैठक में अपनी बात

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद् की 8वीं बैठक में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची रविवार को रांची लौटआये हैं। इस बैठक में उन्होंने झारखंड के हित में अपनी बातें रखी है। रांची लौटने के क्रम में भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि पीएम मोदी का कहना है कि राज्य का विकास होगा, तभी देश का विकास होगा। ऐसे में राज्य को भी गांव पर ध्यान रखने होंगे। गांव के विकास

से ही राज्य का विकास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की शासी परिषद् की 8वीं बैठक में उन्होंने झारखंड के परिपेक्ष्य में हमने अपनी बातें रखी है। जरूरत पड़ने पर और भी ज्यादा मजबूती से अपनी बातों को रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा विगत वर्षों में राज्य सरकार द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के महत्वपूर्ण प्रयास किये गये हैं। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया है कि झारखंड देश के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य करने को सदैव तत्पर रहा है एवं रहेगा। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने एवं झारखण्ड की मूलभूत सरंचना को मजबूत बनाने के लिए सरकार के स्तर पर सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार के प्रयासों से निवेशकों में विश्वास बढ़ेगा और निवेशक प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण राज्य में निवेश को प्रोत्साहित होंगे। वहीं संसद भवन के उद्घाटन पर पूछे गए सवाल पर सीएम ने कहा कि दिल्ली में पहलवानों के साथ क्या हुआ ? यह भी पूछा जाना चाहिए।

नीतीश का मिशन : पटना में 12 को विपक्षी दलों की बैठक

18 दलों के नेता भाग लेंगे, एकजुटता का होगा प्रदर्शन

एजेंसी

पटना। एनडीए के खिलाफ विपक्षी एकता की नीतीश की पहल को ले कर बिहार की सियासी गलियारे से एक बड़ी खबर सामने आयी है। राजधानी पटना में 12 जून को विपक्षी दलों की बैठक होनेवाली है। इस बैठक में 18 दलों के नेता शामिल होंगे। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनायी जायेगी। बैठक के दौरान विफक्षी एकता को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

मिशन पर हैं नीतीश कुमार : एनडीए से अलग होने के बाद से ही सीएम नीतीश कुमार एक मिशन

पर हैं। इस बैठक में भाजपा विरोधी पार्टियां शामिल होंगी। 18 दलों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति बनायी जाएगी। हालांकि अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि बैठक पटना में कहां होगी। विपक्षी एकता को ले कर नीतीश लगातार भाजपा विरोधी दलों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात के बाद बताया गया था कि बहुत जल्द बैठक होगी।

कौन-कौन हो सकते हैं शामिल

माना जा रहा है कि 12 जून को पटना में होने वाली बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, वामदल के नेता डी राजा और सीताराम येचुरी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना के उद्धव ठाकरे, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन सहित विपक्षी दलों के कई नेता इस बैठक में शामिल हो सकते हैं।

झारखंड में फिर बदला मौसम का मिजाज, गर्मी का एहसास

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने से एक बार फिर गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बादल छंटने के साथ ही से गर्मी फिर तेज हो गयी। रविवार सुबह से ही धूप छांव के बीच तीखी धूप ने गर्मी का एहसास करना शुरू कर दिया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 30 और 31 मई को हल्के बादल छा सकते हैं लेकिन एक जून से गर्मी बढ़ेगी। तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य

में अगले चार दिनों के दौरान भीषण गर्मी से लोगों को दो चार होना पड़ेगा। स्काइमेट वेदर के अनुसार मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश , छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में 1 या 2 स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिला सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सबसे कम पाकुड़ का 33.8 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।

मणिपुर में हिंसा जारी, अब तक 40 उग्रवादी मारे गये : सीएम बीरेन सिंह

नयी दिल्ली। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि आगजनी और नागरिकों पर गोलीबारी करने में शामिल लगभग 40 सशस्त्र उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। राज्य में रविवार को आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों के बीच ताजा झड़प की पृष्ठभूमि में सिंह की यह टिप्पणी आयी। राज्य सचिवालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि हालिया दौर की झड़प प्रतिद्वंद्वी समुदायों के बीच नहीं बल्कि कुकी उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा एके-47, एम-16 और स्नाइपर राइफल से नागरिकों पर गोलीबारी करने के मामले सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में इन उग्रवादियों को निशाना बनाया। मुख्यमंत्री ने लोगों से सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही में बाधा नहीं डालने की अपील की और उनसे ह्यह्यसरकार में विश्वास रखने और सुरक्षा बलों का समर्थन करने" का आग्रह किया।

दिग्विजय सिंह बोले भाड़ में जाये कांग्रेस

कार्यकर्ताओं पर खीझे पूर्व सीएम की जुबान फिसली

एजेंसी

खंडवा। एमपी के पूर्व सीएम व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह एक बार फिर अपने बयान को लेकर घिरते हुए नजर आ रहे हैं। खंडवा में दिग्गि राजा ने संगठन की बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को समझाते हुए कह दिया कि कांग्रेस जाये भाड़ में। इसके बाद यह वीडियो तेजी से वायरल हुआ और देखते ही देखते हर जगह दिग्विजय सिंह के इस बयान की ही चर्चा होने लगी। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं पर भड़के। खंडवा में एक कार्यकम के दौरान वह इतने गुस्से में आ गए कि कह दिया कि भाड़ में जाए कांग्रेस। इससे पहले वह बुरहानपुर में पार्टी नेताओं पर भड़क

गये थे। दिग्विजय सिंह कांग्रेस की कमजोर सीटों को मजबूत करने के लिए विधानसभा चुनाव के पहले लगातार बैठकें कर रहे हैं। ऐसे में वह खंडवा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह पवार ने यहां पर विरोध जता दिया। दरअसल विधानसभा 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे कुंदन मालवीय के बोलने के दौरान ही विरोध हो गया, विरोध बढ़ता हुआ देख दिग्विजय सिंह नाराज हो गये और भड़क गये, और कह दिया कि कांग्रेस जाये भाड़ में। उन्होंने कहा, आप जिस तरह से कर रहे हैं, मोबाइल से वीडियो बना रहे हैं कुछ लोगों पर भी चिल्लाते हुए नजर आये।

मन की बात में खूंटी के बोरी बांध की मोदी ने की चर्चा

जल संरक्षण की इस तकनीक पर झारखंड के लोगों को दी बधाई

एजेंसी

रांची, नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 101वे संस्करण में जल संरक्षण के महत्व को बताया और झारखंड के खूंटी का जिक्र किया है। इसके साथ ही उन्होंने जल संरक्षण करने के लिए खूंटी के लोगों को बधाई भी दी है। जल के महत्व को बताते हुए पीएम ये भी बताया कि सरकार कैसे जल को संरक्षित करने की कोशिश कर रही है। पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम में खूंटी के लोगों का भी उदाहरण दिया कि कैसे वे बोरी बांध के जरिये जल को संरक्षित करते हैं। इसके बाद इसी पानी से

किसान अपने खेतों की सिचाई करते हैं, जिससे उनके खेतों में काफी अच्छी सब्जियां उगायी जाती है।

क्या है बोरी बांध मॉडल : अभियान की शुरुआत पांच दिसंबर 2018 को तोरपा प्रखंड के तपकरा इलाके से हुई। इसके लिए मुखिया सुदीप गुड़िया ने ग्रामीणों को प्रेरित करना शुरू किया। तपकरा नाला पर चार बोरी बांधों का निर्माण पूरा किया। बांध के पानी से किसानों ने खेती शुरू कर दी और वो काफी उत्साहित हुए. उसके बाद ही कुदलुम गांव में बोरी बांध का निर्माण हुआ। (शेष पेज 11 पर)

जल संरक्षण की दिशा में खूंटी में बेहतर काम

खूंटी जिले में जिला प्रशासन और सेवा वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से 44 गांव में करीब 110 बोरी बांध बनाये गये हैं। जल संरक्षण के इस तरीके को सीखकर अलग-अलग गांवों के लोगों ने 150 से ज्यादा बोरी बांध बनाने का काम किया है। बोरी बांध बनाने के लिए ग्रामीण श्रमदान करते हैं। इससे लगभग एक हजार एकड़ जमीन की सिंचाई हुई। मवेशियों को भी पीने का पानी मिला। इस मॉडल की बदौलत संबंधित इलाकों के भूगर्भीय जलस्तर में भी इजाफा हुआ है।

डायन बता देवर ने भाभी को कुल्हाड़ी से काट डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

साहिबगंज। मिजाचौकी थाना क्षेत्र की सिमडा पंचायत अन्तर्गत डुमरी टोला गांव में शनिवार की शाम 6 बजे मरांग कुडी टुडू (38) की कुल्हाड़ी से मारकर उसके देवर ने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी देवर को अरेस्ट कर लिया है। मृतका के पति लखन हांसदा ने बताया कि मरांग कुडी टुडू अपने घर में रोजाना के कार्यों में व्यस्त थी। उसके पिता मरांग हांसदा की मृत्यु किसी बीमारी के कारण हो गयी है। इसे लेकर अंधविश्वास में उसके छोटे भाई बाबू हांसदा ने अपनी भाभी को कुल्हाड़ी से वार करते हुए यह कह कर मार डाला कि वह डायन-बिसाही जानती है। उसने दौड़ा-दौड़ा कर कुल्हाड़ी से वार कर भाभी की हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और रात्रि में बाबू हांसदा को डुमरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रविवार की सुबह घटना से संबंधित जानकारी ली गयी और जिस कुल्हाड़ी से महिला की हत्या की गयी थी, उस कुल्हाड़ी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। शव को रात्रि में ही अपने कब्जे में लेकर रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराने पर कांग्रेस और वाम दलों ने जताया विरोध

प्रदेश कांग्रेस ने बिरसा चौक पर दिया धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं किये जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी विरोध कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने भी रविवार को बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा के समक्ष प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में घरना दिया। इस धरना कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम के साथ कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी मौजूद रही।

लोकतंत्र खतरे में इसे बचाना कांग्रेस का दायित्व : राजेश

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की संसद लोकतंत्र का मंदिर है। देश के संवैधानिक प्रमुख, सेना प्रमुख और संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने वाली राष्ट्रपति को नहीं बुलाना, उनसे उद्घाटन नहीं कराना, पूरी तरह से तानाशाही रवैया है। यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही घातक है। यह संवैधानिक संस्थानों को खत्म करने की साजिश है। जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। विपक्ष के बार-बार आग्रह के बाद भी भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी एक नहीं सुनी। आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। इसे बचाना कांग्रेस का दायित्व है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की आपत्ति यह नहीं है कि देश के प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन कर रहे हैं। आपत्ति यह है कि आप चार्टेड प्लेन से पंडित और पुजारी मंगवा रहे हैं, मगर दिल्ली में बैठी देश के संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति को उद्घाटन समारोह में नहीं बुला रहे हैं। यह कैसी जिद और कैसी नयी परंपरा की शुरूआत है। देश की जनता राष्ट्रपति के इस अपमान को कभी भूल नहीं पायेगी।

सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान कर रही है भाजपा : आलमगीर

धरना को संबोधित करते हुए नेता विधायकदल सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि देश संविधान प्रदत्त अधिकारों से वंचित रखने का काम हो रहा है। राष्ट्रपति से संसद का उदघाटन न करवाना और न ही उन्हें समारोह में बुलाना यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, संवैधानिक मूल्यों से बनती है। उन्होंने कहा यह देश संविधान से ही चलना चाहिए, एकतंत्र से नहीं नेता। उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ भारतीय यह जनाना चाहते हैं कि राष्ट्रपती से उनका हक छीनकर आप क्या जताना चाहते हैं।

आदिवासी कॉग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जोसाय मारडी ने कहा कि आज पूरा देश का आदिवासी एवं दलित समाज मर्माहत है। भाजपा एवं प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठी प्रथम आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। इस बात को लेकर हम आदिवासी कांग्रेस के लोग झारखंड के एक-एक आदिवासी गांव और पंचायतों में जाएंगे लोगों बताने का काम करेंगे कि भाजपा आदिवासी समाज को सिर्फ चुनावी फायदे के समय याद रखती है। वहीं समय आने पर अधिकारों से वंचित करती है।

धरना कार्यक्रम में शामिल नेता

धरना कार्यक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर पूर्व विधायिका ममता देवी मोर्चा संगठन विभाग प्रभारी रविंद्र सिंह प्रदेश प्रदेश अनुशासन समिति सदस्य शमशेर आलम महासचिव विनय सिन्हा दीपू,अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसिफ , प्रदेश सचिव कमल ठाकुर, अमरेंद्र सिंह, सोशल मीडिया संयोजक गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ कॉग्रेस नेत्री रमा खलखो, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष केदार पासवान, जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, रवि मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कॉग्रेस नेता सूर्यकांत शुक्ला, देवजीत देवघरिया, मो ओवैस आजाद, शाहीद अहमद, विनोद सिंह, सुंदरी तिर्की, परवेज आलम, माधो कच्छप, कमल ठाकुर, रंजन यादव, राजू राम, सुषमा हेम्ब्रम, नारायण मुण्डा, रंजन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने किया।

वाम दलों ने मनाया काला दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। नये संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाने और उनके द्वारा उदघाटन नहीं कराये जाने के विरोध में भाकपा, माकपा ने रविवार को अल्बर्ट एक्का चौक में काला दिवस मनाया। इस दौरान भाकपा माले, मासस, प्रगतिशील लेखक संघ, आदिवासी संघ, एसटी एससी मोर्चा, पत्रकार संघ, अखिल भारतीय महिला समाज, श्रमिक संगठन के नेता मौजूद रहे।

नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराना सर्वोच्च पद का अपमान : महेंद्र पाठक

भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश में एक नया काला अध्याय जुड़ गया क्योंकि नये संसद भवन के उदघाटन के कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं करके केंद्र सरकार ने अपनी तानाशाही का परिचय दिया है। संवैधानिक तौर पर संसद भवन राष्ट्रपति की अनुमति से खुलता है। उनके अभिभाषण से ही संसद सत्र की शुरूआत होती है। उन्हीं की अनुमति से संसद का कार्यकाल चलता है। संसद के अंदर जो भी बिल पास होते हैं, वह भी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से ही कानून का रूप लेता है। इसके बावजूद नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराया जाना अपमान है।

दुनिया का सबसे बड़ा सेकुलर देश का संविधान खतरे में : रणेन्द्र

प्रगतिशील लेखक संघ के रणेन्द्र ने कहा कि लोकतंत्र को मजाक बनाकर चलने वाली केंद्र सरकार संविधान को किनारे कर रखा है। संवैधानिक मूल्यों की अवहेलना कर देश की राष्ट्रपति को किनारे कर मनमानी तरीके से संसद भवन का उद्घाटन करना किसी भी मायने में लोकतंत्र एवं संविधान के लिए शुभ संकेत नहीं है।

मौके पर हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजेंद्र रविदास के द्वारा संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर लोगों को संविधान के पाठ पढ़ाया गया और संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लिया गया। भाकपा राज्य परिषद सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि देश के राष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेंगे।

कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, इम्तियाज खान, धर्मवीर सिंह, इसहाक अंसारी, फरजाना फारुकी, प्रलेश के रणेंद्र पंकज मित्र, भुवनेश्वर केवट, एसके राय, आनंदिता, प्रगतिशील लेखक संघ के रमेंद्र, रवि भूषण, सच्चिदानंद मिश्रा, जनार्दन प्रसाद, किरण कुमारी, सुरेंद्र कुमार दीक्षित, नीरज कुमार सिंह, सज्जाद अंसारी, कृष्ण कुमार वर्मा, हसीब अंसारी, फिरोज अंसारी, राजेंद्र रविदास, एके रसीदी, शुभेंदु सेन, शहाबुद्दीन अंसारी, संजय पासवान सहित कई लोग मौजूद रहे।

खबर एक नजर में

पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग 20 जून से

रांची। जैप, आईआरबी और एसआईआरबी बटालियन के प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का 20 जून से प्रशिक्षण शुरू होगा। इन सभी बटालियन के हवलदार और एएसआई को एसआई में और एसआई को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी जानी है। प्रशिक्षण की तैयारी को लेकर आईजी ट्रेनिंग द्वारा जैप 4, जैप 5, जैप 9 और आईआरबी 9 के कमांडेंट के साथ 29 मई को बैठक होगी। इस बैठक में शौचालय, पानी, बिजली, पाठ्य सामग्री, हथियार, गोली के बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा।

30 मई को विरोध जताएंगे राजद नेता

रांची। युवा राजद की बैठक रविवार को राजद कार्यालय में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 30 मई को युवा राजद भाजपा का नौ साल देश बदहाल के रूप में मनाएगी। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि भाजपा के नौ सालों में जिस तरह महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, तानाशाही बढ़ी है। इससे देश की जनता बदहाल हो गई है। युवा राजद के द्वारा 30 मई को 12 बजे से मोरहाबादी स्थित गांधी वाटिका के समक्ष काली पट्टी बांध कर धरना दिया जाएगा।

आने वाली पीढ़ी प्रधानमंत्री के रचनात्मक और दृढ़ निश्चय स्वभाव पर गर्व करेगी : रघुवर दास

रांची। राज्य पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने भारतीय संस्कृति और वास्तुकला से सुसज्जित देश को इतना भव्य और आकर्षक लोकतंत्र का मंदिर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि आने वाली पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रचनात्मक और दृढ़ निश्चय स्वभाव पर गर्व करेगी। किसी सरकार और आम व्यक्तित्व से इतने कम समय में इतना भव्य और दिव्य एतिहासिक निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर की जयंती पर देश को यह भेंट मिल रही है। एक देशभक्त को यह सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर उन्होंने लोकतंत्र के मंदिर के निर्माण को पूर्ण करने वाले सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को भी बधाई दी है।

बदले जायेंगे कई आईएएस अधिकारी !

रांची। राज्य के कई विभागों में सचिव और निदेशक के साथ-साथ प्रमंडलीय आयुक्त तक नहीं हैं। ऐसे में आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण-पदस्थापन की तैयारी चल रही है। कुछ अधिकारियों का जून महीने में रूटीन तबादले के तहत ट्रांसफर होगा, वहीं, कई अधिकारियों को अपने कार्यो के अलावा अतिरिक्त प्रभार दिये जायेंगे। इसके लिए कार्मिक विभाग ने ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित फाइल बढ़ायी है। मुख्य सचिव के स्तर पर इसे भेजने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सहमति ली जायेगी। हाल में मिड कैरियर ट्रेनिंग में मंसूरी गये सात आईएएस अधिकारियों की जगह उनके वापस लौटने तक नये अधिकारियों को उनके विभागों की जिम्मेदारी दी जायेगी। इसके अलावा प्रमंडलीय आयुक्त सहित, आईपीआरडी सचिव, ऊर्जा सचिव, समाज कल्याण निदेशक सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी अफसरों की पोस्टिंग की जायेगी. निबंधक सहयोग समितियां, निदेशक, नगरीय प्रशासन, राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, जेएसएलपीएस के सीइओ, नगर आयुक्त रांची, निदेशक, हस्तकरध, रेशम एवं हस्तशिल्प के पदों पर अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया जायेगा।

दारोगा रतन कुमार सिंह निलंबनमुक्त

पांच माह से निलंबित थे दारोगा, कार्मिक ने जारी की अधिसूचना

रांची। देवघर जिला के इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह निलंबन मुक्त हो गए हैं। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य पुलिस स्थापना पर्षद द्वारा दिए गए आलोक में विचोपरांत इन्हें देवघर जिला बल से गढ़वा जिला बल में तबादला किया गया है। इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह पिछले 5 माह से निलंबन की अवधि में चल रहे थे। दुमका डीआईजी ने उनके खिलाफ यह कार्रवाई की थी। डीआईजी ने यह कार्रवाई पंजाब नेशनल बैंक के गार्ड के साथ हुए हाथापाई मामले का वीडियो वायरल होने के बाद की थी। उस वक़्त यह मामला तूल पकड़ा था।

डीजीपी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके साथ ही रतन कुमार सिंह का ट्रांसफर गढ़वा कर दिया गया है। वहीं उनके उपर चल रहे प्रोसिडिंग पर अब अंतिम निर्णय कोलहान के डीआइजी अजय लिंडा लेंगे। पहले ये मामला संताल परगना के डीआइजी के अंडर में था। बताया जाता है कि पुलिस एसोसिएशन की केन्द्रीय कमेटी के सदस्यों ने डीजीपी से मिलकर मामले को उनके समक्ष रखा था। वहीं मामले में न्याय दिलाने की मांग की थी। निलंबनमुक्त करने के साथ ही उनके तबादला की भी मांग की गई थी। बताया जाता है कि डीजीपी ने सभी तथ्यों पर गौर करने के बाद अपना निर्णय लिया है। जानकारी हो कि दो जनवरी को बैंक जांच के क्रम में गार्ड के साथ हाथापाई किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद संताल परगना डीआइजी ने रतन कुमार सिंह को तीन जनवरी को निलंबित कर दिया था। निलंबन के करीब पांच माह बाद रतन कुमार सिंह निलंबनमुक्त हुए हैं। इस घटना को लेकर उनके खिलाफ विभागीय प्रोसिडिंग अभी चल रहा है।

जांच में आ गयी आंच...

कई मामलों की जांच में सीआइडी पिछड़ी एसीबी भी पूरा नहीं पूरी कर पायी जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार में पदस्थापित जांच एजेसियां जांच के मामले में फिसडडी होती जा रही है। सीआईडी और एसीबी झारखंड सरकार की बड़ी जांच एजेंसी है। इन पर बड़े- बड़े मामलों की जांच की जिम्मेवारी है, लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि तीन वर्षों के दौरान इन दोनों एजेंसियों ने कई बड़े मामलों में टेकओवर तो किया, लेकिन समय पर जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी।

ये हैं चर्चित मामले

- गिरिडीह जिले में बंद पड़े ब्रम्हडीहा कोल ब्लॉक से दो हजार टन कोयला चोरी के मामले में सीआइडी ने 2021 में मामला अपने हाथ में लिया था, लेकिन नतीजा अबतक सिफर है।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूर्व ओएसडी गोपाल जी तिवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने प्रारंभिक जांच (पीई) करने के साथ ही 30 जुलाई 2020 को जांच शुरू कर दी थी। उनपर पद का दुरुपयोग कर गलत तरीके से रुपये कमाने, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने, उनपर जमीन, फ्लैट आदि क्षेत्रों में करीब 21.55 करोड़ रुपये के निवेश करने और अनधिकृत रूप से विदेश यात्रा का आरोप है।
- स्वास्थ्य विभाग ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की गैरजरूरी दवाओं की खरीद और उसे गोदाम में सड़ाने के मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 14 अक्टूबर 2020 से ही शुरू हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर एसीबी ने इस मामले में पीई दर्ज किया था। 20 सितंबर को सीएम ने 50 करोड़ के गैरजरूरी दवाओं की खरीद व उसकी बबार्दी के मामले में एसीबी जांच के आदेश दिए थे। नतीजा सिफर है।
- लातेहार में मगध-आम्रपाली कोल परियोजना के प्रोजेक्ट अफसर की शिकायत पर बालूमाथ इलाके में कोयला तस्करी की जांच सीआइडी कर रही है। सीआइडी ने लातेहार पुलिस के एसआइटी द्वारा की गयी जांच में आये तथ्यों के आधार पर केस को टेकओवर किया है, नतीजा बेनतीजा है।
- हजारीबाग जिले के आरटीआई एक्टिविस्ट राजेश मिश्रा को अफीम और ब्राउन शुगर के आरोप में जेल भेजा गया था। 3 मार्च को हजारीबाग के लोहसिंघिया थाने की पुलिस ने राजेश मिश्रा को नारकोटिक्स पदार्थ के साथ पकड़े जाने के बाद जेल भेजा था। पुलिसिया जांच में यह बात सामने आयी थी कि भू-माफियाओं और जिला प्रशासन के कर्मियों की मिलीभगत से राजेश मिश्रा को फंसाया गया था। यह मामला भी अबतक लंबित है।

फिर जदयू में शामिल हुए बिगा मिंज खीरू महतो ने किया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रदेश जदयू कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में पूर्व कांग्रेसी और आदिवासी नेता बिगा मिंज जदयू में शामिल हुए। उन्हें जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने दल की सदस्यता ग्रहण कराई। बिगा मिंज के जदयू में शामिल होने पर जदयू नेता श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, उपेन्द्र सिंह, आशा शर्मा, संजय सिंह, रामजी प्रसाद एवं अन्य ने उन्हें माला पहना कर दल में उनका स्वागत किया। खीरू महतो ने उन्हें बधाई देते कहा कि बिगा मिंज पूर्व में भी उनके साथ काम कर चुके हैं। पार्टी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं। अब मूल पार्टी में उनका योगदान लेंगे। इनके आने से आदिवासी समुदाय के लोगों का रुझान पार्टी की ओर बढ़ेगा और पार्टी का संगठन इनके सहयोग से रांची जिला में धारदार होगा।

सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात बिगा मिंज ने कहा कि उन्होंने घर वापसी की है। खीरू महतो और पार्टी उनसे जो अपेक्षा करती है, वह उसपर खरा उतरेंगे। इटकी, बेड़ो, मांडर, चानहो और लापूंग में जदयू को मजबूत करेंगे। श्री मिंज के साथ प्रमुख रूप से राम महली, दशरथ साहू, जूलफम अंसारी, बिगा ऊराव, तफज्जुल मंसूरी, सिद्दीक अंसारी, गुप्तेश्वर साहू एवं अन्य ने भी जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

एक ही केंद्र पर फार्मासिस्ट की परीक्षा लिये जाने से विद्यार्थियों में नाराजगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डिप्लोमा इन फामेर्सी के तीन सत्रों की परीक्षा 29 मई से 3 जून तक होनी है। इसके लिए पूरे राज्य में एक सेंटर बनाया गया है। बताया जा रहा है कि इस परीक्षा में 10000 छात्र शामिल होंगे। इसके लिए पावर ग्रिड रोड नामकुम स्थित वाईबीएन विश्वविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परंतु परीक्षा केंद्र तक आने-जाने की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण परीक्षार्थी परेशान हैं। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय के आसपास मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। नतीजा, परीक्षा केंद्र तक आने-जाने में उन्हें परेशानी होगी। हालांकि परीक्षा केंद्र तक आने-जाने के लिए छात्रों को चार बसें दी गयी हैं। इनमें दो बस कांटाटोली और दो बस टाटीसिल्वे चौक से खुलेगी। परंतु परीक्षार्थियों का कहना है कि 10000 छात्रों के लिए यह सुविधाएं नाकाफी है।

हेल्थ कमिश्नर और हेल्थ सेक्रेट्री के पास रखें अपनी समस्या : छात्र अपनी समस्याओं को लेकर फामेर्सी काउंसिल के एग्जामिनेशन कमिटी के मेंबर सेक्रेट्री कौशलेंद्र कुमार से मिले लेकिन उन्होंने पल्ला झाड़ लिया कि परीक्षा केंद्र निर्धारित करना उनका काम नहीं है। इसके लिए कमेटी बनी हुई है। उन्होंने छात्रों से अपनी समस्याओं को हेल्थ कमिश्नर और हेल्थ सेक्रेट्री के पास रखने का सुझाव दिया। कमेटी में हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता, हेल्थ सेक्रेट्री अरुण सिंह और उसके बाद भी कई पदाधिकारी शामिल हैं। वह तो सिर्फ मेंबर सेक्रेट्री हैं। इसलिए परीक्षा केंद्र निर्धारित करना उनका काम नहीं है।

आज से जमा किये जायेंगे ऑनलाइन एप्लीकेशन

झारखंड कंबाइंड की परीक्षा 9 जुलाई को होगी, 20 जून तक कर सकते हैं आवेदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कंबाइंड एंटरेंस कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन बोर्ड (जेसीईसीईबी) 9 जुलाई को झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन आयोजित करेगा। इसके लिए 29 मई से ऑनलाइन के माध्यम से एप्लीकेशन जमा लिये जायेंगे। एप्लीकेशन झारखंड कंबाइंड की वेबसाइट पर जाकर सबमिट करना होगा। यहां एडमिशन चयन परीक्षा के जरिये होता है।

महत्वपूर्ण तिथियां :

ऑनलाइन एप्लीकेशन भरने की शुरूआत 29 मई 2023 है जबकि ऑनलाइन एप्लीकेशन भरने की आखिरी तिथि 20 जून 2023 निर्धारित है। वहीं आवेदन की गड़बड़ियों में सुधार के लिए 21 जून और 22 जून निर्धारित है। इसके बाद झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन 9 जुलाई 2023 को आयोजित होगी।

रांची और दुमका में होंगे परीक्षा केंद्र : एग्रीकल्चर और इससे जुड़े पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए ली जाने वाले झारखंड कंबाइंड की परीक्षा के लिये रांची और दुमका में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। एग्जामिनेशन ऑफलाइन मोड में होगा। वैसे उम्मीदवार जो सामान्य, इडब्ल्यूएस, बीसी-1 और बीसी-2 में आते हैं और वे पीसीएस और पीसीबी ग्रुप के लिए फॉर्म भरते हैं तो उन्हें 900 रुपये परीक्षा फीस देनी होगी। इसी श्रेणी के पीसीएमबी ग्रुप में फॉर्म भरने वाले को 1000 रुपये देना होगा। एसटी-एससी और किसी भी श्रेणी की महिला उम्मीदवार को पीसीएस-पीसीबी ग्रुप के लिए 450 और पीसीएमबी के लिए ₹500 रुपये लगेंगे। दिव्यांग उम्मीदवारों को कोई फीस नहीं देनी होगी।

इन कोर्सों में मिलेगा एडमिशन

बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी फॉरेस्ट्री, बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी, बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, बैचलर ऑफ फिशरी साइंस, बीएससी हॉर्टिकल्चर में दाखिले लिये जायेंगे।

बीएयू में विभिन्न कोर्स में सीटों की संख्या

कृषि कॉलेज कांके : 80, वेटनरी कॉलेज : 60, फॉरेस्ट्री कॉलेज : 50, गढ़वा, देवघर व गोड्डा के एग्रीकल्चर कॉलेज : 150, हार्टिकल्चर (खूंटपानी,चाईबासा) : 50, फिशरीज साइंस (गुमला) : 30 और डेयरी टेक्नोलाजी : 30 सीट पर दाखिले लिये जायेंगे।

276 सरकारी हाई स्कूलों में सिर्फ एक में हेडमास्टर, अन्य प्रभार में

सरकारी स्कूलों में 110 बच्चों पर एक शिक्षक

इन स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं लगभग 94674 विद्यार्थी

सुधीर

रांची। झारखंड में शिक्षकों की कमी के कारण सरकारी हाई स्कूलों में पठन-पाठन बूरी तरह से प्रभावित है। हेमंत सरकार इसे रोज सुधारने में लगी है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से शिक्षा के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन शिक्षकों की कमी के चलते स्कूलों में पढ़ाई के स्तर सुधर नहीं पा रहा है। हालत यह है कि रांची जिला के हाई स्कूलों में स्वीकृत पद से आधे शिक्षक ही अध्यापन का कार्य कर रहे हैं। जिले में कुल 276 सरकारी हाई स्कूल हैं। इनमें 139 हाई स्कूल और 37 प्लस टू स्कूल हैं। इन विद्यालयों में लगभग 94674 विद्यार्थी नामांकित हैं। जानकारी के मुताबिक, जिले के सरकारी हाई स्कूलों में शिक्षकों के कुल 1648 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इसके मुकाबले 863 शिक्षक ही कार्यरत हैं। इस हिसाब से देखा जाये तो 110 छात्रों पर सिर्फ 1 शिक्षक हैं। 278 स्कूलों में केवल एक ही हेडमास्टर हैं। शेष अन्य स्कूलों में प्रभारी शिक्षक हेड मास्टर का काम देख रहे हैं।

बताते चलें कि हाल ही में हेमंत सरकार ने स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए 3469 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया है। इनमें 279 शिक्षक रांची जिले को भी मिले हैं।

किस विषय में कितने स्वीकृत पद और कितने हैं शिक्षक

टीचर ट्रांसफर पोर्टल के अनुसार, रांची जिला के हाई स्कूलों में हिंदी में स्वीकृत पद 153 हैं, 114 शिक्षक पदस्थापित हैं। इसी तरह इंग्लिश में स्वीकृत पद 154 के मुकाबले 117 कार्यरत हैं। संस्कृत में स्वीकृत पद 138 है, लेकिन सिर्फ 27 कार्यरत हैं। बांग्ला में स्वीकृत पद 2 है। 2 शिक्षक कार्यरत हैं। उर्दू में स्वीकृत पद 29 में से 23, पंचपरगनिया में स्वीकृत पद 8 में से 6, कुड़माली में स्वीकृत पद 10 में से 8, मुंडारी में स्वीकृत पद 5 में से 5, मैथ/फिजिक्स में स्वीकृत पद 189 में से 78, केमेस्ट्री/बाइलॉजी में स्वीकृत पद 166 में से 74 शिक्षक कार्यरत हैं। इसी तरह इतिहास व नागरिक शास्त्र में स्वीकृत पद 192 है, जिसमें से 65 कार्यरत हैं। भूगोल में स्वीकृत पद 142 में से 114, अर्थशास्त्र में स्वीकृत पद 136 में से 107, फिजिकल शिक्षा में स्वीकृत पद 121 में से 71, होम साइंस में स्वीकृत पद 25 में से 26, म्यूजिक में स्वीकृत पद 3 में से 3 और कॉमर्स में स्वीकृत पद 39 में से 13 शिक्षक कार्यरत हैं।

नहीं हो रही है बहाली रद्द हो चुके विज्ञापन

झारखंड में स्थानीय नीति नहीं होने के कारण शिक्षकों की बहाली नहीं हो पा रही है। कई बार रिक्तियां निकाली गई, लेकिन किसी न किसी गलती के कारण विज्ञापन रद करना पड़ा है। हालांकि इसको लेकर आंदोलन भी होते रहे हैं। हाल में 60-40 पॉलिसी के तहत पीजीटी शिक्षकों के लिए रिक्तियां निकाली गयी है। लेकिन इसको लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम का जगरूकता शिविर आज

रांची। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, झारखंड द्वारा नियोक्ताओं के साथ जागरूकता शिविर का आयोजन आज चेंबर भवन में आयोजित किया गया है। इस शिविर में निगम के राजीव रंजन (क्षेत्रीय निर्देशक) विभाग के कई पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे। शिविर में नियोजकों की बीमा योजना से संबंधित समस्याओं, कर्मचारियों के पंजीकरण के अलावा पंजीकरण के समय आधार आरोपण पर भी चर्चा की जाएगी। श्रम व मापतोल उप समिति के चेयरमैन प्रमोद सारस्वत ने सभी नियोक्ताओं से आग्रह किया है कि विभाग द्वारा आयोजित इस जागरूकता शिविर में आप उपस्थित होकर शिविर का लाभ अवश्य लें।

स्पीड न्यूज

कांग्रेस ने फूंका पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में साकची गोलचक्कर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम आक्रोश के साथ कांग्रेसजनों ने किया। जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता में पुतला दहन कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

संसद भवन के समारोह में नहीं गया विपक्ष : राकेश

जमशेदपुर। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने नए संसद भवन के उद्घाटन पर कहा की यह मोदी जी के हट भवन का उद्घाटन है उनकी हठधर्मिता के कारण देश की विपक्षी पार्टियों ने इसके लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत नहीं किया।

खड़े ट्रक से जा टकराया ट्रक, एक घन्टे तक केबिन में फंसा रहा चालक

गम्हरिया। कांड्रा थाना अंतर्गत गिद्दीबेड़ा टॉल प्लाजा के समीप दो ट्रको के बीच हुई सीधी टक्कर में एक ट्रक का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद एक ट्रक का चालक स्टेयरिंग केबिन में फंस गया। जबकि दूसरे ट्रक का चालक बाल बाल बच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस द्वारा क्रेन और जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद फंसे चालक को बाहर निकाल कर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

भाजयुमो गोलमुरी के कार्यकर्ता केंद्र की उपलब्धियों को घर-घर ले जायेंगे

जमशेदपुर। भाजयूमो गोलमुरी मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष नवजोत सिंह सोहल की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। गोलमुरी मंडल क्षेत्र अंतर्गत कैलाशनगर स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के कल्याणकारी 9 साल को सेवा एवं समर्पण के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया।

धतकीडीह मैदान में क्रिकेट टूनार्मेंट का विजेता बना एनएसयू

जमशेदपुर। रविवार को धातकीडीह ग्राउंड में नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के रोटरी क्लब ऑफ सोशल क्रू की ओर से एक दिवसीय टी – 10 प्रारूप क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए।

नारायण आइटीआई में याद किए गए दामोदर सावरकर

जमशेदपुर। आज नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में दामोदर सावरकर विनायक की जयंती मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डाक्टर जटा शंकर पांडे ने कहा कि दामोदर सावरकर (जन्म: 28 मई 1883 – मृत्यु: 26 फरवरी 1966) भारत के क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाजसुधारक, इतिहासकार, राजनेता तथा विचारक थे। उनके समर्थक उन्हें वीर सावरकर के नाम से सम्बोधित करते हैं।

अजीत व आर्या कि जोड़ी झारखंड में मचाएगी धूम

जमशेदपुर। लौहनगरी अब तेजी से फिल्म व म्यूजिक इंडस्ट्री की ओर आगे बढ़ रही है। शहर में लगातार फिल्म व वीडियो एलबम की शूटिंग हो रही है। अब जल्द ही देश के महान उद्योगपति रतन टाटा पर गीत गाकर मशहूर हुए झारखंड–बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन व देश के मशहूर संगीतकार आर्या शर्मा एक साथ काम करते नजर आएंगे। इसे लेकर रविवार को बिष्टुपुर में एक बैठक भी की गई। आर्या शर्मा फिलहाल शहर में हैं। वे एक नए प्रोजेक्ट को लेकर मुंबई से जमशेदपुर आए हैं। आर्या भोजपुरी स्टार पवन सिंह व खेसारी लाल यादव के लिए भी काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अब यहां वीडियो व फिल्म का निर्माण भी होने लगा है।

धातकीडीह गांव में निश्चय की अगुवाई में महिलाओं ने मनाया माहवारी महोत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर / घाटशिला, 28 मई 2023 : विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के मौके पर सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय धातिकीडीह के संयुक्त तत्वाधान में धातिकीडीह गांव में मासिका महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान विद्यालय की स्वच्छता दूत बच्चियों ने गांव के प्रत्येक घर घर जाकर किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी के प्रति शर्म झिझक तोड़ने व माहवारी के दौरान स्वच्छता हेतु सैनिटरी पैड इस्तेमाल करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को पर्यावरण अनुकूल रियूजेबल सैनिटरी पैड का उपहार भी दिया। महोत्सव के दौरान बच्चों के साथ झारखंड के पैडमैन के नाम से जाने जाने वाले निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार, उमवि धातिकीडीह के प्रधानाध्यापक साजिद अहमद, बैद्यनाथ हांसदा, शुभम सिंह सेंगर व अन्य मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया की माहवारी स्वास्थ्य के प्रति व्यापक जागरूकता लाने हेतु 28 मई को समूचे विश्व में माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। धातिकीडीह गांव की जागरूक बच्चियां माहवारी स्वच्छता जागरूकता को लेकर उल्लेखनीय प्रयास कर रही है।

स्वर्णरेखा और खरकई बचाओ फोरम बनायेंगे विधायक सरयू राय

विशेष संवाददाता

दोनों नदियों को स्वच्छ बनाने को नदी संरक्षण अभियान लांच करेंगे

जमशेदपुर। जमशेदपुर की जीवनरेखा खरकई और स्वर्णरेखा के संरक्षण के लिए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की अगुवाई में विभिन्न राजनितिक दलों और समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की एक परिचर्चा का आयोजन बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक एवं पर्यावरणविद् सरयू राय ने कहा कि स्वर्णरेखा और खरकई को भी नगरीय और उद्योगीक प्रदुषण से मुक्त करने के लिए अभियान चलाना होगा। स्वर्णरेखा बचाओ-खरकई बचाओ फोरम बनाकर अभियान चलाना होगा। जल संकट दिन - प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। श्री राय ने ऐलान किया दिनांक 5 जुन को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वर्णरेखा-खरकई नदी को प्रदुषण मुक्त करने की मांग पर जमशेदपुर के आम नागरिकों के साथ सांकेतिक धरना का आयोजन किया जाएगा। विधायक सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर शहर का अस्तित्व स्वर्णरेखा और खरकई दोनो नदियों से है। पिछले कई वर्षों से कई बस्तियाँ नदियों के आस पास बसीं है। नदी की पानी में प्रदुषण बढ़ते जा रहा है। धीरे धीरे नदी का पीने का पानी उपयोग के लायक नहीं रह गया है। उद्योगों की गंदगी सीधे नदियों में प्रवाहित हो रही है। घनी आबादी के बीच से जो नाले निकलते है उसका जल बिना साफ किए सीधे नदियों में जा रहा है। खरकई नदी वर्तमान में पुरी तरह से स्थिर हो गई है। ओडिशा डैम से पानी नहीं मिल रहा है। इंचा डैम और सतनाला डैम बनाने की योजना

नदी संरक्षण पर बुलायी बैठक को संबोधित करते विधायक सरयू राय।

थी लेकिन डैम निर्माण का कार्य नही होने के कारण नदियों को उचित जल प्रवाह नहीं मिल पा रहा है। विधायक ने कहा कि नदी के किनारे अधिक संख्या में घरों का निर्माण होने से घरों का पानी सीधे नाले में होकर नदी में जा रहा है। जिन उद्योगों का पानी सीधे नदी में जा रहा है उन्हें शुद्ध कर नदी में प्रवाहित करने की आवश्यकता है, और जिन घरों का पानी सीधे नालों में जा रहा है वहाँ सरकार को सौकपीट बनाना चाहिए। नदियों के जल को निर्मल और अविरल बनाने की आवश्यकता है। आज खरकई की अविरलता समाप्त हो गई है। खरकई नदी में नई तरह की जलकुम्भी उत्पन्न हो गई है। नदियों में कीड़े पनप रहे हैं जिसे नष्ट करना एजेंसियों के बस के बाहर है। नदियों को साफ करने के लिए जनता की भुमिका क्या हो सकती है इसपर मंथन करना होगा। सरयू राय ने बताया कि वर्ष 2004 में दामोदर बचाओ अभियान चलाया गया। उस समय पावर प्लांट की छाई सीधे नदी में प्रवाहित की जा रही थी। सरकार और उद्योगों से वार्ता हुई, भारत सरकार से सहयोग लिया गया और पीछले तीन वर्षों में दामोदर को उद्योगीक प्रदुषण से पुरी तरह से मुक्त कर लिया गया। नगरीय प्रदुषण से मुक्त करने के लिए भारत सरकार के सौजन्य से नमामी गंगा प्रोजेक्ट के तहत झारखंड में तीन जगह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। इस अवसर पर जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव, आदित्यपुर नगर निगम के अधिकारी, जेएनएसी के द्वारा बहला कंसल्टेंट उपस्थित हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बांटे घुघनी और शर्बत

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के द्वारा सिख पंत के पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को स्मरण करते हुए आम जनमानस व राहगीरों के लिए गोलमुरी साकची मुख्य मार्ग पर छबील (चना प्रसाद व मीठे शर्बत) का सेवा शिविर लगाया। सेवा शिविर का शुभारंभ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रघुवर दास भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह व दिनेश कुमार, व झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह राजा ने किया। गुरु महाराज जी के चरणों में अरदास कर व गुरु अर्जुन देव जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा , तेजिंदर सिंह जोनी व बंटी सिंह ने किया एवं अरदास सरदार जसवंत सिंह ने की। इस छबील के सेवा शिविर में सेंट्रल गुरुद्वारा के प्रधान सरदार भगवान सिंह , सरदार शैलेन्द्र सिंह, खादी बोर्ड के राष्ट्रीय सदस्य मनोज सिंह, क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, टिनप्लेट गुरुद्वारे के नव निर्वाचित प्रधान सुरजीत सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, परविंदर सिंह सोहल, रजनीश सिंह, तरकंपनी गुरुद्वारा के प्रधान अमरजीत सिंह, बारीडीह के प्रधान कुलविंदर सिंह, बलवंत सिंह, कश्मीरा सिंह, सुरिंदर सिंह शिदे, बलविंदर सिंह, सैनिक परिषद से सुशील सिंह, राजीव सिंह, भाजपा नेता मिथलेश सिंह यादव, हलधर नारायण साह, कल्याणी शरण, भूपेन्दर सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, टुन टुन सिंह, विष्णु कैवर्त, विकास सिंह, राजपति देवी, धर्मेन्द्र प्रसाद, बिमल बैठा, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, विमलकांत झा, जोगिंदर सिंह जोगी, आशीष राय, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, सुरेश शर्मा, ध्रुव मिश्रा, संतोष ठाकुर, हेमन्त सिंह, बबलू गोप, रमेश नाग, पप्पू मिश्रा, प्रोबिर चटर्जी राणा, श्रीराम प्रसाद, चंचल चक्रवर्ती, रंजीत सिंह, सतीश शर्मा, सरबजीत कौर, चंचल भाटिया, इंदर सिंह, रंजीत सिंह, पिंटू सिंह, राकेश राव, युवराज सिंह, हेमंत साहू एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

घुघनी बांटते पूर्व सीएम रघुवर दास।

नए संसद भवन के लोकार्पण पर पीएम को रघुवर दास ने दी बधाई

जमशेदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजाद भारत में बना पहला संसद भवन देश को समर्पित कर दिया है। रविवार को पारंपरिक परिधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन का उद्घाटन किया। नए संसद भवन के लोकार्पण पर भाजपा ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और पीएम नरेंद्र मोदी एवं देश की जनता को बधाई दी। नए संसद भवन के लोकार्पण पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारतीय संस्कृति और वास्तुकला से सुसज्जित इतना भव्य और आकर्षक लोकतंत्र का मंदिर देश को देने के लिए झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की ओर से बधाई दी और जोहार किया।

मस्ती की पाठशाला को कारपोरेट मदद से किया सुविधाओं से लैस

खबर मन्त्र ब्यूरो

तीन पाठशालाओं में लगा सौर पैनल, फील्ड समन्वयकों को मिला ई-स्कूटर

जमशेदपुर। गत 27 मई को टाटा स्टील फाउंडेशन ने क्रेडिट एग्रीकोल कॉरपोरेट एंड इंवेस्टमेंट बैंक (सीए-सीआईबी) के सहयोग से तीन मस्ती की पाठशाला केंद्रों पिपला, राजनगर और सरजमदा में सौर पैनल स्थापित किए। टीएसएफ और सीए-सीआईबी सहयोग से कई ई-स्कूटरों को मुहैया कराकर फील्ड समन्वयकों को गतिमान होने में सक्षम बनाया गया, जो गांवों में कई कार्यक्रमों की देखरेख करते हैं।

हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी ऐसे मोड़ पर हुई है जहां टाटा स्टील फाउंडेशन की शिक्षा टीम कार्बन रेजिलिएंट बनने और दैनिक उपयोग के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के लिए सचेत प्रयास कर रही है। सौर पैनल कई छात्रों को लाभान्वित करेंगे जो विशेष रूप से गर्मियों के दौरान बिजली संकट का सामना करते हैं। ये पहल यह भी सुनिश्चित करेगा कि पढ़ने के घंटे प्रभावित न हों और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। ई-स्कूटर टीएसएफ में सिग्नेचर प्रोग्राम एजुकेशन के फील्ड कोऑर्डिनेटर्स के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है, जिन्हें अक्सर उपलब्ध परिवहन की कमी के कारण देरी का सामना करना पड़ता था। इस अवसर पर अपने संबोधन में, टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय ने कुछ सेफ्टी रिमाइंडर साझा करते हुए कहा, यह खुशी का एक बड़ा क्षण है क्योंकि हमने न केवल आवागमन की समस्या का समाधान ढूंढ लिया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह पर्यावरण के अनुकूल हों। हालाँकि, सुरक्षा नियम हम सभी के लिए सबसे पहले आते हैं और अगर कोई ई-स्कूटर चला रहा है तो भी इसका ध्यान रखना जरूरी है। इस सार्थक साझेदारी के साथ, हम यह सुनिश्चित करने की आशा करते हैं कि हमारे फील्ड स्टाफ के लिए कोई भी कार्य विलंबित या दुर्गम न हो, जो काम पूरा करने के लिए अपनी सामान्य दिनचर्या से ज्यादा प्रयास करते हैं। कमिंस इंडिया फाउंडेशन के साथ सहयोग इस अवसर में और मील का पत्थर जोड़ता है, जिन्होंने टीएसएफ के परिचालन क्षेत्रों में से एक, पिपला में शौचालय ब्लॉकों के निर्माण और विकास में सहायता की है। पिपला जमशेदपुर के उपनगरीय इलाके में स्थित एक आवासीय ब्रिज कोर्स सेंटर है जिसमें 100 लड़कियां रहती हैं। पहले केंद्र में कुछ ही शौचालय थे जिससे लड़कियों के लिए दैनिक स्वच्छता बनाए रखना मुश्किल हो जाता था। कमिंस इंडिया फाउंडेशन मुख्य रूप से कौशल विकास और शिक्षा (बुनियादी ढांचा पोर्टफोलियो) के साथ टीएसएफ के लिए लंबे समय से साझेदार है। 1990 में एक स्वतंत्र कानूनी इकाई के रूप में स्थापित, कमिन्स इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व के प्रति कमिन्स की प्रतिबद्धता को चैनलाइज करता है।

फील्ड समन्वयकों को ई-स्कूटर से रवाना करते टाटा स्टील फाउंडेशन के सीइओ सौरव रॉय, बच्चियों से बात करते सौरव रॉय।

पार्टनर में शामिल हैं: सीए-सीआईबी (सौर पैनल, डिजिटल सक्षमता और ई-स्कूटर) और कमिंस इंडिया फाउंडेशन (टॉयलेट ब्लॉक)।

मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम बच्चों की सीखने की क्षमता में जबरदस्त उन्नति का अनुभव कर रहा है। इस कार्यक्रम से जुड़े प्रत्येक बच्चे का शैक्षणिक प्रदर्शन हर गुजरते दिन बढ़ रहा है। बच्चे सीमित संसाधनों और सुविधाओं के साथ अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

मस्ती की पाठशाला में सौर पैनल: मस्ती की पाठशाला को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए, हमने सभी 3 मस्ती की पाठशालाओं में सोलर पैनल स्थापित किया है; पिपला, राजनगर और सरजमदा। बाहरी इलाके में होने के कारण, एमकेपी को विशेष रूप से गर्मियों में बहुत अधिक बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। एक आवासीय सुविधा होने के कारण, यह एमकेपी छात्रों के जीवन को कठिन बना देगा। इसने सीखने के घंटों को प्रभावित नहीं किया है बल्कि सुविधाओं के समग्र कामकाज को भी प्रभावित किया है। सोलर फैसिलिटी ने न केवल आवश्यक बिजली की कमी को पूरा किया है बल्कि इस समस्या के लिए एक स्वच्छ ऊर्जा समाधान भी प्रदान किया है। इसने उद्यम स्तर पर सस्टेनेबिलिटी के पहलू को भी बढ़ाया है। ई-स्कूटर: यह स्पष्ट है कि मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम अपनी स्थापना के समय से ही अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। पहुंच बढ़ने के साथ निगरानी और पर्यवेक्षण की जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। पहले टीम और फील्ड कोऑर्डिनेटर्स टीएफएफ द्वारा प्रदान किए गए परिवहन पर निर्भर थे। इसने एक ही बार में विभिन्न कार्यक्रमों की निगरानी और पर्यवेक्षण में बाधा उत्पन्न की। इसके अलावा, वार्षिक परिवहन लागत में भी वृद्धि हुई थी। ई-स्कूटर ने फील्ड कोऑर्डिनेटर को कार्यक्रम के हर पहलू तक पहुंचने और उन्हें ठीक से निगरानी और पर्यवेक्षण करने में मदद करने में सक्षम बनाया है। यह कार्यक्रम में हमारे वाहन के उपयोग को भी कम करेगा और परिवहन के लिए वार्षिक व्यय को कम करेगा।

डिजिटल उन्नतिः मिश्रित शिक्षा एक वास्तविकता बन रही है और इसके लिए छात्रों की पहुंच के भीतर डिजिटल बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एक समूह और आसानी से सुलभ गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को सक्षम और विस्तारित करता है। सीखने की क्षमता में सुधार करने और सीखने को समान रूप से और डिजिटल रूप से सुलभ बनाने के लिए, बच्चों और शिक्षकों को टैबलेट, लैपटॉप और प्रिंटर दिए गए हैं। इन माध्यमों को देखते हुए वे विभिन्न विषयों, पाठों, अध्यायों, पीडीएफ, अपनी परियोजनाओं के लिए अध्ययन सामग्री, परीक्षण, असाइनमेंट, शोध, ऑनलाइन कक्षाओं, तदनुसार समीक्षा बैठकों तक पहुंच बना रहे हैं। इसने मस्ती की पाठशाला में फैसिलिटेटर्स, ऑब्जर्वर्स, मॉनिटर्स और लर्निंग फैसिलिटेटर्स की निरंतर क्षमता निर्माण को बढ़ाया है। इसने मस्ती की पाठशाला के बच्चों को बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच के साथ बेहतर सीखने के लिए वातावरण सक्षम किया है।

एक नजर में

लोकसभा चुनाव में महागठबंधन धर्म का होगा पालन : चम्पई सोरेन

गम्हरिया। झामुमो जिला कमेटी की संयुक्त बैठक गम्हरिया स्थित होटल एवेन्यू में जिलाध्यक्ष डॉ0 शुभेंदु महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कार्यकताओं को चुनावी मिशन के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारी अधिक से अधिक कार्यकताओं को पार्टी से जोड़ें।

नया संसद भवन देश के बढ़ते आत्मविश्वास और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक: कुणाल

जमशेदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन के लोकार्पण पर भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नया संसद भवन भारत की गौरवशाली परंपरा को साथ रखकर वैश्विक चुनौती का सामना किस प्रकार करेगी उसकी एक झलक है। नया संसद भवन बताता है कि भारत आत्मविश्वास से कितना लबरेज है। नया संसद भवन यह बताता है कि भारत विश्व गुरु बनने की राह में कितनी तत्परता और समर्पण के साथ आगे निकल चुका है। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि ढाई वर्ष से भी कम समय में आधारभूत संरचना, आधुनिकता को साथ लेकर और जिस भव्यता के साथ देश की गौरवशाली संस्कृति को समाहित करते हुए इसका लोकार्पण किया गया, उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सभी देशवासियों को बधाई।

लड़काडीह में महिला छऊ नृत्य कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक रामदास

मुसाबनी। तेरंगा ग्राम के लड़काडीह टोला में शनिवार को मूल निवासी समिति द्वारा आयोजित एक रात्रि महिला छ नृत्य एवं डांस धमाका में बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला विधानसभा के लोकप्रिय विधायक रामदास सोरेन पहुंचे। सर्वप्रथम सीमा महतो महिला समिति द्वारा प्रस्तुत आकर्षक महिला छऊ नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक रामदास सोरेन के द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पहले कार्यक्रम में कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि रामदास सोरेन विशिष्ट अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन झामुमो जिला कोषाध्यक्ष काली पोदो गोराई सोशल मीडिया प्रभारी गौरांग माहली झामुमो नेता बिक्रम मुर्मू तेरेंगा पंचायत अध्यक्ष सुनील किस्कू व माटीगोड़ा पंचायत अध्यक्ष अशोक दास समेत सभी अतिथियों का माला देकर एवं बेच लगाकर सम्मानित किया गया।

मृत जमुना कालिंदी के परिजनों को अभी तक नहीं मिला मुआवजा

जमशेदपुर। एक सप्ताह पूर्व कदमा के जयप्रभा कंपलेक्स के समीप स्थित बस्ती में तेज तूफान आने से लिप्टस का पेड़ गिर जाने के कारण बारिश के वजह से घर में छिपी दो बहनों में बड़ी बहन जमुना कालिंदी का मौके में ही निधन हो गया था जबकि छोटी बहन आंशिक रूप से घायल हुई थी। घटना बहुत बड़ी और भयावक होने के कारण बस्ती वासियों को पूरा भरोसा था कि इतनी बड़ी घटना बस्ती में घटित हुई है जिला प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय विधायक सह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जो बस्ती के बिल्कुल बगल में रहने वाले हैं वह मामले को गंभीरता से लेंगे दोबारा घटना ना घटे इसके लिए बस्ती में मौजूद और दो पेड़ों की कटाई अभिलंब करने के साथ-साथ पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधक के द्वारा तत्कालिक आर्थिक मुआवजा का प्रबंध करेंगे।

आत्मशांति यज्ञ समिति की बैठक में याद किए गए सावरकर

जमशेदपुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को बिष्टुपुर स्थित श्रीकृष्ण सिंहा संस्थान में भागीरथवंशी महाशहीद आत्मशांति यज्ञ समिति की एक बैठक यज्ञ समिति के संरक्षक हरिबल्लभ सिंह आरसी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में यज्ञ के सफल संचालन के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई । आज के बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 31 मई को प्रातः 9:30 बजे आदित्यपुर जय प्रकाश उद्यान स्थित यज्ञ स्थल पर महावीर जी का ध्वज लगाया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास शुरू किया गया

जमशेदपुर। पतंजलि युवा भारत के तत्वावधान में परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर, बिस्टुपुर में आयोजित सप्ताहिक योग प्रशिक्षण शिविर के क्रम में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास शुरू किया गया। योग प्रशिक्षक व पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रातः जागरण से रात्रि बेला में शयन तक सजगता पूर्वक व्यवहार ही योग है। दूसरे शब्दों में योग सजगता का विज्ञान है। योग व्यक्ति को सजग एवं जागरूक बनाता है तथा जीवन में खुशहाली लाता है।

हल्दीपोखर में लॉटरी धंधा पर रोक की मांग पर आज एसएसपी से मिलेंगे होपना

पोटका। सिंहभूम पूर्वी जिला के पोटका प्रखंड अंतर्गत कौवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर में इन दिनों लॉटरी का अवैध धंधा जोरो से चल रहा है। प्रशासन की ओर से जब शिकंजा कसा जाता है तो धंधा में धीमापन आता है। ढील मिलते ही फिर से गति में चलने लगता है। इसका प्रभाव समाज पर तो पड़ता है है साथ ही युवा पीढ़ी इसका शिकार हो रहे है। पूर्व मुखिया सह मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष होपना महाली ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि हल्दीपोखर में लॉटरी का अवैध धंधा पर अविलंब रोक लगाई जाए। वरीय आरक्षी अधीक्षक को इस संबंध में वे आज ज्ञापन देंगे। लॉटरी धंधा के लिए हल्दीपोखर हब बना हुआ है।

पान-तांती बुनकर समिति में नये सदस्यो का स्वागत किया गया

पोटका। पान-तांती, बुनकर विकास समिति हल्दीपोखर की एक आवश्यक बैठक बुद्धेश्वर पान की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में नए सदस्य के रूप में बलराम पात्र (सेवानिवृत्त ए एस आई), ग्राम कुलडीहा, मिलन कुमार पात्र ग्राम- जयनगर (चाकुलिया) तथा रामेश्वर पात्र, ग्राम- बोतर बेड़ा राजनगर- प्रखंड को अध्यक्ष के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक सह महासचिव राज वल्लभ तॉती ने कहा कि इन नए सदस्यों का योगदान हमारी समिति के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों तथा पदाधिकारियों ने नए सदस्यों के स्वागत में अपना-अपना विचार व्यक्त किए।

राजकुमार सिंह ने डोकाटोला में ग्रामीणों के साथ सुनी मन की बात

जमशेदपुर। आज जिला परिषद पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राज कुमार सिंह ने संथाल बहुल गांव डोकाटोला में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम ग्राम वासियों के साथ सुना।साथ मे जमशेदपुर प्रखंड के उपप्रमुख शिव हांसदा, लेम्बो मुर्मू,रानी टुडू,दसमत टुडू,वास्ता टुडू,कविता हेम्रम,सीता मुर्मू,विसु चरण हांसदा एवं सैकड़ो ग्रामीण ने मन की बात सुनी।

स्पीड न्यूज

भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा का झारखंड राज्य कोर कमिटी घोषित

मेदिनीनगर। भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय पांडेय की अनुशंसा पर सात सदस्यीय झारखंड राज्य कोर कमिटी की घोषणा की गई। जिसमें चार प्रमंडल में प्रमंडलीय अध्यक्ष भी मनोनीत किया गया है। प्रमंडलीय अध्यक्ष को अपने अपने जिले में जिलाध्यक्ष की घोषणा करने को कहा गया है। जिलाध्यक्ष के घोषित कोर कमिटी में पत्रकार संजय पांडेय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत तिवारी, नीतीन पांडेय प्रदेश महासचिव प्रशासन, रामरंजन कुमार सिंह प्रदेश महासचिव सह संथाल परगना प्रमंडल अध्यक्ष, जयारानी परेया प्रदेश सचिव व जिला वेस्ट सिंहभूम प्रभारी, रंजीत दूबे प्रदेश उपाध्यक्ष सह उतरी छोटानागपुर, सतेंद्र तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया। भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ई चंद्रकांत ने कहा कि कोर कमिटी के द्वारा झारखंड में संगठन विस्तार के साथ जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। संरक्षक मंडल की नियुक्ति के साथ समय समय पर कमिटी का विस्तार करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अधिकृत हैं।

छतरपुर प्रखंड परिसर में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर आयोजित

छतरपुर पलामू। प्रखंड परिसर में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर पलामू के जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ प्रेमनाथ पाण्डेय ने शिविर के जरिए लोगों को कानूनी अधिकार व सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के बारे में जानकारियां दी गई। छतरपुर, अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से करे तो कानून का सहारा लेने की जरूरत नही पड़ेगा। कानून के सामने हर व्यक्ति समान है । उन्होंने कहा कि कानून के प्रति साक्षर होना जरूरी है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार ने कहा कि शिविर लगाने का उदेश्य समस्याओं का निदान करना है। एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि कानूनी साक्षरता मनुष्य का दुर्बलता दूर करता है। उन्होंने अंधविश्वास से दूर रहने की बात कही। मौके पर प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि धर्म ,जाति, लिंग ,भाषा के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता।

सर्वेश्वरी समूह के गुरी शाखा ने सेमरी यज्ञस्थल पर खोला पनशाला

बिश्रामपुर (पलामू)। श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी शाखा सह प्रार्थना गृह द्वारा बिश्रामपुर प्रखंड के सेमरी गांव में यज्ञस्थाल पर रविवार को पनशाला खोला गया। पनशाला का उद्घाटन राम लखन पांडेय,युवा समाजसेवी विकास दुबे,प्रवीण मिश्रा व सीए श्रीकांत दुबे ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। अतिथियों ने ग्रामीणों को अपने हाथों से पानी भी पिलाया। इससे पहले समूह के संजीत कुमार मिश्रा ने अघोरेश्वर महाप्रभु जी और गुरुपद संभव राम बाबा जी का विधिवत पूजन किया। समूह सदस्य हलकानी राम व चन्द्रेव साव ने ग्रामीणों के बीच अघोरेश्वर महाप्रभु जी की वाणी साहित्य व पम्पलेट का वितरण किया। विकास दुबे ने कहा कि तपती धूप में प्यासे को पानी पिलाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। प्रवीण मिश्रा ने सर्वेश्वरी समूह के कार्यक्रम को सराहनीय और अनुकरणीय बताया। मौके पर श्रीकांत मिश्रा,रामलखन पाण्डेय, साहेब राम,अंस राज,सनोज राम,यज्ञ कमिटी अध्यक्ष सुर्यनाथ ओझा,अलख ओझा,जयंत ओझा,कुश कुमार ओझा,निरंजन ओझा,राजेन्द्र ओझा,बिकास ओझा,आयुस ओझा,अभय ओझा,दिलीप ओझा,आसुतोष ओझा सहित कई लोग मौजूद थे।

पंचायत सचिवालय को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का निर्णय

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत अंतर्गत ग्राम नवादा में ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता चंद्रदेव साव ने की। बैठक में कहा गया कि एक सप्ताह पूर्व नवादा के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सगुना के मुखिया मंजु देवी को आवेदन दिया था। जिसमें पंचायत सचिवालय को निजी कार्यों और अवैध कब्जा से मुक्त कराने की मांग की गई थी। ग्रामीणों के शिकायत पर मंजू देवी ने उपेंद्र उर्फ बिरन को सूचना पत्र दिया इस पर बिरन ने लेने से इंकार कर दिया। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि नवादा निवासी उपेंद्र साव उर्फ बिरन पंचायत सचिवालय को अवैध रूप से कब्जा कर निजी कार्य करता है। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पंचायत भवन को अवैध रूप से किये गये कब्जा से मुक्त कराया जायेगा। बिरन को पंचायत भवन से नहीं हटाया गया तो ग्रामीण तालाबंदी करेंगे। बैठक में अजित सिंह, राजेंद्र प्रसाद, गोरख साव, सुबोध प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

पनशाला में राहगीरों को मिलेगा ठंड पेयजल : संजीव

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव द्वारा पांकी रोड स्थित कुंदन मेडिकल स्टोर के पास पनशाला खोला गया। पनशाला का उदघाटन गंगा हॉस्पिटल के चेयरमेन सह समाजसेवी संजीव तिवारी ने किया। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पांकी रोड में दूसरा पनशाला खोला गया है। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि पनशाला की शुरूआत मानव सेवा माधव सेवा को चरितार्थ कर रही है । उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पुनित कार्य है। ऐसे सामाजिक कार्यों में दूसरे समृद्ध लोगों को भी आगे आना चाहिए। कहा कि पनशाला खुलने से राहगीरों के लिए पानी सुलभ हो गई है। उन्होंने कहा कि पनशाला में राहगीरों को ठंड पेयजल मिलेगा। श्री तिवारी ने मंदिर निर्माण को लेकर कहा कि यह सिर्फ झारखण्ड में मंदिर नहीं बन रही है, पलामू में सनातन की आन बान, शान को प्रदर्शित करेगी.... और परशुराम भक्त से आह्वान किया कि तन मन धन से सहयोग करे एवं श्री तिवारी के द्वारा आग्रह किया गया कि बढ़ चढ़ कर आगे आयें सनातन धर्म को मानने वाले लोग। वहीँ कुंदन ड्रग्स स्टोर के प्रोपराइटर सूरज अग्रवाल ने कहा कि पांकी रोड में पनशाला की बहुत आवश्यकता थी। गर्मी में राहगीरों को पानी के लिए परेशानी होती थी। अब लोगों को आसानी से पीने के लिए शीतल जल मिल जाएगी। जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने कहा कि पनशाला लोगों को गर्मी में प्यास बुझायेगा।

सांसद भवन उदघाटन समारोह का बहिष्कार मानसिक दिवालियापन का प्रतीक : धर्मदेव

बिश्रामपुर (पलामू)। वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सफल नेतृत्व में एक रिकॉर्ड समय में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सांसद भवन आज देश को समर्पित हुआ। यह सांसद भवन आगामी सौ वर्षों के विजन व भविष्य को ध्यान रखकर बनवाया गया है। इस ऐतिहासिक और गौराशाली लोकतंत्र के नए मन्दिर संसद भवन का निर्माण होने से आज सभी भारतवासी गौरव का अनुभव कर रहे हैं। नए संसद भवन उदघाटन के इस ऐतिहासिक अवसर पर कुछ विरोधी दलों द्वारा बहिष्कार करने का निर्णय उनके मानसिक दिवालियापन को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महोदया के सम्मान को लेकर प्रश्न उठाने वाले नेता पहली बार किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने पर विरोध में एक संयुक्त विपक्ष द्वारा उम्मीदवार उतरना और फिर चुनाव होने पर राष्ट्रपति के बारे में अपशब्द कहकर अपमानित करने वाले नेता आज किस मुंह से सम्मान की बात कर रहे हैं।

समाजसेवी ने खराब चापाकल की मरम्मती कर पेयजल मुहैया

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत धोबी मोहल्ला में महीनों से खराब सार्वजनिक चापाकल को समाजसेवी राजीव रंजन ने निजी खर्च से मरम्मती कराते हुए, लोगों को पेयजल मुहैया कराया। नगर वासियों ने बताया कि उक्त चापाकल खराब होने की सूचना नगर पंचायत कार्यालय को देने के बाद भी मरम्मत नहीं कराया गया। जिससे भीषण गर्मी में लोगों में पानी के लेकर हाहाकार मची हुई थी। इसके पश्चात मोहल्ले के लोगों ने समाजसेवी राजीव रंजन को इसकी सूचना दिया। सूचना मिलने के तुरंत बाद उन्होंने चापाकल की मरम्मत कराई। मालूम हो कि समाजसेवी द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में अब तक एक सौ से अधिक चापाकल की मरम्मत कराया गया है। जनहित के इस कार्य को लेकर नगर वासियों ने राजीव रंजन के प्रति आभार जताया है। आभार जताने वालों में वालों में नंदू रजक, सूर्यदेव विश्वकर्मा, मंजय प्रजापति, हरि ठाकुर, हर्ष राज, संजय ठाकुर, हिमांशु कुमार, विकास उर्फ विक्की आदि शामिल है।

महापौर अरुणा शंकर ने योग संस्थान योग युवा को सौंपा साउंड सिस्टम

मेरा शहर बदल रहा है : महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर । नगर निगम मेदिनीनगर के प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रविवार को योग संस्थान योग युवा पलामू को उपहार स्वरूप साउंड सिस्टम प्रदान किया । इस मौके पर महापौर श्रीमती शंकर ने कहा कि मुझे खुशी है कि जैसे- जैसे निगम क्षेत्र में पार्कों का निर्माण हो रहा वैसे वैसे योगा करने वालों की संख्या बढ़ रही है । पहले लोग बड़ा तालाब, गांधी उद्यान जहां गंदगी का अंबार लगा रहता था आज वहां लोग योगा कर रहे हैं। वही अब शहर का चर्चित कोयल रिवर फ्रंट पर भी शहर के गणमान्य लोग योगा करते नजर आ रहे हैं। जब मैं इन सबों के बीच जाती हूं और इनके चेहरों पर मुस्कान देखती हूं , वहां जब बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता है, महिलाएं घर से बाहर निकल कर योगा करते नजर आती तो लगता है मेरा शहर बदल रहा और मुझे मेरे कार्यकाल मैं किए कार्यों का पारिश्रमिक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे दुख होता है मेरे कार्यकाल में निर्मित अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) के घटिया निर्माण एवं रखरखाव को देख कर । मैंने संवेदक को करोड़ों का झरना जो 10 दिन भी नहीं चला को चालू करने, लाखों के लगे फूल पत्ती एवं घास को ठीक करने तथा नंगे वायरिंग एवं पानी की व्यवस्था ठीक करने को कहा था जिसका मैंने कार्य पूर्ण करने तक बोर्ड में एजेंडा लाकर संवेदक का भुगतान भी रोका पर अब तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया ।

महापौर ने कहा कि मैं इस संबंध में नगर आयुक्त एवं उपायुक्त पलामू से बात कर ठोस कदम उठाने को कहूंगी क्योंकि यह पार्क शहर का हृदय स्थल है । प्रथम महापौर को उपस्थित महिलाओं ने पार्क में निर्मित शौचालय की बदतर स्थिति को बताते हुए दैनिक सफाई हेतु आग्रह किया । इस पर प्रथम महापौर ने कहा कि अंबेडकर पार्क, गांधी उद्यान एवं मरीन ड्राइव के पार्क के शौचालय किसी एजेंसी को सफाई हेतु देने की बात नगर आयुक्त से करूंगी ताकि इन स्थानों पर खासकर महिलाओं को कोई असुविधा ना हो । इस अवसर पर मंजय कुमार, विपिन कुमार ,विकास कुमार, दीपू कुमार ,आलोक कुमार, दया सिंह, रतन, रंजीत समेत काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी ।

विधायक ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से विभिन्न पथों के निर्माण के लिए विभाग को भेजा अनुशंसा

पांकी विस के ग्रामीण पथों का निर्माण जनहित में आवश्यक : डा शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर / पांकी । पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा वासियों को विकास का सौगात प्रदान किया है। विधायक डा मेहता ने इस वर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में पांकी विधानसभा के विभिन्न पथों के निर्माण के लिए विभाग को अनुशंसा भेजा है। विधायक डा मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा के ग्रामीण पथों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर जनहित में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिन पथ निर्माण योजनाओं को अनुशंसा कर भेजा है उनमें नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में जगतपुरवा-बेदानी आरसीडी रोड जीतु मांझी के पंप से जगत महतो (ओरिया सेवई) तक पथ निर्माण, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में डीएलपी रोड (प्रखंड कार्यालय) से कुटी घर तक 0.5 किमी, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के दारूडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम मुरमुसी में डीएलपी पथ से जैप 08 कैंप मंदिर के पास आरईओ रोड तक पथ निर्माण (800 मीटर) 0.8 किमी, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में डीएलपी रोड बसौरा सिवान से तुकार्डीह बस्ती होते हुए जुरू आरईओ रोड तक 2.5 किमी, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के पूणार्डीह पंचायत के ग्राम मुंदरिया में डीएलपी पथ बिरजू यादव के घर से सीताराम यादव के घर होते हुए पछियारी टोला बेला खाड़ी नदी तक पथ निर्माण 1.2 किमी, तरहसी प्रखंड के नवगढ़ पंचायत में धुबडीहा मुख्य पथ से परमेश्वर साव के घर होते हुए लालीमाटी तीन मुहान तक पथ निर्माण एक किमी, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के पूणार्डीह पंचायत के ग्राम उड़हुलिया में डीएलपी पथ से स्कूल होते हुए बालकेश सिंह चेरो के घर तक पथ निर्माण एक किमी, सतबरवा प्रखंड के रेवारातू पंचायत के ग्राम चांपी में मेन रोड स्कूल के सामने से मंझली झरिया होते हुए चेरी सिवान तक पथ निर्माण 3 किमी शामिल है। विधायक ने कहा कि जनता के सहयोग और मेरे प्रयास से पांकी विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

पांकी विस क्षेत्र के योजनाओं का डीपीआर कार्य प्रारंभ : डा शशिभूषण

पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डा शशिभूषण मेहता ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना से पुल निर्माण कराने के लिए प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को अनुशंसा भेजने के बाद विधानसभा क्षेत्र की आठ योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के जिन योजनाओं का डीपीआर कार्य प्रारंभ किया गया है उनमें तरहसी प्रखंड के विनायका स्कूल घाट से पांकी प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह को जोड़ने हेतु अमानत नदी पर पुल निर्माण, मनातू प्रखंड अंतर्गत चक पंचायत में एकहारा और करमाही के बीच करमाही नदी पर पुल निर्माण, सतबरवा प्रखंड अंतर्गत घुटुवा पंचायत के ग्राम सोहड़ी एवं पिंडरा के बीच पीपल पेड़ के सामने कोईलदी नदी पर पुल निर्माण, पांकी प्रखंड अंतर्गत होटाई पंचायत के ग्राम करमवाटांड़ और ग्राम कुबुआ के बीच पिरी नदी पर पुल निर्माण, नीलांबर पीतांबरपुर अंतर्गत पंचायत पूर्णाडीह ग्राम मुंदरिया, करमाही से चिरैयाटांड़ जाने के पथ में मलय नदी पर पुल निर्माण, नीलांबर पीतांबरपुर अंतर्गत पंचायत जुरू ग्राम जैतुखाड़ से जमुने पथ में कुंदरहिया नाला में पुल निर्माण, पांकी प्रखंड अंतर्गत पंचायत ग्राम करार टोला सिजुआ और चकटांड़ के बीच सोनरे नदी पर पुल निर्माण व पांकी प्रखंड अंतर्गत पंचायत सकलदीपा में मुर्गीयाटांड़ से खपरमंडा पथ में खपरमंडा नदी पर पुल निर्माण शामिल है।

सभी मंडल स्तर पर सोशल मीडिया टीम सक्रिय होकर करें कार्य: डा ईश्वरसागर

महेंद्र प्रजापति

पीएम के उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचायें : विजयानंद

सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन

बिश्रामपुर पलामू। भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नौ साल पूरा किया। इसे लेकर भाजपा सोशल मीडिया ने रविवार को रामचंद्र चंद्रवंशी इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी बिश्रामपुर में विश्रामपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मंडलों का एक दिवसीय सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने की और संचालन राजन पांडे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यशाला का आयोजन भाजपा सोशल मीडिया विभाग के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह एवं सूरज विश्वकर्मा के द्वारा किया गया । कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी एवं भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक , जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव , अरविंद गुप्ता, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सह प्रभारी सूरज विश्वकर्मा और पवन गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि कर किया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया के व्यापक उपयोग पर जोर देते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने सोशल मीडिया की चुनौतियों को बड़े ही बारीकी से समझाते हुए पॉजिटिव प्रचार एवं विपक्ष के प्रोपेगेंडा दोनों से कैसे निपटें, इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी मंडल स्तर पर सोशल मीडिया टीम सक्रिय होकर काम करना शुरू करे। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने कहा कि सोशल मीडिया का महत्व आगामी लोकसभा के चुनाव को देखते हुए अधिक है । सोशल मीडिया के द्वारा केंद्र सरकार के उपलब्धियों को कार्यकताओं के द्वारा जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव एवं अरविंद गुप्ता ने भी सोशल मीडिया के कार्यकताओं को संबोधित किया। जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने सोशल मीडिया के कार्यकताओं को सोशल मीडिया की बारीकियों को समझाया एवं सोशल मीडिया का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला सोशल मीडिया के सह प्रभारी सूरज विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक चौरसिया, विशाल दुबे, धर्मेंद्र कुमार, शंकर चंद्रवंशी, उपेंद्र तिवारी, संजय चंद्रवंशी, विकी बादल, भूपेंद्र यादव, राजकुमार गुप्ता, अजीत कुमार चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा ,आशुतोष सुमन, सत्येंद्र यादव ,अंकित सिंह, दीपक चौहान, रामजतन पासवान, आनंद कुमार चंद्रवंशी, चंदन कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, कमलेश उरांव ,सोमनाथ राम समेत काफी संख्या में सभी मंडलों के सोशल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

मंदिर में आने से लोगों के मन में मिलती है शांति : डॉ मेहता

मेदिनीनगर । मंदिर में आने से लोगों के मन में शांति मिलती है । मंदिर से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। सनातन धर्म में मंदिर की आवश्यकता है। राधा कृष्ण मंदिर के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को पूजा अर्चना करने का मौका मिलेगा । उक्त बातें पांकी विधानसभा के विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा। वह रविवार को स्थानीय पांकी रोड भवानी नगर राधा कृष्ण मंदिर निर्माण परिसर में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राधा कृष्ण भगवान का मंदिर इस क्षेत्र में नहीं रहने की वजह से लोगों को पूजा करने के लिए दूर जाना पड़ता था। लेकिन इस मंदिर के निर्माण होने से दूर जाना नहीं पड़ेगा । उन्होंने राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति को बधाई दी । मौके पर राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने मंदिर के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला । अतिथियों का स्वागत राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद पांडे ने किया । अतिथियों को मंदिर समिति के सचिव परशुराम सोनी ने माला पहनाकर स्वागत किया।

जलश्रोत भरने का अधिकार किसी को नहीं : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम कुंदरी में स्थित छठ घाट तालाब को भू माफियाओं द्वारा भर दिया गया था। जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त था। ग्रामीणों के समक्ष यह संकट उत्पन्न हो गया कि कुंदरी गांव समेत आसपास के ग्रामीण लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा कहां करेंगे। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विधायक डा शशिभूषण मेहता के समक्ष अपनी बातों को रखा। जिसे विधायक ने जन समस्या को देखते हुए तालाब उड़ाही किये जाने की प्रक्रिया को प्रारंभ किया। इस योजना के तहत विधायक के नेतृत्व में कुंदरी छठ घाट तालाब पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर पूरे विधि विधान के साथ छठ तालाब पर गाजे बाजे के साथ पूजन किया गया। इसके बाद विधायक के नेतृत्व में छठव्रतियों ने कुदाल, टोकरी, थाली लेकर तालाब उड़ाही कार्य प्रारंभ किया। विधायक ने अपने सिर पर टोकरी में मिट्टी भरकर तालाब उड़ाही कार्य को प्रारंभ किया। वहीं हजारो हजार की संख्या में शामिल छठव्रतियों ने भगवान भाष्कर को सूखा अर्ध्य अर्पित किया। इस मौके पर विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि वर्ष 1916 से कुंदरी छठ तालाब पर प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में शामिल महिला पुरूष छठ करते आ रहे हैं। जिसे भू माफिया प्रशासन से मिलकर भरवाने का काम किया है। जो काफी निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि पूरे देश में किसी भी जल जमाव का दोहन नहीं किया जा सकता है। न ही उसे अतिक्रमण करने या भरवाने का काम किया जा सकता है।

श्रीमद् भागवत कथा का समापन

भागवत कथा को अपने जीवन में उतारने की जरूरत : वेदांती

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू । छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के फुलवारी मैदान में श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिन रविवार को शांति पूर्वक संपन्न हुई। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आए श्रद्धालुओं ने यथा शक्ति तथा भक्ति के अनुरूप महाराज जी को दक्षिणा के रूप में अर्पित किया । महाराज जी ने कथा के अंतिम दिन बड़े ही भाव पूर्ण होकर यहां के स्थानीय बयवस्थापक और श्रद्धालुओं को इतने सफलता पूर्वक कथा के आयोजन कराने के लिए शुभकामनाए दिया और धन धान्य की समृद्धि की कामना किया। कथा के आयोजन कर्ता स्थानीय समाजसेवी 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह एवं पप्पू पंडित ने स्थानीय समाजिक कार्यकर्ताओ के साथ लेकर कथा को संपन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया । उन्होंने छतरपुर के निवासियों से अपील किया है कि इस मद भागवत कथा का श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करें । कथावाचक श्री रामायण आचार्य वेदांती के द्वारा कहा गया संगीतमयि भागवत कथा को अपने जीवन में उतारे और ईश्वर कार्य में भी समय लगायें।

श्री चंडी महायज्ञ को ले सेमरी से निकली जलयात्रा

विश्रामपुर (पलामू) । विश्रामपुर प्रखंड के सेमरी गांव में हो रहे श्री चंडी महायज्ञ को ले रविवार को विशाल जलयात्रा निकाली गई। जिसमें सेमरी सहित आस-पास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। जलयात्रा में शामिल ग्राम वासियों के द्वारा यज्ञ परिसर में ग्राम देवी सहित आराध्य देव की पूजा अर्चना के साथ गांव का भ्रमण करते हुए गांव की ऐतिहासिक शिव पोखर स्थित सती दाई स्थल पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोचारणो के बीच कलश में जल भरा गया। जल भरने के बाद कलश को सिर पर रखकर श्रद्धालु वापस यज्ञस्थल आये,जहा पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ कलश को स्थापित किया गया। कलश स्थापना के साथ ही महायज्ञ आज से शुरू हो गया। जलयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यह पांच दिवसीय महायज्ञ स्वामी उदय नारायण आचार्य जी महाराज के तत्वाधान में संपन्न होगा। सोमवार को यज्ञशाला परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजन पाठ के साथ अग्नि मंथन होगा। आगामी दो जून को पूणार्हुति व भंडारे के साथ यज्ञ संपन्न होगा। विदित हो कि यज्ञ का आयोजन गांव में नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में मां देवी व भैरव जी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर की गई है। एक जून को ग्राम देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिमा स्थापित की जायेगी। यज्ञ को सफल बनाने में आयोजन समिति अध्यक्ष सूर्यनाथ ओझा, कोषाध्यक्ष निरंजन ओझा,सचिव राजेंद्र ओझा सहित सैकड़ों ग्रामीण महती भूमिका निभाये।

एक नजर में

क्षेत्र की समस्याओं पर रहती है नजर : कमलेश



मोहमदगंज पलामू । विधानसभा क्षेत्र के मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र को विद्युतापूर्ति करने वाले मोहम्मदगंज विद्युत सब स्टेशन का ट्रांसफार्मर खराब होने पर ग्रामीणों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को सूचना दी। कमलेश कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दिन में मोहम्मदगंज विद्युत सब स्टेशन में 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया है। मोहमदगंज विद्युत सब स्टेशन को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाने पर बिस्सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार जताया है। ट्रांसफार्मर खराब होने से मोहम्मदगंज क्षेत्र के लोग इस गर्मी में काफी परेशानी महसूस कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यकाल में बिजली के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे के अंदर बदल दिया जाता है। उन्हे उम्मीद भी नहीं थी की मेन पावर ट्रांसफार्मर भी इतना जल्दी उपलब्ध हो पाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह के पास सब मुमकिन है। सड़क, सिंचाई शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितने काम किए जा रहे हैं, उतना कम 2009 के बाद कभी नहीं हुआ था। ग्रामीणों ने विधायक को बधाई दी है।

केंद्र सरकार के कार्यों को घर घर जाकर बतायें कार्यकर्ता : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। पाटन मंडल कार्यालय कुड़वा मोड़ पर रविवार को मन की बात एवं भाजपा प्रखंड कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की और संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पा देवी , विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार मौजूद थे। मौके पर भाजपा नेताओं ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना। वहीं बैठक में कई निर्णय लिये गये। बैठक में विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि कार्यकर्ता घर घर जाकर केंद्र सरकार के उपलब्धियों व कार्यों को जनता तक पहुंचायें। पीएम मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष में किये गये कार्यों को लोगों बताने की जरूरत है। 30 मई से 30 जून तक कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर पीएम मोदी के उपलब्धि को बतायें। कार्यक्रम में पाटन मंडल प्रभारी उदय शुक्ला ,पाटन जिला मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक सिंह , पाटन मंडल मंत्री अर्जुन तिवारी ,कार्यक्रम संयोजक धीरेंद्र सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी , युवा उपाध्यक्ष पाटन गौतम कुमार सिंह ,पाटन उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे ,पाटन मंडल मंत्री पशुपति नाथ शर्मा , जिला कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पासवान , रामदेव सिंह , पाटन मंडल ओबीसी मोर्चा के महामंत्री बहादुर मेहता समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह ने किया। भाजपा कार्यकर्ता समेत कई लोग प्रधानमंत्री के 101 वां मन की बात कार्यक्रम सुने।

फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

हुसैनाबाद पलामू। न्यायालय के निर्देश पर हुसैनाबाद पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम चोरपहरा, टोला गोरिऔटा थाना हुसैनाबाद निवासी सनोज पासवान,पिता हरि पासवान,एवं शंकर पासवान पिता लल्लू पासवान के विरुद्ध कार्रवाई की। हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बीते दिनों पास्को एक्ट के फरार अभियुक्त के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। इस सबन्ध में थाना प्रभारी ने कहा कि सनोज पासवान एवं शंकर पासवान हुसैनाबाद थाना काण्ड संख्या 295/22 दिनांक 24/04/2022 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं जिन पर भादवी धारा 4/8 पोस्को एक्ट एवं आई टी एक्ट में आरोपित अभियुक्त हैं जो पुलिस और न्यायालय से फरार चल रहा है।

स्पीड न्यूज

लोक अदालत में 23 मामलों का निष्पादन

बोकारो। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकारए रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो कुमारी रंजना अस्थाना के निदेर्शानुसार सिविल कोर्ट परिसर बोकारो तथा सिविल कोर्ट परिसर तेनुघाट में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें वादों के निष्पादन के लिए दो बेंचो का गठन बोकारो एवं दो बेंचों का गठन तेनुघाट में किया गया। इस मासिक लोक अदालत में रखे गए कुल 41 वादों में से कुल 23 वादों का निष्पादन हुआ। कुल समझौता राशि 1620901 रही। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो की सचिव निभा रंजन लकड़ा ने दी।

चोरी के केबल और 40 किलो कॉपर के एक धराया, जेल

धनबाद/पुटकी। भागाबांध पुलिस ने ओपी प्रभारी राजीव तुरी के नेतृत्व मे छापेमारी कर साऊथ बलिहारी कोलियरी से काटा गया केबल,चाकू के साथ एक यूवक को ग्रिफ्तार कर जेल भेजा दिया ।गिरफ्तार युवक का नाम सचिन यादव बताया जा रहा है ।जो केंदुआडीह थाना क्षेत्र के खैरा का रहने वाला हैं ।ओपी प्रभारी राजीव तुरी ने बताया की बीती रात करीब दो ढाई बजे साऊथ बलिहारी चानक से केबल चोरी हुआ था। केबल के साथ लगभग 40 किलो कॉपर से भरा एक झोला बरामद हुआ है।

कसमार क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया रहइन पर्व

बोकारो/कसमार। कुड़माली संस्कृति के प्रमुख पर्व-त्यौहार में से एक रहइन परब कसमार पेटरवार एवं जरीडीह आदि प्रखंड क्षेत्र के कुड़मालि बहुल गांवों में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही घर की महिलाएं साफ सफाई के साथ घर के चारों ओर दीवारों में गोबर से रहइन दाग लगाई। घर के भीतर पाड़न स्थित धान का बिंटा से थोड़ा सा बीजा धान को विधि विधान पूर्वक खेत में ले जाकर गाड़ दिया। महिलाओं द्वारा खेत से रहइन माटी लाकर घर के तीन कोनों में रखा। रहइन फल भी थोड़ा थोड़ा खाया गया। कई लोगों ने कबूतर और बतख की पूजा भी की। कुड़माली संस्कृति जीवन के शोधकर्ता दीपक पुनरियार ने बताया कि कुड़मी के परब त्यौहार कृषि व धान आधारित है। यह सीधे धान की उपज व मौसम से जुड़ा हुआ है।

एसटीपी के निर्माण कार्यों की जांच की मांग

बेरमो/बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल में 39 करोड़ की लागत से बन रहीं सिवरेंज टीट्रमेंट प्लांट के कार्यों की गुणवता की जांच की मांग उप प्रमुख बिनोद कुमार साहू ने डीवीसी मुख्यालय से किया है। उप प्रमुख ने कहा है कि सिवरेंज टीट्रमेंट प्लांट निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है।

AFFIDAVIT

I, SURENDRA BHUIYAN S/O Kalachand BHUIYAN,Aged about 38 year, by faith-Hindu, by occupation - Labour Aadhaar No-326180948363 resident of Near Hanuman Mandir Akash Kinari Dhowda, PO - Katrasgarh, PS Katras Dist-Dhanbad, (Jharkhand), do hereby Solemnly affirm no oath and declare asfollows; 1.That, JIGAR KUMAR date of birth 01 .06.2013 is his Aadhaar No-410942325697 my Minor son, who lives with me. 2. That in Aadhar Card of my son his name has been. mentioned as ARUN KUMAR, S/O-SHAKUNTALA Devi which is wrong name. 3. That, in his school Admission Register my son's name recorded as JIGAR KUMAR, S/O - Sri SURENDRA BHUIYAN which is correct name. 4. That, the actual and correct name of my son is JIGAR KUMAR, S/o - Sri Surendra Bhuktan and his mother' name is Shakuntala Devi. 5. That, I am affixing my son's colour photograph for proper identification. 6. That I am swearing this affidavit to submit it before the authority concern to change my son's name ARUN KUMAR and to insert the correct name as JIGAR KUMAR N MY SON'S Aadhaar Card and for needful purposes.

MEMO NO 6930/25.05.23
Ashok Kumar
EN.NO.2012/94

गर्मी बढ़ते ही गांवों में शुरू हो गया पेयजल संकट, बढ़ी परेशानी

बाल्टी लेकर टुंडी के ग्रामीणों ने पानी के लिए किया प्रदर्शन

टुंडी में सोलर सिस्टम खराब पेयजल के लिए हाहाकार

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। पूर्वी टुंडी स्थित लटानी पंचायत के बामनबाद गांव में सोलर सिस्टम खराब हो गया है। गांवों के लोग को पेयजल के लिए भटक रहे हैं। स्ट्रक्चर में जंग लग जाने के कारण पानी टंकी में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हाथ में बाल्टी लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीण मदन मंडल ने बताया कि जल मीनार पिछले 4 दिन से खराब पड़ी है। मगर न तो जनप्रतिनिधि और न ही संबंधित विभाग का ध्यान है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने के पानी का एकमात्र साधन यही सोलर जल मीनार है। जल मीनार खराब हो जाने से स्थानीय लोगों के साथ

राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है. इस सोलर सिस्टम से 50 से 60 घरों के लोग पानी ले जाते थे। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सोलर जल मीनार चालू कराने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में कीर्ति मंडल, मुकेश बाउरी, आरती मंडल, जोशना मंडल, भारती मंडल, राकेश बाउरी, विक्रम मंडल, सूर्य मंडल, बिट्टू मंडल, संतोष मंडल आदि शामिल थे।

ग्रामीणों ने किया हंड़िया-बाल्टी लेकर प्रदर्शन

केंदुआ। पिछले दिनों आये भारी आंधी तूफान और बारिश के बीते हुए चार दिन बीतने के बाद भी गोधर केन्दुआ, कुर्मिडीह , बसेरिया भूली समेत सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप्प रहने से पेय जल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए गन्दी नाले के पानी पीने को विवश हो गए है। रविवार को इस समस्या को लेकर बी सी के यू सह ग्रामीण नेता नन्दलाल महतो ने कुर्मिडीह में बंद जलापूर्ति को लेकर ग्रामीणों के जोड़दार प्रदर्शन किया एवं कहा कि माडा की लचर व्यवस्था के कारण आज लोग पानी के लिए तालाब एवं नाले का प्रदूषित पानी पीने को विवश हो गए है। केन्दुआ एवं सम्पूर्ण गोधर की आबादी लगभग बीस हजार से भी ऊपर है बीस हजार की आबादी पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों से माडा अपने उपभोक्ताओं को सप्ताह में एक या दो दिन ही पानी देती है। उसके बदले बढ़ी हुई भारी भरकम जल दर लेने में बिल्कुल भी देरी नही करती है। जनता अगर समय पर जल दर दे सकती है तो माडा का भी दायित्व बनता है नियमित जलापूर्ति करने का। उन्होंने कहा की अगर चौबीस घण्टे के अंदर क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति नही की गई तो माडा के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। मौके पर गोपी महतो, मुंद्रिका पांडे, सोनू कुशवाहा,रोहित कुमार महतो,तरुण महतो आदि शामिल थे।

■ चार दिनों से बंद है जलापूर्ति, ग्रामीण परेशान

अवैध कोयला डिपो पर सीओ के छापा में 40 टन कोयला बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। कालूबथान ओपी के अंतर्गत पलसिया के जंगलों में दर्जनों अवैध खनन स्थल बना कर बैखोफ ट्रकों में लोडिंग कर मुगमा के रास्ते गोबिंदपुर भेजा जा रहा है लेकिन न पुलिस न सीआईएसएफ के द्वारा कोई कार्रवाई न करना चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर शनिवार को कलियासोल के अंचलाधिकारी दिवाकर दुबे ने कार्रवाई की। जिसमें करीब 40 टन कोयला बरामद किया गया है।जिसे बीसीसीएल प्रबंधन को उठाव करने एवं भराई का आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार पलसिया के काली ममदिर के इर्द गिर्द दर्जनों खदान संचालित है। यहां से कोयला उठाव के बाद मुगमा में कांटा किया जाता है, उसके बाद उसे गोबिंदपुर के एक भट्ठे में पिछले दो माह से खपाया जा रहा था। बताया जाता है कि यहां से करीब रोजना 4 से पांच मिनी हाइवा व ट्रक के माध्यम से कोयला भेजा जाता था। फिलहाल कोयला उठाव जारी है। इधर इस दौरान ओपी प्रभारी मुकेश राउत एवं बीसीसीएल से प्रबंधक समीरन राय, सेफ्टी अधिकारी मनोज पाल मौजूद थे।

चाइना डब्ल हमला कांड: हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिले के गैंगस्टर इकबाल का करीबी चाइना डब्लू हमला कांड में फैजान अहमद नामक अपराधी को आर्म्स कारतूस और खोखा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी संजीव कुमार ने इसकी पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि यह हमला किसी गैंग से जुड़े होने की बात मीडिया में चर्चा का विषय बनी थी जबकि सच्चाई यह है कि यह लोग होटल में बैठे थे और वहां पार्टी चल रही थी इसी बीच किन लोगों के बीच विवाद हुआ और गोलीबारी की घटना हुई जिसमें चाइना डब्लू घायल हुआ मामले में कुल 3 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है जिसमें एक की गिरफ्तारी हो गई है और दो गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

बेरमो: व्यापारियों ने की सड़क जाम

बिजली की लचर व्यवस्था से परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ युवा व्यवसायी संघ फुसरो के बैनर तले बाजार के व्यवसायियों द्वारा चक्का जाम आंदोलन किया गया । इससे पूर्व व्यवसायी राम रतन उच्च विद्यालय के समीप इकट्ठा हुए जहां से जुलूस की शक्ल में मुख्य बाजार होते हुए बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर निर्मल महतो चौक पहुंचे। इस दौरान मुख्य सड़क पर बैठकर सड़क जाम कर दिया इससे फुसरो डुमरीए बोकारो मुख्य पथ पर वाहनों की जाम लग गई।सभा को संबोधित करते हुए युवा व्यवसाई संघ फुसरो के संरक्षक

मंडली के सदस्य कृष्ण कुमार मोहम्मद कलाम देवीदास ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी के कारण व्यवसायियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग नियमित बिजली आपूर्ति करने में विफल हो चुकी है। कहां कि 2 सूत्री मांग इसमें फुसरो बाजार में नियमित बिजली आपूर्ति और जैनामोड़ के नए पावर ग्रिड से बिजली बहाल करने की मांग शामिल है। कहां की बिजली विभाग के अधिकारी संघ के साथ कोई संपर्क नहीं किया। कहां की समस्या के कारण व्यवसाय पूरी तरह परेशान हो गया है। वही बच्चों की पढ़ाई पर पर भी बुरा प्रभाव पढ़ रहा है। इस भीषण गर्मी में भी लोग को बिजली नहीं मिलने से त्राहि.त्राहि कर रहे हैं। कहां की विभाग इस पर पहल नहीं करती है तो व्यवसाई अपनी अपनी प्रतिष्ठाने बंद कर विभाग के पास प्रतिष्ठान की चाबी सपने का कार्य करेंगे।

एक नजर में

मासस सम्मेलन में चास प्रखंड कमेटी का गठन

बोकारो। बोकारो जिला मासस द्वारा पार्टी कार्यालय में आयोजित चास प्रखंड कमेटी के एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कॉ दिलीप तिवारी व समीर मित्रा रामदास दे द्वारा संयुक्त रूप से एवं संचालन जिला सचिव गया राम शर्मा द्वारा किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से गठित चास प्रखंड कमेटी में प्रखंड अध्यक्ष देवीलाल महतो प्रखंड सचिव अमर चक्रवर्ती उपाध्यक्ष जमीन हसन व श्रीकांत महतो पूरन महतो सह सचिव मनोज महतो कोषाध्यक्ष गोपाल मोहाली संगठन सचिव उमेश महतो मीडिया प्रभारी जयराम महतो को कार्यकारिणी सदस्य चयनित हुए। केन्द्रीय सचिव बबलू महतो ने कहा कि आज रौहन के दिन मासस चास प्रखंड कमेटी का बीज पड़ा है। आने वाले समय में संगठन काफी मजबूती से क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। मौके पर मो कमरुद्दीन अंसारी भरत लाल ठाकुर भीम रजक दीपक रजवार बाबू चांद रजवार अमीत कुमार जीतुन अंसारी बिरेन रजवार इलियासी आलम लाल मोहन रजवार मोहम्मद अली पवन महतो प्रकाश महतो भागीरथ रजवार राम अवतार सिंह बासुदेव महतो कामेश्वर महतो फनी प्रसाद मोहाली सुनील महतो राहुल मोहाली आनंद महतो तपन सरकार आदि उपस्थित थे।

किशोरियों ने मनाया माहवारी स्वच्छता दिवस

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड अंतर्गत गर्री पंचायत के सामुदायिक भवन में सहयोगिनी संस्था द्वारा आयोजित माहवारी स्वच्छता दिवस में संस्था की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि माहवारी स्वच्छता का उद्देश्य है कि किशोरियों और महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ मासिक धर्म का सही सूचना और सुविधाये मिले। उन्होंने कहा कि आइए हम सब एक साथ मिल कर माहवारी पर जागरूकता फैलाएं। किशोरियों को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की उत्प्रेरक मंजू देवी ने कहा कि बाल विवाह तथा किशोरी स्वास्थ्य को लेकर संस्था द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका अंजू देवी ने कहा कि सरकार द्वारा किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए विविध प्रकार की योजनाएं हैं जिससे किशोरियां लाभ उठा सकती है। सावित्री बाई फुले किशोरी योजना से किशोरियों के स्वास्थ्य सह भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। मौके पर पायल देवी चंपा देवी इंद्रा देवी पायल कुमारी पूनम कुमारी नीलू कुमारी सुमन देवी द्रोपदी देवी स्वाति कुमारी पूजा कुमारी उपस्थित थीं।

चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक

बोकारो। बोकारो परिसदन में भाजपा कार्यकताओं की बैठक में वर्ष 2024 के चुनाव हेतु तैयारी के निमित्त झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष पवन साहू एवं बोकारो विधायक बिरंची नारायण सहित जिला भाजपा महामंत्रीए सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष व महामंत्री की उपस्थिति में विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पवन साहू ने कहा कि इस बाबत उक्त मोचाओं की 2 से 7 जून तक विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में मंडल स्तरीय बैठक सहित विधानसभा व लोकसभा स्तर पर 20 से अधिक कार्यक्रम होंगे जिसमे केंद्रीय मंत्रीए केंद्रीय स्तर के नेताओं सहित सभी मोचाओं के पदाधिकारी शामिल होंगे। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता घर .घर जनसंपर्क करते हुए मोदी सरकार के 9 सालों के कार्यों को जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। बैठक में अर्जुन सिंह संजय त्यागी जयदेव राय माथुर मंडल महेन्द्र राय मुकेश राय विनोद महतो रामलाल सोरेन फटीक दास विश्वनाथ महतो कुलदीप महतो जितेंद्र गोस्वामी गोविंद टुडू समीर दास नारायण साईदास अनिल मुर्मू फिरोज अंसारी राजेश बरनवाल मनोज पांडे महेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे।

आनंदमयी मां तारा चंडी मंदिर से नगर भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

चिरकुंडा। चिरकुंडा-पंचेत रोड तीन नं चढ़ाई स्थित आनंदमयी मां तारा चण्डी मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के समापन के बाद शनिवार की संध्या नगर भ्रमण निकाला गया। नगर भ्रमण में महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी।यह नगर भ्रमण मंदिर से निकलकर चिरकुंडा-पंचेत रोड, चिरकुंडा उपर बाजार दुर्गा मंदिर, चिरकुंडा निचे बाजार व थाना होते हुए वापस मंदिर पहुंचा।श्रद्धालुओं ने कुंडिय हवन यज्ञ में आहूति देकर विश्व कल्याण की कामना की।उसके बाद तारक ब्रहम नाम कीर्तन व मां की आरती की गई। नगर भ्रमण में आनंदो गोराई, मुख्य पूजारी जयदेव चटर्जी, अजीत सिंह उर्फ जीतु दा,छोटे लाल साहू, किशोर साव, बीशु गोराई, संजय शर्मा,

हवन के साथ रूद्र महायज्ञ संपन्न

बेरमो/गोमिया। गोमिया प्रखंड के स्वांग हजारी मोड़ स्थित शिव मन्दिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 लघु रुद्र महायज्ञ सह शिव गौरी महोत्सव व अखंड हरिनाम संकीर्तन रविवार को हवन यज्ञ की पूणार्हुति एवं भंडारा के साथ संपन्न हो गया इस दौरान महारुद्र यज्ञ में पूजा .अर्चना व परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रुद्र यज्ञ के अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवी-देवताओं की पूजा की गई। इसके उपरांत पूणार्हुति कर महाआरती की गई। यहां बनारस से आए बिद्वान पंडितो में यज्ञ आचार्य संजय शास्त्री विजय शास्त्री आशीष शास्त्री राहुल शास्त्री विशाल शास्त्री सुजीत शास्त्री नारेश तिवारी प्रकाश मिश्रा सुभाष मिश्रा शामिल थे। वहीं प्रवचन कर्ता पण्डित छोटे सरकारए ज्योति शास्त्री अंजना किशोरी सुनील शास्त्री थे।

असीम गोराई, राजू बर्मण, आशीष गोराई, गीरधारी लाल गोराई, संजय गोराई, सुरेश प्रसाद, जिसू गोराई आदि शामिल हैं।

शारदा विद्यालय को रोटरी ने दिया एसी, फ्रिज की सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। रोटरी इंटरनेशनल द्वारा सामाजिक दायित्व निभाते हुए अध्यक्ष निरुपमा सिंह एवं अन्य सदस्यों ने चंदनकियारी गांव के मामर कुदर ग्राम स्थित श्री शारदा विद्यालय का दौरा किया। शशांकानंद जी महाराज द्वारा संचालित इस स्कूल में गांव के युवाओं को शिक्षा के अलावा जीविकोपार्जन हेतु व्यावसायिक पाठ्यक्रम फूड टेक्नोलॉजी मशरूम खेती मधुमक्खी पालन डेयरी गोबर खाद जैसे कई तरह के कोर्स की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाती हैं। विद्यालय प्रबंधन ने शहरों में शहद की बढ़ती मांग को देखते हुए इस वर्ष मधुमखियों के पालन पर विशेष जोर देते हुए वृहत रूप से संचालित करने का कार्यक्रम तैयार किया है। प्रचंड गर्मी के कारण स्कूल संचालन व अन्य कार्यों में हो रही कठिनाई को दूर करने हेतु क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ जॉन लिउ ने स्कूल कार्यालय के लिए एक एयर कंडीशनर लगवाया। मशरूम के बीज के संरक्षण हेतु अध्यक्ष द्वारा एक फ्रिज दिया गया। शशांकानंद जी महाराज ने क्लब के इस पुनीत कार्य के लिए क्लब की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मौके पर रोटरी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बलियापुर में कुंज मिलन के साथ अखंड हरिकीर्तन संपन्न

बलियापुर। अलकडीहा ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का समापन रविवार को कुंज मिलन के साथ संपन्न हुआ । कुंज मिलन में काफी संख्या में महिला ,पुरुष , बच्चे ने भाग लिया । हरि बोल मंदिर में आयोजित कुंज मिलन में झारखंड के आसंबनी से आई प्रसिद्ध पाला कीर्तनिया मिठू रानी दास अपने नृत्य और गीत के माध्यम से कृष्ण लीला का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । हर हर महादेव , राधे राधे के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजते रहा । पिछले तीन दिनों से ग्रामीण मांस, मछली परित्याग कर हरि बोल , राधे राधे का जयकारा लगाते रहे । बताते है की यहां सैकड़ों सालो से अखंड हरि कीर्तन का आयोजन होते आ रहा है । ग्रामीणों का मानना है की अखंड हरि कीर्तन होने से गांव में संक्रामक बीमारी नहीं होती है । सुख समृद्धि बनी रहती है । इस मौके पर गांव के बच्चे भी राधे कृष्ण का रूप लेकर नृत्य करते है । साथ ही गांव के लोग बड़ चढ़कर सब मिल जुलकर इस अखंड कीर्तन को सफल बनाया ।

ब्रेन ट्यूमर लाइलाज बीमारी नहीं: डॉ भट्टाचार्य

एमरी हॉस्पिटल कोलकाता के न्यूरो सर्जन डॉ आरएन भट्टाचार्य अपने हॉस्पिटल में देंगे सेवा

खबर मन्त्र संवाददाता

गोविंदपुर। एमरी अस्पताल कोलकाता के निदेशक व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन प्रो. डॉ. आर.एन. भट्टाचार्य ने रविवार को अपना हॉस्पिटल, साहिबगंज मोड़, गोविंदपुर में कहा कि ब्रेन ट्यूमर अब लाइलाज बीमारी नहीं रही । इसका उपचार संभव है और इस बीमारी से ग्रस्त लोग उचित इलाज के बाद पूर्ण रूप से स्वस्थ हो रहे हैं । उन्होंने लकवा व मिर्गी के दौरे, याददाश्त में कमी,कमर एवं गर्दन दर्द, मस्तिष्क में खून आना,मस्तिष्क में पानी जमना, मस्तिष्क चोट, स्लिप डिस्क, दिमागी बुखार, सिर दर्द आदि के बारे में मरीजों को कई सलाह दी । उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक अपना हॉस्पिटल, साहिबगंज मोड़, गोविंदपुर में सेवा देंगे। इसके लिए संबंधित मरीजों को त्वरित सुविधा के लिए अपना हॉस्पिटल में पहले से पंजीयन करा लेना होगा। अपना हॉस्पिटल के निदेशक मो. सलाउद्दीन ने डॉ. भट्टाचार्य का स्वागत किया और यहां सेवा देने के लिए उनका आभार प्रकट किया उन्होंने कहा अब धनबादवासी अनुभवी और विशेषज्ञ न्यूरो सर्जन डॉ. आर.एन. भट्टाचार्य से अपने ही शहर में ससमय इलाज करवा कर स्वस्थ होंगे साथ ही इलाज में कम खर्च से लाभान्वित होंगे। अब न्यूरो से ग्रसित मरीजों को शहर से दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस मौके पर अस्पताल के मो. आमिरुद्दीन, शमशेर रजा, अशोक कुमार, अनिता आदि मौजूद थे।

बेरमो: भगवान शिव-हनुमान मंदिर की हुई प्राणप्रतिष्ठा

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान मे जारंगडीह स्थित मनसा नगर कॉलोनी स्थित मनसा मंदिर मे चार दिवसीय महायज्ञ के दौरान श्री श्री नविनिर्मित बजरंग बली एवं शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रूद्राभिषेक हवन पूजनए नगर भ्रमण और भंडारा के साथ संपन्न हुई। इस मौके पर हजारों भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर माथा टेका। भाजपा नेता सह अध्यक्ष शांति श्याम फाउंडेशन के प्रकाश

कुमार सिंह ने भी नवनिर्मित मंदिर में टेका माथा और आयोजन में शामिल हुए। साथ ही साथ बेरमो के सुख समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर मजदूर नेता अंजनी सिंहए संदीप कुमार अध्यक्ष विक्की बाउरीए सचिव विनोद महतोए कोषाध्यक्ष जयराजए ओम प्रकाशए बबन कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

टुंडी में निकली भव्य कलश यात्रा

टुंडी। रविवार को टुंडी, मनियांडीह में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री सार्वजनिक काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ जल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। जल यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं-पुरुष, बच्चे - बच्चियां शामिल हुई। जल यात्रा में साथ चल रहे विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान दीप नारायण सिंह ने कहा कि भगवती की असीम कृपा से मनियांडीह गांव में मां काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन हुआ है। गांव में इस प्रकार के आयोजन से भक्ति और अध्यात्म का माहौल बनता है। लोगों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। इस अवसर पर मुख्य यजमान चौकीदार दा, टुंडी प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि कनक गुप्ता, मुखिया धनंजय दा,यूथ फोर्स टुंडी प्रखंड नेता हीरालाल तुरी, उमेश महतो, मुन्ना दा, भीम दा, अजीत दा,प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह, आदि उपस्थित हुए।

दुग्दा में लगायें नया कोल वाशरी: सांसद

बेरमो/चंद्रपुरा। बोकारो जिले के दुग्दा स्थित अपने जमाने के एशिया महादेश के नंबर वन कोल वाशरी दुग्दा कोल वाशरी लगभग ढाई वर्षों से मरन स्थिति में है। जिस कारण इस कोल वाशरी के आसपास दर्जनों गांव सैकड़ों दुकानदार समेत हजारों आश्रित लोग प्रभावित हो रहे हैं। दुग्दा की जान दुग्दा की रौनक इस कोल वाशरी से ही थी। इस कोल वाशरी के बंद होने से दुग्दा के चारों तरफ बेरोजगारी और मायूसी छाई हुई है। पिछले वर्ष इस कोल वाशरी को किसी प्राइवेट कंपनी द्वारा लीज में लेने की बात प्रकाश में आई थी। परंतु कई महीने बीत जाने के बावजूद भी मामला ज्यों के त्यों पड़ा हुआ है। इस बाबत गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा की कोल इंडिया में इसका प्रस्ताव रखा गया है। अगर वाशरी की लाइफ खत्म हो गई है तो नया कोल वाशरी का प्रबंध किया जाएगा।

असंगत विरोध?

अब हमारे प्रधानमंत्री विदेशों में अपने नेतृत्व को रेखांकित करने-कराने में लगे हुए थे तो देश में उन्हें लेकर एक बेमतलब का विवाद शुरू हो गया था। मुद्दा संसद के नये भवन के उद्घाटन का है। बहुचर्चित नया संसद परिसर लगभग बनकर तैयार है और अब इसे देश को लोकार्पित किया जाना है। लोकसभा के स्पीकर ने उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री को निर्मंत्रित किया है। विपक्ष का कहना है कि यह कार्य देश के प्रथम नागरिक अर्थात राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए। यह मांग भी गलत नहीं कही जा सकती, आखिर देश के सर्वोच्च संस्थान के उद्घाटन का मामला है। उधर प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन कराने के पक्षधरों का कहना है कि प्रधानमंत्री देश का सर्वोच्च निर्वाचित नेता होता है और यह नया संसद परिसर तो प्रधानमंत्री मोदी की प्रिय परियोजना है। कोरोना-काल में जब देश के सारे निर्माण-कार्य ठप पड़ गये थे, इस परिसर का काम नहीं रोका गया था, और निर्माण कार्य के दौरान प्रधानमंत्री लगातार इसकी निगरानी कर रहे थे। पुनर्विकास का मतलब संसदीय परंपराओं को बनाये रखने से भी होता है। आज जब हम नये संसद-परिसर के उद्घाटन समारोह के साक्षी बन रहे हैं, इस बात का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है कि जनतंत्र का हमारा मंदिर जनतांत्रिक मूल्यों-आदर्शों के अनुरूप कार्य का उदाहरण बने। यह बात महत्वपूर्ण नहीं है कि उद्घाटन किसके हाथों हो, महत्वपूर्ण यह है कि उद्घाटन के बाद वहां काम कैसा हो रहा है। यह कार्यक्रम कोई संवैधानिक कार्यक्रम न होकर संसद भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम है और प्रधानमंत्री अगर इसका शुभारंभ कर रहें है तो यह देश का कार्यक्रम है किसी का व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं है। यह संसदीय कार्यक्रम भी नहीं है और प्रधानमंत्री कार्यपालिका का प्रधान होने के कारण यह अधिकार रखता है।

सैन्य बलों में महिला

अब भारतीय सेना ने देश सेवा का सपना देख रही युवतियों-महिलाओं के लिए महिला सैन्य पुलिस में सैनिकों के रूप में भर्ती का अवसर मिलना आंरभ हो गया है। अभी तक शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए सेना की मेडिकल, सिग्नल, एजुकेशन और इंजीनियरिग कोर में भर्ती की जाने वाली महिलाओं को सीधे मोर्चे पर लड़ाकू भूमिका में भेजने से परहेज था। पूछा जाता था कि क्या महिलाएं दुश्मन से मोर्चा लेने के लिए सरहद पर जाने और सीमा पर वापस आते ताबूतों को देखने के लिए तैयार हैं (संदर्भ-पिछले वर्ष सेना प्रमुख बिपिन रावत का बयान)। महिलाओं की दृढता पर सवाल उठाती आशंकाओं का ही प्रतिफल है कि थल सेना में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 3.80 फीसद, वायु सेना में 13.09 फीसद और नौसेना में 6 फीसद है। करीब 14 लाख सशस्त्र बलों के 65 हजार अफसरों के कैडर में देखें तो थल सेना में 1500, वायु सेना में 1600 और नौसेना में मात्र 500 महिलाएं हैं। बेशक, सेना में महिलाओं को अब से दो की बजाय दस शाखाओं में परमानेंट कमीशन देने पर तो सहमति है, लेकिन उन्हें कमांड भूमिकाओं में अब भी नहीं लाया जाएगा। तात्पर्य यह कि महिलाओं को किसी यूनिट के नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। कमांडिग अफसर बनने की बजाय परमानेंट कमीशन मिलने के बावजूद कर्नल के पद तक ही पहुंच सकेंगी। वैसे हर साल सशस्त्र सुरक्षा बलों की तीनों शाखाओं में करीब 3300 महिलाओं की भर्ती होती है, लेकिन वे सीधे दुश्मन से नहीं भिड़ती हैं। महिलाओं को लड़ाकू भूमिका नहीं देने को लेकर कुछ बाधाओं की बात कही जाती रही है। लेकिन वर्तमान समय में उनकी बहादुरी और होशियारी के साथ विश्व के विकसित देशों में जिस प्रकार की उन्हें जिम्मेदारी दी जा रही है उसकी चर्चा कम ही होती है। आज भारतीय परिवेश में उनकी भी एक समृद्ध परम्परा है।

क्लीन एनर्जी में सबसे आगे होगा देश

-मनोज शर्मा

डीआरई क्षेत्र को सही मात्रा में वित्त पोषण, नीति कार्यान्वयन और समर्थन सुनिश्चित करने के लिए देश के भीतर भी ऊर्जा इक्विटी को समझने करने की आवश्यकता है. यह बदले में भारत को बिजली की कमी से हमेशा के लिए दूर कर सकता है। डीआरई क्षेत्र में 2023 तक देश में 1,90,000 प्रत्यक्ष नौकरियां और 2,10,000 अप्रत्यक्ष नौकरियां होने का भी अनुमान है।

कॉप 26 के समाप्त हो चुका है। ग्लासगो सौदे पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं। लेकिन इसके साथ निश्चित रूप से विकसित देशों द्वारा वित्तीय प्रतिबद्धताओं की अनिश्चितता और सौदे में कोयले के चरणबद्ध कमी पर अंतिम मिनट में बदलाव को लेकर अनिश्चितता का माहौल है। ब्रिटेन के ग्लासगो शहर में आयोजित कॉप 26 में जाने से पहले इस बात पर व्यापक सहमति थी कि यह विकसित देशों के बीच नेट जीरो के संशोधित लक्ष्यों और जलवायु वित्त पर बढ़ती प्रतिबद्धताओं की होड़ होगी। भारत ने शुरूआती दिन ही 2070 तक अपनी नेट जीरो प्रतिबद्धताओं की घोषणा कर दी। साथ ही 2030 तक अपनी अक्षय ऊर्जा हिस्सेदारी को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी जताई। यह बहुत आशाजनक है. हालांकि, आगे एक लंबा रास्ता तय करना है।

वैश्विक स्तर पर दक्षिण के देशों और अन्य विकासशील देशों के बीच भविष्य के लिए ऊर्जा संक्रमण प्रतिबद्धताओं के अभी भी दूर की कौड़ी बने रहने की संभावना है। दुनिया भर में अभी भी 759 मिलियन लोग ऐसे हैं जिनके पास बिजली नहीं है। महामारी के वित्तीय प्रभाव ने बुनियादी बिजली सेवाओं को 30 मिलियन से अधिक लोगों के लिए अप्रभावी बना दिया है, जिनमें से अधिकांश अफ्रीका में स्थित हैं। बिजली की सबसे बड़ी कमी नाइजीरिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और इथियोपिया में थी, इस मामले में भारत का स्थान इन देशों के बाद है।

सौभाग्य योजना के तहत बिजली की 98 प्रतिशत पहुंच के साथ, भारत ने पिछले दशक में तेजी से ग्रिड विस्तार करके सभी के लिए बिजली की पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आपूर्ति की गुणवत्ता अभी भी एक उभरता हुआ मुद्दा है, जिसे कर्ज में डूबी वितरण कंपनियों के विवेक पर छोड़ दिया गया है। रुक-रुक कर हो रही बिजली की आपूर्ति व्यवसायों को पंगु बना रही है। गांवों में उद्यमियों को उनके कामकाज को बढ़ाने में अवरोध पैदा कर रही है। ये व्यवसाई अपने व्यवसाय के विस्तार और स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान के लिए उत्पादन क्षमता को और उसके उपयोग को बढ़ाना चाहते हैं।

ऑफ-ग्रिड सौर उपकरण जैसे विकेंद्रीकृत समाधान छोटे व्यवसायों के लिए केवल बिजली की रौशनी भर मुहैया नहीं करा रहे, बल्कि उनके व्यवसाय को भी बढ़ाने में काफी योगदान दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, झारखंड के पेरका गांव में एक 5 वॉट सौर प्रणाली एक बाजरा प्रोसेसिंग प्लांट यूनिट को बिजली प्रदान करती है, जहां 35 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। उनमें से प्रत्येक अब प्रति माह 7000 रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। ये वर्तमान ग्रिड सिस्टम द्वारा मुहैया कराना बहुत हद तक संभव नहीं है।

एनर्जी इक्विटी डिवाइड को पाटना

वितरित अक्षय ऊर्जा (डिस्ट्रीब्यूटेड रिन्यूएबल एनर्जी, डीआरई) से संचालित आजीविका के उपायों को भी गति प्रदान करती है। जैसे सौर ऊर्जा संचालित कृषि प्रसंस्करण इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज आदि में डीजल पर निर्भरता को कम करने और अंततः पूरी तरह से समाप्त करने और ग्रिड आपूर्ति को पूरक करने की क्षमता इसमें है। कृषि, कृषि-प्रसंस्करण, डेयरी, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन, सिलाई आदि में डीआरई आजीविका अनुप्रयोगों के सफल पायलट और व्यवसायिक मॉडल हैं। इसको आगे बढ़ाने की पृष्ठभूमि में निम्नलिखित उपायों की तत्काल आवश्यकता है: पहला- वर्तमान में उपलब्ध डीआरई आजीविका अनुप्रयोगों का विस्तार करें। दूसरा- वित्त तंत्र के माध्यम से नए डीआरई आजीविका प्रयोगों के विकास में सहायता करना।

स्टेट ऑफ द सेक्टर रिपोर्ट के चौथे संस्करण में स्वच्छ ऊर्जा एक्सेस नेटवर्क 2019-20 में समग्र डीआरई क्षेत्र का सकारात्मक दृष्टिकोण देता है। हालांकि यह क्षेत्र व्यापक जागरूकता की कमी, बाजार से सीमित संबंधों से जूझने के अलावा, पर्याप्त वित्त जुटाने, नीतिगत ढांचे को तय करने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है।

एक ऐसे देश के लिए, जिसने अपने ग्रिड में अक्षय ऊर्जा के 100 गीगावाट को जोड़ा है, डीआरई समाधानों की बात करते समय अपने स्थायित्व को खोजने की चुनौतियां इसकी अन्य सफलताओं के विपरीत हैं। इस क्षेत्र में निवेश किए गए हितधारक अभी भी राज्य स्तर पर अपने व्यावसायिक हितों का विस्तार करने के लिए एक ठोस नीतिगत ढांचे की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

शायद यही वजह है कि देरी और नीतिगत विफलताओं को इसके लिए दोष दिया जा सकता है। खासकर तब, जब हम मानते हैं कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) 2020 के अक्टूबर में ग्रामीण आजीविका में डीआरई अनुप्रयोगों के पहले मसौदे के साथ आया था, जिसे मार्च 2021 में संशोधित किया गया था। ऐसा ही एक और उदाहरण झारखंड राज्य में मिनी ग्रिड नीति है, जहां 2018 में तैयार किया गया पहला मसौदा 2020 के अंत में अपडेट किया गया था और फरवरी 2021 में संशोधित किया गया था. इसे अभी भी सरकार द्वारा अंतिम रूप दिए जाने का इंतजार है।

पेरिस सीओपी में भारत की '2022 तक 100 गीगावॉट की प्रतिबद्धता के बाद सरकार का ध्यान अब तक जोड़ा गया गीगावाट बनाम बिजली की कमी से दूर कर लाखों लोगों के उत्थान पर है। और यह स्थिति ग्लासगो सौदे के बाद भी जारी रहने की संभावना है. आंतरिक समस्या ये है कि, देशभर में मौजूद बिजली के असमान वितरण जैसी समस्याओं को स्वीकार नहीं करना।

इससे बिजली से संबंधित प्राथमिकताओं, उसके कार्यान्वयन पर फोकस करने में भी परेशानी पैदा होती है। डीआरई क्षेत्र को सही मात्रा में वित्त पोषण, नीति कार्यान्वयन और समर्थन सुनिश्चित करने के लिए देश के भीतर भी ऊर्जा इक्विटी को समझने करने की आवश्यकता है. यह बदले में भारत को बिजली की कमी से हमेशा के लिए दूर कर सकता है। डीआरई क्षेत्र में 2023 तक देश में 1,90,000 प्रत्यक्ष नौकरियां और 2,10,000 अप्रत्यक्ष नौकरियां होने का भी अनुमान है।

खास बात

सफलता-विफलता

डॉ मेरी ग्रेस

यह तो सच ही है कि प्रत्येक व्यक्ति सफल होना चाहता है। असफलता किसी को पसंद नहीं। लेकिन शायद ही हमने इस ओर ध्यान दिया हो कि सफलता और विफलता घटनाओं को इंगित करती हैं व्यक्ति को नहीं। या तो हम कुछ करते हुए सफल होते हैं, या हम किसी काम में विफल हो जाते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम पूरी तरह से सफल हैं या पूरी तरह से विफल। हमारे कुछ पहलू ऐसे हो सकते हैं जिनमें हम पूरी तरह सफल न हों या किसी में पूरी तरह विफल न हों। एक सफलतम व्यक्ति का बड़ा बैंक बैलेंस हो सकता है, लेकिन साथ ही यह भी संभव है कि वह एक अभिभावक, पति या पत्नी या किसी अन्य रिश्ते में पूरी तरह नाकाम हो। इसी तरह कोई व्यक्ति किसी व्यवसाय में पूरी तरह नाकाम हो, लेकिन अविश्वसनीय रूप से वह अच्छा अभिभावक हो।

क्या कभी हम इन बातों की तरफ ध्यान देते हैं कि मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से सफलता के मायने क्या हैं? हम क्यों हर बार, हर जगह सफल ही होना चाहते हैं। दरअसल यह हमारा 'बिलीफ सिस्टम' होता है जिसके कारण हम यह मान लेते हैं कि हम सफल हैं और हमारे बच्चों को भी सफल होना चाहिए। या हम यह मान लेते हैं कि हम नाकाम हैं लिहाजा ये सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि हमारे बच्चे नाकाम न हो जाएं। अगर बच्चा परीक्षा में फेल हो जाता है तो हम उसे नाकाम कहते हैं, हम इस तरह से पेश आते हैं जैसे कि वह जिंदगीभर नाकाम ही रहेगा। यानी एक बार मिली असफलता को अस्थायी मान बैठते हैं। हो सकता है एक परीक्षा में फेल बच्चा आगे सफलता की इबारत लिखे। हम यह मानने के लिए तैयार नहीं होते कि बच्चे खेल में अच्छे हो सकते हैं, वे बहुत बड़े कलाकार हो सकते हैं, अच्छे वक्ता या रचनात्मक समस्या को हल करने वाले हो सकते हैं। वे ईमानदार व मददगार हो सकते हैं। उनमें व्यक्ति के रूप में अनोखे गुण हो सकते हैं। हम इन सब चीजों को नजरअंदाज कर देते हैं और उन पर विफलता का ठप्पा लगा देते हैं सिर्फ इसलिए कि वह एक परीक्षा में फेल हुए हैं।

मृग बना मारीच

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

मारीच ने रावण से कहा - मुनि विश्वामित्र इनको लेकर बक्सर आये थे। इन दोनों राम और लक्ष्मण के हाथों में गजब की ताकत है और धनुष बाण चलाने की कल, लाघवता,एवं क्षमता अत्यंत ही बड़ी है। एक बाण में ही इन्होंने ताड़का का बध कर दिया था। सुबाहु लक्ष्मण के सामने पड़ गया था और उकसा वध लक्ष्मण ने किया था। मैं पड़ गया था राम के सामने। पता न उनके मन में क्या आया। बाणका नोक तोड़ दिये थे और बिना नोक का बाण मेरे ऊपर संधान किया था। मैं उस बाण से उड़ गया था।आज तक मैं डर से उधर झांका भी नहीं और आप कहते हैं कि मैं उधर जाऊं। मैं आपसे कहता हूं कि आप यह विचार छोड़ दीजिए। जो कुछ हुआ लेकिन आप उनकी पत्नी का हरण करने का विचार न बनाइये। रावण ने कहा - मैं जो सोच लेता हूं वह करता हूं। मैंने अगर योजना बना ली है तो मैं करूंगा। तुम साथ देते हो या नहीं देते हो बताओ। अगर साथ नहीं देते हो तो अभी तलवार से मौत की घाट उतार दूंगा। मारीच ने सोचा कि अगर मरना ही है तो क्यों इसके तलवार से मरें क्यों न राम के बाण से मरें? ऐसा सोचकर वह रावण के साथ हो गया। ज्योंही मारीच राम और सीता के पंचवटी में स्थित झोपड़ी के सामने आया। वह सुनहरे चमड़ों वाला मृग बन गया और सीता के सामने घूमने लगा। सीता अचंभित हो रही थी। वे राम की ओर देखी। राम समझ गये कि यह रावण की ही करतूत होगी। ये लोग पहले से तैयार थे नाटक करने के लिये। सीता बोली ये सुनहले चमड़ों वाला मृग है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

दुनिया भर के गंजों को समर्पित.. आज से 40 साल पहले जब मैं मुंबई फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने आया था तो मेरे बाल झड़ रहे थे और अस्त व्यस्त थे। लोग इसे मेरी किस्मत कहते थे और मैं इसे अपनी खासियत कहता था।

-अनुपम खेर अभिनेता

रोचक ट्वीट

देश में कुछ चीजें राजनीति से परे होने चाहिए। संसद भवन किसी एक पार्टी विशेष का नहीं एक व्यक्ति का नहीं, जिसको देश की जनता सत्ता सौंपेगी उसका होगा । भारत के लोकतंत्र का मंदिर संसद भी एक नया युगानुरूप स्वरूप ले रही है।

-सुधांशु त्रिवेद्धी, भाजपा

दुनिया की आबादी सात अरब से ज्यादा है। इसमें से कोई भी कष्ट उठाना नहीं चाहता और न ही कोई समस्याओं का सामना करना चाहता है। इसके बावजूद हम कई सारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं जो खुद हमने खड़ी की हैं।

-दलाई लामा

सुरक्षा बलों के जवान की मानसिक स्थिति एक बड़ी समस्या

सुधांशु कुमार

अर्धसानिक बलों के जवान उचित खानपान न मिलने, छुट्टियां न मिलने जैसी शिकायतें सोशल मीडिया पर भी करते रहे हैं। झारखंड के सरायकेला में एक जवान ने अपने असिस्टेंट कमांडेट सहित छह जवानों को मार डाला था। हत्यारोपी जवान अवसाद से पीड़ित था।

नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के एक जवान ने अपने ही छह साथी जवानों की गोली मार कर हत्या कर दी थी। झारखंड में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों में संघर्ष के दौरान गोलियां चलीं, जिसमें दो जवान मारे गए। ये घटनाएं विचलित करने वाली हैं। इन घटनाओं के कारण जो भी रहे हों, लेकिन इतना तय है कि हमारे अर्धसैनिक बलों की हालत अच्छी नहीं है। ये घटनाएं बता रही हैं कि सुरक्षा बलों के ज्यादातर जवान बुरी तरह अवसादग्रस्त और मानसिक दबाव में हैं, इसलिए इनके भीतर कहीं न कहीं गहरा असंतोष पनप रहा है। इसके कारण चाहे पारिवारिक हों अथवा विभागीय, लेकिन गौर करें तो साथी जवानों पर हमले और हत्याओं की घटनाएं नई बात नहीं हैं। कुछ साल पहले औरंगाबाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के एक जवान ने अपने ही चार साथियों को गोलियों से उड़ा दिया था। इसी तरह झारखंड के सरायकेला में एक जवान ने अपने असिस्टेंट कमांडेट सहित छह जवानों को मार डाला था। हत्यारोपी जवान अवसाद से पीड़ित था।

समस्या

आमतौर पर आत्महत्या की प्रवृत्ति उन जवानों में सर्वाधिक देखी जाती है जो सीमा पर पहरा देते हैं या जोखिम भरे क्षेत्रों में काम करते हैं। अक्सर इन कार्यों में जवानों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी, आतंकवादी और उग्रवादी गतिविधियों के कारण पिछले तीन वर्षों में सुरक्षा बलों के तकरीबन चार सौ से अधिक जवानों ने जान गंवाई है। इनमें सबसे अधिक जवान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शहीद हुए हैं। इस बल ने 2015 से 2017 के दरम्यान एक सौ सड़सठ जवानों को खोया है। अपने साथी जवानों की शहादत को देख कर अन्य जवानों का विचलित होना स्वाभाविक है। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो इनमें से कुछ जवान अवसाद में चले जाते हैं। गृह मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में जवानों की आत्महत्या और अवसाद के कई कारण गिनाए थे, जिसकी वजह से पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न अर्ध सैनिक बलों के चार सौ से अधिक जवानों ने आत्महत्या की और साथ ही अपने साढ़े तीन दर्जन से अधिक साथियों को निशाना बनाया। आमतौर पर अर्धसैनिक बलों के उच्चाधिकारी यह दलील देते हैं कि जवानों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति का मूल कारण उनका पारिवारिक तनाव है, न कि नौकरी के दौरान उपजने वाला मानसिक दबाव। इसमें कोई दो राय नहीं कि जवानों के आत्महत्या करने और नौकरी छोड़ने के पीछे पारिवारिक तनाव बड़ा कारण है। लेकिन दूसरे कारण भी हैं जो जवानों को विचलित करते रहते हैं। सच तो यह है कि नौकरी की कठिन सेवा शर्तें भी जवानों की परेशानी और आत्महत्या की बड़ी वजह है। कुछ वर्षों से सेना द्वारा नौकरी की सेवा-शर्तें एवं वेतन में व्याप्त विसंगतियों को लेकर सवाल उठाया जाता रहा है। कठिन सेवा शर्तें कई किस्म की परेशानियां खड़ी कर रही हैं।

केवल सीआरपीएफ की ही बात करें तो अस्सी प्रतिशत जवानों को पिछले दो दशक से एक जगह पर स्थायी रूप से नियुक्ति नहीं मिल पाई है और वे समय-समय पर मिलने वाली प्रोन्नति से भी वंचित हैं। उनका जीवन खानाबदोशों की तरह हो गया है।

कॉटून वर्ल्ड

बच्चों की छिनता बचपन...

लेटर टू एडिटर

ममता की नीति

ममता बनर्जी ने यह सब मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत किया है। ऐसे नेता जो देश में विकास करने की जगह हिंदू-मुस्लिम करने की कोशिश करते हैं, इनसे देश कैसे उम्मीद रख सकता है? हमारे नेताओं को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। भारतीय कानून ने भले ही मतदान के वैयक्तिक अधिकार दिए हों, परन्तु व्यवहार में ऐसा नहीं होता है। ममता बनर्जी को नीति बदलना ही होगा।

-रविकांत झा, खूंटी

महिलाओं का उत्पीड़न

परिवार और समाज के अन्य सदस्य, जिसे मतदान करते हैं, उसी को मतदान करने के लिए अन्य सदस्यों पर दबाव डालते हैं। हाल ही में झारखंड में एक महिला द्वारा अपने मनचाहे प्रत्याशी को मतदान करने पर उनके परिजनों ने प्रताड़ित किया। ऐसे कृत्यों पर रोक लगाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। साथ ही, ऐसा किए जाने से मतदाताओं का किसी खास जाति-धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण पर भी रोक लगेगी। **-रवि, रांची**

साइबर अपराध में बुरी तरह फंसते युवा

अभिषेक कुमार

कंप्यूटर और इन्टरनेट के माध्यम से किये जानेवाले सभी प्रकार के गैर - कानूनी और धोखाधड़ी की एक्टिविटीज साइबर क्राइम की श्रेणी में शामिल किये जाते हैं । सूचना तकनीक के रूप में कंप्यूटर, मोबाइल और इन्टरनेट के बढ़ते प्रयोग के फलस्वरूप साइबर क्राइम का दायरा भी बड़ी तेजी से बढ़ता जा रहा है। किसी यूजर के कंप्यूटर से इन्टरनेट की मदद से उनके पर्सनल डाटा की चोरी से लेकर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के कॉपीराइट का गैरकानूनी प्रयोग, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, बुल्लिंयिंग (डराना और ब्लैकमेलिंग), वित्तीय धोखाधड़ी से लेकर कई अन्य अपराध भी साइबर क्राइम के अंतर्गत आते हैं । इसके अतिरिक्त स्पैम मेल के द्वारा अपने वस्तु और सेवा का प्रमोशन करना, फिशिंग के माध्यम से किसी यूजर के प्राइवेट डाटा में सेंध लगा कर बैंकों से धन की निकासी करना, ड्रग ट्रैफिकिंग करने के अतिरिक्त कई अन्य गैरकानूनी कार्य भी साइबर अपराध की केटेगरी में सम्मिलित की जाती हैं । आज हम टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट के उस स्टेज पर पहुँच चुके हैं जहाँ पर हम इन्टरनेट और कंप्यूटर के बिना अपना काम बिलकुल नहीं चला सकते हैं ।

लिहाजा यह अनिवार्य है कि जब हम कंप्यूटर और इन्टरनेट का यूज कर रहे हों तो हमें कुछ ऐसी सावधानियों का अवशय ध्यान रखना चाहिए जिससे हम साइबर क्राइम की घटनाओं से खुद की रक्षा कर पायें

समाज

अपने कंप्यूटर के लिए एक स्ट्रौंग पासवर्ड सबसे अनिवार्य

वैसे तो यह सामान्य - सी बात है कि जब आप अपने कंप्यूटर पर इन्टरनेट चला रहे हों तो आप अपने पीसी को एक स्ट्रौंग पासवर्ड से सिक्योर कर लें । किन्तु जब भी आप अपने कंप्यूटर को किसी पासवर्ड से सिक्योर करें तो इस बात का ध्यान रखें कि पासवर्ड हमेशा ही स्ट्रौंग होना चाहिए । पासवर्ड का क्रिएशन लेटर्स, सिम्बल्स और नुमेरल्स का मिक्सचर हो तो यह बहुत इफेक्टिव माना जाता है । इसके साथ-साथ आप पासवर्ड के लिए लोअर केस लेटर्स और अप्पर केस लेटर्स का भी यूज कर सकते हैं। यदि आप एक से अधिक एकाउंट्स का यूज कर रहे होते हैं तो आपको उन सब एकाउंट्स के लिए एक कॉमन पासवर्ड का यूज कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसी स्थिति में साइबर क्राइम का खतरा बढ़ जाता है । आप अपने मोबाइल नंबर, व्हीकल नंबर, हाउस नंबर, बर्थडे जैसे नंबर्स का भी यूज अपने पासवर्ड के लिए नहीं करें क्योंकि इस प्रकार के पासवर्ड को गेस करना कठिन कार्य नहीं होता है ।

सोशल मीडिया के यूज के बारे में आपकी सतर्कता जरुरी

सोशल मीडिया के रूप में फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग इत्यादि के यूज के बारे में हमें सावधान रहने की जरुरत है । सोशल मीडिया के इन साइट्स पर कुछ भी अपलोड करने पर वे सभी दुनिया भर के यूजर्स के लिए हमेशा के लिए पोस्ट हो जाते हैं । इसीलिए हमेशा इस बात की सावधानी रखनी चाहिए कि हम ऐसा कुछ भी पोस्ट नहीं करें जो हमारे लिए बेहद प्राइवेट और सेंसिटिव इनफार्मेशन वाला हो और जिनके लीक हो जाने पर हमें किसी खतरे का सामना करना पड़े।

सेंसिटिव और पर्सनल इनफार्मेशन का प्रोटेक्शन जरुरी

कई बार हमें ऑनलाइन शॉपिंग के अतिरिक्त इन्टरनेट बैंकिंग के यूज के लिए कई पर्सनल इनफार्मेशन शेयर करनी होती है । खासकर यूजर के एड्रेस, ईमेल और मोबाइल नंबर, बैंक्स अकाउंट नंबर इत्यादि की प्राइवेसी के बारे में ध्यान रखने की जरुरत है ।

लेखक आईटी विशेषज्ञ हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

शंभु प्रसाद बने शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

रामगढ़। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने भुरकुंडा निवासी सेवा निवृत प्रोफेसर डॉ शंभु प्रसाद को महासभा के शिक्षा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है की आप अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की मजबूती के लिए कार्य करते हुए संगठन के शिक्षा प्रकोष्ठ से जिलाभर के लोगों को जोड़ते हुए समाज के लोगों के हित में कार्य करेंगे। श्री सिन्हा ने प्रोफेसर डॉ शंभु प्रसाद से महासभा के शिक्षा प्रकोष्ठ की जिला समिति का विस्तार 15 दिनों के अंदर कर लेने को कहा है। डॉ शंभु प्रसाद ने अपने मनोनयन पर कहा कि वे महासभा के शिक्षा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत करने के लिए जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा का आभार व्यक्त करते हैं।

पैंकी में निकली भव्य कलश यात्रा

कुजू। नगर परिषद क्षेत्र के पैंकी में नव निर्मित हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मंडप परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकली। कलश यात्रा में करीब 251 से अधिक संख्या में नव कन्याएं एवं महिला श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला संगठन सचिव गुड्डू सिंह, राजेंद्र कुमार महतो समेत कई लोग शामिल हुए। इस दौरान कलश यात्रा के लिए प्रस्थान करते हुए कलशधारी क्षेत्र का नगर भ्रमण कर स्थानीय दामोदर नद पहुंचे।यहां यज्ञाचार्य पंडित गंगा तिवारी, पुरोहित पंडित नितेश तिवारी समेत ने अन्य पंडितों ने यजमान बने डालचंद महतो, खेमलाल महतो, राजेश महतो, प्रदीप महतो, दिलेश्वर महतो नेपाल महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद सभी श्रद्धालु जलभरी कर माथे में कलश को लेकर मंडप परिसर पहुंचे, जहां कलशो को स्थापित किया गया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

मांडू। मांडू बाजार टांड़ स्थित दिलीप सुहास स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय मांडू क्रिकेट प्रीमियर लीग नाईट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय मेवाड़ ने फीता काटकर किया । मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्द्धन किया । बड़ी की संख्या में मौजूद खेल प्रेमियों के बीच , उद्घाटन समारोह में समाज सेविका नैना मेवाड़ , मुखिया अनिता देवी मुखिया बैजनाथ राम , शाहिद सिद्दीकी, समाजसेवी बालेश्वर भुईयां , ललित सिंह , समाजसेवी कुलदीप प्रसाद,छोटेलाल भुईयां मौजूद थे। मंच का संचालन अतहर अली और संदीप करमाली ने किया । दो पंचायतों के बीच होने वाले इस मैच का पूरा ताना बाना भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच जितेंद्र कुमार ने किया । विजय मेवाड़ ने कहा मांडू जैसा ग्रामीण इलाका सिर्फ.खेती के लिए नहीं बल्कि अव्वल दर्जे के खिलाड़ियों के लिए जाना जाएगा । यह क्षेत्र युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों से पटा पड़ा है । श्री मेवाड़ ने विश्वास व्यक्त किया, आज का खिलाड़ी आने वाले कल में प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर पर मांडू का परचम जरूर लहराएगा । मैच के सहयोगियों व आयोजकों की भूरी भूरी प्रशंसा की । आयोजक जितेंद्र कुमार ने इस मैच में मेरे क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है, तभी इतना बड़ा आयोजन हो पाया है ।

भंडारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रीश्री 1008 श्री गुरू खेपा बाबा जी महाराज के सानिध्य में थाना मैदान भुरकुंडा में चल रहे नौ दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी यज्ञ रविवार को हवन, पूणार्हूति और भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गया। रविवार को यज्ञाचार्य आचार्य सत्येन्द्र गर्ग, राधेश्याम दूबे, राघव पंडित, ब्रजभूषण तिवारी और आयुष पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन, पुणार्हुति सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। सुबह महिला पुरूष श्रद्धालु भक्तजनों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। यज्ञ में बतौर यजमान कृष्णा साव, पत्नी लालती देवी, फुलचंद गंझू पत्नी प्रीति देवी शामिल थीं। यज्ञ को सफल बनाने में सुदीप सरकार, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, उमेश प्रसाद, मनोहर जोशी, गौतम नारायण बोस, रविन्द्र नारायण बोस, आनंद महतो, सत्यनारायण दांगी, दयानंद कुमार पात्रा, सागर सिन्हा, राहुल मंडल, ललन प्रसाद, प्रदीप मांझी, अजय पासवान, सुभाष दास, जगदीश राणा, विनय सिंह, आकाश दास, बसंती देवी, शीला देवी, रेशमी कुमारी, विजया रानी बोस, राजकुमार तुरी, सुमंती देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी, राखी देवी, रेखा देवी, दीक्षा कुमारी, रूपा देवी, डॉली कुमारी, पिंकी कुमारी, नीलू कुमारी, आशा देवी, देवानंद महतो, पुतुल दास, उमेश दास, पेरो देवी, सुभाष कुजूर, नीतु देवी, अनिता देवी, अशोक राय, शशि भूषण, रामाकांत दूबे, श्रीनिवास अग्रवाल, देवकांत पंडित, सुधीर दूबे, विजय सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

गांधी उच्च विद्यालय में स्कॉलरशिप टेस्ट

भुरकुंडा । पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग बोर्ड स्कॉलरशिप टेस्ट 2023 के दूसरे चरण के परीक्षा का रविवार को बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय देवरिया बरगांवा में हुआ। स्कोलरशिफ टेस्ट में 10वीं, 12वीं व स्नातक कक्षा में उतीर्ण हुए करीब 100 विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान पहले चरण के स्कोलरशिफ टेस्ट परीक्षा में शामिल हुए बच्चों का रांची के कैरियर काउंसलिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसएस सिंह, सत्यम सिन्हा एवं शिक्षक विक्रम द्वारा कांउसलिंग भी किया गया। इसमें 30 विद्यार्थी शामिल हुए। कांउसलिंग में बच्चों को 10वीं और 12वीं के बाद के कोर्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

डॉ जीशान खान आइकॉन अवार्ड से सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग के प्रसिद्ध डेंटिस्ट को क्रिकेटर ब्रेट ली ने किया सम्मानित

हजारीबाग । शहर के मशहूर डेंटिस्ट डॉ जीशान खान को ऑस्ट्रेलियन क्रिकटर ब्रेट ली ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में मुंबई में आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया है। ये सम्मान समारोह, मुंबई के होटल ताज महल पैलेस में एक समारोह में किया गया। इस समारोह में देश विदेश से 80 डॉक्टरों को अलग अलग क्षेत्र से सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया था। समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ जीशान ने कहा कि मुख्य उद्देश्य दंत चिकित्सा में आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करना है। डॉ जीशान ने कहा की शहरी क्षेत्रों में 40प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 57.7प्रतिशत ने अपनी समस्या के लिए सरकारी स्थापित दंत चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करते है। उन्होंने कहा की डेंटल कॉलेज अस्पताल और अधिकांश निजी डेंटल क्लीनिक शहर की सीमा के भीतर स्थित हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कम या वस्तुतः कोई दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने ने कहा की लगभग 30प्रतिशत अध्ययन आबादी ने कभी भी दंत चिकित्सक का दौरा नहीं किया था। इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने डॉ जीशान को इस उपलब्धि पर बधाई दिया है।

इस सम्मान से झारखंड एवं हजारीबाग जिले के लिए यह गौरव का पल है। डॉ जीशान को बधाई देने वालों की कतारें लगी हुई है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने अपने माता पिता की महत्वपूर्ण योगदान बताया। सम्मानित होने वालों में डॉ आशीष बग्गा- अमृतसर, डॉ ऋत्विक भार्गव- पुणे, संदीप बोहरा - चेन्नई, डॉ ज्ञानदीप वर्मा- लखनऊ, डॉ संजय त्रिपाठी- पटना, डॉ शेरेया भदानी- इंदौर, डॉ पूजा सिंह- दिल्ली शामिल है। बताते चले की इससे पूर्व में डॉ जीशान हैल्थकेयर अवार्ड, युथ आइकॉन अवार्ड, इमर्जिंग डेंटिस्ट अवार्ड एवं यंग आइडल अवार्ड से भी सम्मानित किए जा चुके है।

दारू में संवेदक ने वार्ड सदस्य को पीटा

संजय कुमार पांडेय ने तालाब निर्माण में अनियमितता का किया था उजागर

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। सदर प्रखंड क्षेत्र के मेरु पंचायत में मनरेगा योजना के तहत तालाब निर्माण में गड़बड़ी उजागर करने पर संवेदक के द्वारा वार्ड सदस्य की पत्रकार के सामने पिटाई करने का मामला सामने आया है।

यह मामला मेरु की है जहां मनरेगा योजना के तहत एक तालाब का निर्माण कुछ दिन पूर्व रात के अंधेरे में नियम विरुद्ध जेसीबी मशीन के द्वारा किया जा रहा था।इस निर्माण का विरोध वहां के वार्ड सदस्य संजय कुमार पांडेय ने वीडियो क्लिप बनाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गुंजन सिन्हा, सदर बीपीओ सहित कुछ अन्य लोगो के पास भेजा था जिससे नाराज होकर दिलीप यादव ने रविवार को उसकी पिटाई कर दी। वार्ड सदस्य रविवार को पत्रकार को लेकर निर्माण स्थल रविवार की सुबह ले गए थे जहां वह योजना निर्माण में गड़बड़ी की जानकारी दे रहा था तभी दिलीप ने पहुंचकर उसके साथ मारपीट कर दी।

यह तालाब मेरु निवासी रीना देवी पति दिलीप यादव के नाम से प्रखंड कार्यालय में स्वीकृत है और उसका ऑनलाइन इंट्री कर भुगतान की प्रकिया की है रही है।

प्रशिक्षित बेरोजगार संघ दायर करेगा याचिका

रामगढ़। झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो ने रविवार को कहा कि संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा- 2016 में कई प्रश्नों के उत्तर में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा गलत उत्तर जारी किया गया था। कहा कि जेएसएससी द्वारा गलत उत्तर जारी करने के खिलाफ झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। लेकिन हाईकोर्ट के द्वारा केश खारिज कर दिया गया। कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट के डबल बेंच में फिर से अपील याचिका दायर की जाएगी। उन्होंने कहा कि संघ वैसे लोगों से अपील करती हैं कि जो फिजिकल एडुकेशन रिलेटेड है , जो परीक्षा मे शामिल हुए थे वे अपील करने में सहयोग करें ।

त्रिदेव विस्थापित समिति का गठन, अध्यक्ष बने शंकर राम

बड़कागांव। चेपाकला पंचायत के ग्राम जुगरा,आराहारा एवं मझली डाड़ी के ग्रामीणों ने त्रिदेव विस्थापित समिति का गठन को लेकर बैठक किया। जिसमें सर्व समिति से समिति का गठन हुआ। अध्यक्ष बने शंकर राम एंव सचिव खेमानी साव, कोषाध्यक्ष फुलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष विजय राणा, उपसचिव राजेंद्र प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष सिकेंद्र कुमार साव, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार सिंह का चयन हुआ।मौके कैलाश साव, ब्रजेश कुमार सिंह, बाजो राम ,रामदुलार साव, द्वारिका भारती ,मुकेश साव, दिनेश्वर साव, सिकंदर साव, संतोष सिन्हा, सुरेश राणा ,विजय महतो ,दिनेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, मिठू महतो, कुलदीप महतो, रामकुमार साव ,टीभर राम के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

आजसू के सैकड़ों कार्यकर्ता जदयू में शामिल

कुजू। सारूबेड़ा पंचायत के सिरका में जनता दल यूनाईटेड के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यन्त कुमार व जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, प्रदेश महासचिव जगदीश महतो शामिल हुए।

इस दौरान समारोह में आजसू नेता मनन खान ने अपने सैंकड़ों कार्यकताओं के साथ जदयू पर आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण किया. मौके पर अतिथियों ने कहा कि जदयू के नेतृत्व में क्षेत्र का विकास होगा। अब लोगों को भी समझ में आ गया है किस पार्टी द्वारा क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। रामामाकांत पटेल, इम्तियाज अंसारी, उमेश साव, बालेश्वर तुरी, भूदेव महतो, जगदेव महतो,धनंजय महतो,चितरंजन महतो, उपेंद्र महतो,दिलीप करमाली, जयनाथ करमाली,निर्मल करमाली,नौसाद अंसारी, खुर्शीद अंसारी, महेश भुइया,सोनू भुइया,पंकज कुमार,कोलेस्वर राम,केशव मुंडा, इम्तियाज अंसारी, समसाद खान,मोफिल खान ,सागर खान, दानिस खान,कृष्णा भुइया, सहीद अंसारी,विक्की शर्मा,संतोष उरांव, उमेश मुंडा आदि मौजूद थे।

दिगवार : महायज्ञ में उमड़ी भीड़

कुजू। दिगवार काली मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराये गये। इस दौरान यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री द्वारा यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, खेमलाल महतो, विनोद कुमार कुशवाहा, हरि नारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव महतो, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, बालो महतो, नंदलाल महतो, जागो महतो, सुखदेव प्रसाद, शशि शशि प्रसाद सपत्नीक को वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, हवन अन्नाधिवास, धृताधिवस, पुष्पाधिवस, आरती, पुष्पांजलि आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। इधर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला संगठन सचिव गुड्डू सिंह, राजेंद्र महतो, डीया महतो समेत कई अन्य सदस्य यज्ञ स्थल पहुंचे तथा ईश्वर से क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए कामना की। वहीं समिति के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत अंग वस्त्र एवं मंदिर परिसर में बने विभिन्न देवी- दवताओं की मंदिर की स्मृति चिन्ह देकर किया गया। यज्ञ को लेकर को यज्ञ समिति द्वारा विशाल मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें आयोजित मेले में धनबाद से आए सदस्यों द्वारा मीना बाजार के साथ तरह-तरह के झूले लगाए गए हैं। वहीं बीती रात्रि में प्रयागराज से आई विदुषी अंजनी गोस्वामी और मानस की स्वर कोकिला शिव कुमारी देवी जी द्वारा कथा का वाचन किया।

प्रतिष्ठा महायज्ञ में भक्ति के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित श्रीश्री 1008 पगला बाबा सेवा आश्रम में चल रहें तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को गाजे बाजे के साथ प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। प्रतिमा का पगला आश्रम, जवाहरनगर, थाना चैक सहित अन्य कॉलोनियों मे नगर भ्रमण कराया गया। इसके पुर्व यज्ञाचार्य आचार्य अशोक कुमार मिश्र ने पुरे विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 33 कोटी देवताओं का आह्वान, स्थल पुजन, अधिवास, शच्चाधिवास सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। नगर भ्रमण के दौरान लोगो के जय श्रीराम, जय माता सीता, जय हनुमान सहित अन्य अराध्य देवी देवताओ के गगनभेदी उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पुजा अर्चना मे बतौर यजमान मनोज सिंह सपत्नी सुमन सिंह शामिल थें। महायज्ञ मे सोमवार को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा, आवाहित, देवी देवताओं का पुजन, हवन, पुणार्हुति और भव्य भंडारा के साथ संपन्न होगा। नगर भ्रमण में अजय पासवान, यदुनंदन विश्वकर्मा, सतीश ठाकुर, रामसकल सिंह, शशि भुषण स्वर्णकार, अनिता वर्मा, शिवशंकर सिंह, राधिका सिंह, कामेश्वर मेहता सहित दर्जनो महिला पुरूष शामिल थे।

बरलंगा में तीन दिवसीय अखंड हरिकीर्तन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

गोला। बरलंगा गांव के बांका टोला स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में शनिवार से तीन दिवसीय अखण्ड (24 पहर) भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी ग्राम वासियों के कल्याण एवं मंगलमय जीवन की कामना के साथ पण्डित श्री मुन्ना पांडेय एवं पण्डित श्री संजय पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर संकीर्तन प्रारंभ कराया। संकीर्तन कार्यक्रम में झारखंड एवं बंगाल से कई विभिन्न संकीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है। मंदिर के पुजारी श्री मुन्ना पांडेय ने कहा कि संकीर्तन कार्यक्रम के आयोजन से ग्रामीणों के बीच सुख, शांति, समृद्धि और एकजुटता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राधा-कृष्ण की पूजन निरंतर करना चाहिए। भगवान भक्तजनों को बिना कुछ मांगे सब प्रदान करते हैं। भक्ति और आस्था के समन्वय से मानसिक शांति और उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता

पूजा-अर्चना के साथ ग्राम वासियों की सुख व समृद्धि की कामना

है। पंडित ने कहा कि भगवान श्री राधा-कृष्ण के आशीर्वाद से भक्तजनों के सभी कार्य इच्छानुसार पूर्ण होते हैं। संकीर्तन प्रारंभ के समय श्रद्धा भाव से संकीर्तन मंडली के साथ सैकड़ों महिला-एवं पुरुष ने श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण का परिक्रमा कर ₹जोयो राधे-राधे राधा, गोबिंदो जोयो का उद्घोष किया। शनिवार से सोमवार रात्रि तक बरलंगा गांव श्री राधा-कृष्ण की भक्ति से सराबोर रहेगा। आयोजित कीर्तन का समापन मंगलवार पूर्वाह्न को होगा।

एक नजर में

बड़कागांव में जीपीडीपी प्रशिक्षण संपन्न

बड़कागांव।प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में जीपीडीपी को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन पंचायती राज्य समन्वयक आशीष कुमार पासवान ने किया।ट्रेनर आशीष कुमार पासवान के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों पंचायत सेवक को पंचायत में विकास योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई सभी पंचायत को बजट के अनुसार योजना कार्यकारिणी से पारित कर ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए निर्देशित किया गया।मौके पर प्रमुख फुलवा देवी , उप प्रमुख वचन देव कुमार,संचालक सह ट्रेनर आशीष कुमार पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार , मुखिया तकरीमुउल्लाह खान, पारसनाथ प्रसाद,अनिकेत कुमार नायक, करम राम,कविता देवी, गीता देवी,सांढ़ पंचायत मुखिया सुलेखा कुमारी ,बेबी कुमारी, नीलम मींज, पंचायत सचिव जयप्रकाश पांडे, खुश नारायण मेहता, जगरनाथ सिंह यादव, धनेश्वर प्रसाद, जेएसएलपीएस के वर्कर ज्योतिषना कुमारी सिन्हा, प्रमिला देवी ,रूपाली देवी ,सोनी देवी के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित थे।

जोली छावड़ा ने भक्ति गीतों से बांधा समां

इचाक। प्रखंड के दरिया में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी एवं नवाह परायण महायज्ञ के सातवें दिन शनिवार की रात्रि गायक जोली छावड़ा ने बेटा जो बुलाया मां को आना चाहिए के भक्ति गीतों में उपस्थित सभी लोगो को खूब झुमाया। इसके पूर्व यज्ञ समिति एवम मन्दिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों और अतिथियों ने मंच पर श्री छावड़ा को उनके टीम में शामिल सभी कलाकारों को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। माल्यर्पण के बाद सिंगर छावड़ा ने भक्तों के भीड़ में जाकर भीड़ को इस तरह समां बांधा कि लोगो को यज्ञ में देवी देवताओं की उपस्थिति का एहसास करवाते हुए रात्रि दो बजे तक भक्तों को भक्ति गीतों में लीन कर दिया। इस दौरान भीड़ में उपस्थित महिला- पुरुष, बूढ़े बच्चे समेत अपने आप को कोई रोक नही सके और वह भी भक्ति गीतों में लीन होकर अपने आप को खूब झुमाया। स्वागत कार्य मे भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, स्थानीय मुखिया बिना मेहता, यज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार मेहता, उपाद्यक्ष बीरबल मेहता, बसंत मेहता, सचिव लखन कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार मेहता, मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता, सचिव सह मुखिया प्रतिनिधि कुशलचण्द प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद मेहता, जदयू नेता अर्जुन मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, ओमप्रकाश मेहता, भाजपा के पूर्वी मण्डल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, मुख्य यजमान रामप्रकाश मेहता, बरकाखुर्द मुखिया सीता कुमारी, दरिया पंसस सारो देवी, डाड़ीघाघर मुखिया नंदकिशोर कुमार, मंगुरा मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा समेत कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

नाराज पत्नी दो बच्चियों संग से घर से भागी

हजारीबाग। शहर के लोहसिग्ना थाना क्षेत्र अंतर्गत सुबह के तकरीबन 5:00 बजे प्रमिला देवी और अपने दो बच्चो मिस्टी और सृष्टि संग घर से निकल गयी जिसके बाद ससुराल वाले उसे खोज खोज कर परेशान है लेकिन महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ससुराल वालो का कहना है महिला का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद महिला ने ऐसा कदम उठाया। महिला का ससुराल ऑकनी तालाब के समीप है और माइका शिवपुरी बताया जा रहा है। वही ससुराल वालो का कहना है कि हमलोग जब अपनी बहू को खोजने उसके मायके गए तो हम लोगों के साथ बदतमीजी से की गयी। ससुराल वालों ने थाने को लिखित सूचना दे दी है फिलहाल पुलिस व महिला के परिजन उसके खोजबीन में जुटे हुए है।

चरही में प्रधानमंत्री मन की बात सुना

चरही। रविवार को चरही पंचायत के बूथ संख्या 27,28 सहित चुरचू प्रखंड के 54 बूथों पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सम्मलित हुए।और मन की बातों को ध्यान पूर्वक सुना गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडलाध्यक्ष मुरारी सिंह,महेंद्र महतो,छोटू करमाली,गंगा महतो,रितु करमाली, घनश्याम करमाली,धनेश्वर सिंह, संजीत यादव,ब्रजबिहारी महतो, रोहित महतो,अशोक सिंह,पारस महतो,घनश्याम महतो,शशि साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चरही में प्लान इंडिया का कार्यक्रम आयोजित

चरही। रविवार को इंद्रा पंचायत भवन के सभागार में प्लान इंडिया के तत्वधान में महवारी दिवस का आयोजन किया गया।इस आयोजन की मुख्य अतिथि मुखिया राधिका देवी एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा मुखिया देवकी महतो थे।इस कार्यक्रम में प्लान इंडिया के कार्यकताओं और किशोरियों के द्वारा ड्राइंग बनाया गया।साथ ही उपस्थित किशोरियों को कई प्रकार की जानकारियां दी गई।मौके पर प्लान इंडिया के बेबी कुमारी,एचएचपी पवन कुमार सहित प्रखंड के छह पंचायत के किशोरियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

ईट भट्टे में काम करने वाली युवती की मौत

हजारीबाग। पदमा कैंप के ईट के भट्टे में काम कर रही रांची खूंटी की रहने वाली 18 वर्षीय युवती मंजीता कुमारी पिता सखो आई की आचानक तबीयत बिगड़ने से रविवार को मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतिका की सहेलियों ने बताया कि तकरीबन 6 महीने से ये लोग ईंट के भट्टे में पदमा में काम कर रही थी। रविवार की सुबह मंजीता के पेट में अचानक से दर्द उठा । जिसके बाद उसका झाड़-फूंक कराया गया। दर्द जब रुकने के बजाय बढ़ता चला गया तो उसे तकरीबन शाम में 5:00 बजे शेख भिखारी हॉस्पिटल इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोसित कर दिया। मृतक के परिजनों को उन दोनों सहेलियों ने मंजीता की मृत्यु की सूचना दे दी है।

पेलावल : लूटपाट के दो अपराधी गिरफ्तार

हजारीबाग। पेलावल ओपी थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर उत्तरी शिवपुरी में रोड नं. 17 के आगे सुनसान रास्ते में लूटपाट कर रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अपराधियों में पेलावल ओपी थाना क्षेत्र के शिवपुरी कृष्णा नगर (गली नंबर-09) निवासी अभिषेक कुमार उर्फ छोटू व चतरा जिले के पथलगड्डा थाना क्षेत्र के पथलगड्डा निवासी सूरज कुमार चंद्रवंशी है। एक बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। यह जानकारी ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने रविवार को पेलावल ओपी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि आरोपितों के पास से एक काला रंग का पैशन प्रो बाइक (जेएच 02 एएच 7715), एक काला रंग का पर्स, एक लाल काला रंग का वीवो कंपनी का मोबाइल व एक सोने जैसा लाइक लॉकेट चैन बरामद किया गया है। दोनों आरोपितों ने अपराध स्वीकार किया है। घटना के बाबत कटकमसांडी (पेलावल ओपी) में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

स्पीड न्यूज

बंद की सफलता पर लोगों के प्रति जताया अभार

गुमला। झारखंड राज्य के सात जिले सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, खुंटी, चाईबासा एवं दुमका में पिछड़ी जाति को नौकरी में आरक्षण शून्य करने के विरोध में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड के आह्वान पर सभी जिले एवं प्रखंड मुख्यालय में ऐतिहासिक बंद की सफलता पर केंद्रीय कमेटी ने सभी जिले के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहु ने कहा कि बहुत जल्द बैठक आहुत कर केन्द्रीय समिति, सभी जिला समिति तथा सभी प्रखंड समिति की समीक्षा की जाएगी। सभी पिछड़ी जातियों के वरीय पदाधिकारी से अपील किया गया कि अपने अपने समाज की बैठक कर संगठन को मजबूत करें।

विश्व माहवारी पर जागरूकता रैली

घाघरा। गम्हरिया कांसा संस्थान के बैनर तले युवक युवतियों ने विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस को लेकर घाघरा प्रखंड मुख्यालय में रविवार को जागरूकता रैली निकाला। जागरूकता रैली घाघरा प्रखंड कार्यलय परिसर से शुरू होकर ब्लॉक चौक, थाना चौक, चांदनी चौक होते हुए घाघरा से झाखरा कुम्बा पहुंची और बैठक में तब्दील हो गई। जहां झाखरा कुम्बा घाघरा में युवक, युवतियों एवम महिलाओं को माहवारी और स्वच्छता पर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में 10 गांव से 65 युवक – युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कासा संस्थान गम्हरिया के समंवयक राजदीप पुरी , अंजनी रानी टोप्पो,वंदना कुजूर, सीमा देवी, बी .टी .टी, संतोष कुमार महतो, शीला कुजुर, सलमोन तिर्कि, सुंदर नाथ उरांव, ललिता उरांव, कमलेश भगत, राजेंद्र भगत, भिनेश्वर भगत, राधा कृष्ण भगत, परमेश्वर भगत, लक्ष्मी उरांव, मडवारी भगत सहित कई शामिल थी।

बजरंग दल कार्यकर्ता ने किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला नगर के कार्यकर्ता विकास कुमार साहू ने ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेशन करके अस्पताल में इलाजरत मरीज की जीवन रक्षा में सहायता की। विकास कुमार साहू ने प्रथम बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि पहली बार रक्तदान कर बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। मौके पर रविंद्र सिंह, सार्थक साहू, यशराज सिंह लैब टेक्नीशियन अंजू किंडो रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

प्रेम नगर के समीप बाइक सवार गिरकर हुआ घायल

गुमला। चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवे नगर परहा टोली निवासी बाइक सवार 50 वर्षीय यशवंत बड़ाईक प्रेम नगर के समीप गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां उसके सर पर गंभीर चोट लगी है। जिसे स्थानीय लोगों ने नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि यशवंत बाइक में सवार होकर चैनपुर किसी काम को लेकर आया हुआ था। जहां वापसी के क्रम में प्रेम नगर के समीप गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

गार्डवाल सेक टकराया बोलेरो, चालक घायल

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र के सेमरटोली पुल में गार्डवाल से टकराते हुए बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें चालक सेमरटोली निवासी 35 वर्षीय विजय सिंह सर पर चोट लगने से घायल हो गया। घटना के उपरांत गांव के लोगों ने तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। वहीं सर में काफी गंभीर चोट लगने के कारण चिकित्सकों ने दस टांके लगायें। जानकारी देते हुए घायल विजय सिंह ने बताया कि रविवार को बघिमा भतीजा का तिलक चढ़ाने के लिए जाना था। जिसको लेकर कुछ सामान खरीदने के लिए गुमला आए हुए थे और घर वापसी के क्रम में सेमरटोली पुल में गार्डवाल से टकराते हुए वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

एक सप्ताह के अंदर स्कूल के नाम में जोड़े हिंदू वरना होगा आंदोलन : जय श्री राम समिति

नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के नाम से हिंदू शब्द हटाने के सरकार के निर्णय पर जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में जय श्रीराम समिति के पदाधिकारियों की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो की अध्यक्षता में की हुई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक जिला पुरुष कमिटी, महिला जिला कमेटी, नगर कमेटी के लोग उपस्थित थे। सभी ने झारखंड सरकार एवं शिक्षा सचिव के कारनामों को लेकर नाराजगी जाहिर की। लोहरदगा के ऐतिहासिक 1931 में घनश्याम दास बिडला जी के द्वारा स्थापित नदिया गांव में नदिया हिंदू हाई स्कूल से हेमंत सरकार और उनके शिक्षा सचिव के द्वारा हिंदू शब्द हटा दिया गया है। जिसका जय श्री राम समिति कड़ा विरोध करती है । एक पखवाड़े के अंदर फिर से हिंदू शब्द जोड़ नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया तो इस मामले को लेकर व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा ।जरूरत पड़ने पर स्कूल में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सरकार का

बैठक करते समिति के लोग

निर्णय ना केवल असंवैधानिक है बल्कि पूरी तरह से गलत है तत्कालीन बिहार सरकार ने उसे नदिया हिंदू हाई स्कूल के रूप में अतिक्रमण किया गया था । शिक्षा सचिव को यह अधिकार नहीं है की तत्कालीन सरकार के द्वारा जिस नाम के साथ अधिकरण किया गया उसमें परिवर्तन कर दे सचिव के अधिकार क्षेत्र में नाम हटाना या जोड़ना नहीं है। क्योंकि यह विद्यालय घनश्याम दास बिरला जी के द्वारा दान में दिए गए जमीन पर लोहरदगा के नागरिक ने भवन निर्माण किया गया था बाद में सरकार ने नदिया हिंदू हाई स्कूल के नाम अधिकृत किया था इसलिए सरकार को भी नाम बदलने का अधिकार नहीं है क्योंकि विद्यालय के लिए सरकार उस समय ना तो जमीन दिया था और ना ही भवन का निर्माण करवाया था इस लिहाज से नाम में बदलाव नहीं कर सकती है। सरकार ने नाम बदलकर उस वक्त के भवन निर्माण करने वालों जमीन दाता घनश्याम दास बिरला जी के जन भावनाओं पर कुड़ाघात किया है ।यह लोहरदगा से जुड़ा जन भावना है इसलिए तत्काल विद्यालय का नाम पुनः नदिया हिंदू हाई स्कूल रखकर नोटिफिकेशन जारी किया जाए। संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कभी स्कूलों का रंग हरा कर दिया जाता है कभी स्कूलों का नाम बदल दिया जाता है आखिर झारखंड सरकार क्या चाहती है। राजनीति अपनी जगह है शिक्षा के मंदिर में राजनीतिक करना शर्मसार करने जैसा है। झारखंड सरकार के इस रवैया से लोहरदगा के सभी लोग आक्रोश में है। मौके पर संरक्षक सुषमा सिंह परमेश्वर साहू,अजय सोनी,संजय नायक, समेला भगत कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, हेमंत वर्मा, महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा,अनुज कुमार महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान संगीता देवी,भारती देवी, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, निखिल कुमार, शैलेश कुमार, विष्णु साहू, आकाश मेहता, अनिकेत कुमार, राकेश साहू, आशीष कुमार, आदित्य साहू, रवि वर्मा, विवेक कुमार, राकेश साहू, तरुण सिंह, विनोद प्रसाद ,उत्तम साहू, अंकित कुमार, गौरव कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

भाजयुमो ने सीएम का फूंका पुतला

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल युवा मोर्चा लोहरदगा द्वारा ऐतिहासिक नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के नाम बदलने पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन बरवा टोली चौक में किया गया। मौके पर झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने कहा की झारखंड के सबसे पुराने हाई स्कूलों में एक नदियां हिंदू उच्च विद्यालय से झारखंड सरकार ने हिंदू शब्द को हटा दिया है और इसका नाम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा कर दिया। इस तरह से 80 उत्कृष्ट विद्यालय को आदर्श विद्यालय योजना के के तहत नाम परिवर्तन कर दिया गया। अब सभी विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाने जाएंगे। आजादी के पूर्व 1921 ईस्वी में नदिया हिंदू उच्च विद्यालय की स्थापना की गई थी।

निविदा प्रक्रिया को रद्द करने की मांग तेज

जिला संवेदक संघ की बैठक संपन्न

बैठक के बाद एकजुट संवेदक संघ के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला जिला संवेदक संघ की बैठक रविवार को रौनियार धर्मशाला में हुई। बैठक में संवेदकों के समक्ष उत्तपन्न समस्या और विभिन्न परिस्थितियों पर चर्चा किया गया। बैठक में सभी संवेदकों ने भवन प्रमंडल विभाग गुमला के तानाशाही पूर्ण रवैया के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए समय समाप्ति के बाद जो निविदा डलवाई गई है उसे अविलंब रद्द करने की मांग कार्यपालक अभियंता से मिलकर करने की बात कही। वहीं बैठक में भवन प्रमंडल विभाग के द्वारा निविदा रद्द नहीं किये जाने पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया। साथ ही विभिन्न विभाग द्वारा किये गये कार्यों का पुर्ण भुगतान करने और भुगतान नहीं होने की स्थिति में सभी काम को बंद करने पर भी विचार किया गया। चूंकि भुगतान नहीं होने से संवेदक मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से परेशान हो रहे है। सभी संवेदकों के द्वारा एक स्वर में यह बात कही गई की किये गये कार्यों का भुगतान अविलंब नहीं किया जाता है तो संवेदक संघ के द्वारा गुमला जिला में चल रहे सभी विकास योजनाओं का बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि करीब 100 करोड़ का काम विभिन्न मद से संचालित है। जबकि भुगतान काफी कम हो रहा है। संवेदक विभिन्न परिस्थिति में रहकर काम करते है और विभाग द्वारा उनको परेशान किया जाता है। अंत मे सभी सवेंदको द्वारा प्रशासनिक रवैये के खिलाफ आंदोलनरत रहने का निर्णय लिया गया। बैठक में काफी संख्या में संवेदक उपस्थित थे।

एसपी ने चलाया हेलमेट एवं सीट बेल्ट को लेकर जांच अभियान

लोहरदगा। जिले के शहरी क्षेत्र पावरगंज चौक पर एसपी आर रामकुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने और बिना सीट बेल्ट लगाए लोगों की गाड़ियों को जब्त किया गया। वही नियम से हेलमेट पहने और सीट बेल्ट लगाये लोगों को पुलिस पदाधिकारियों ने प्रोत्साहित करते हुए टॉफी खिलाकर उनका अभिवादन किया। पावरगंज चौक पर एसपी आर रामकुमार के द्वारा अचानक हुई वाहन जांच से अफरा तफरी का माहौल बना रहा। वहीं एसपी के गाड़ी जांच की खबर सुन पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। फिर क्या था देखते ही देखते लगभग 200 मोटरसाइकिल जब्त कर लिया गया। वही टीनएजर भी बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाते पकड़े गए जिस पर एसपी ने साफ तौर पर कहा कि अभिभावककों को बुलाकर थाने में फटकार लगाई जाएगी और चालान काटा जाएगा यह लोग अपने बच्चों के हाथ में गाड़ी देकर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। वही एसपी आर रामकुमार ने मोटरसाइकिल चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की फिलहाल जब्त किए गए वाहनों को थाना भेजकर चालान काटने का दिशानिर्देश दिया गया है।

समर क्रिकेट कप पर सहवाग इलेवन का कब्जा

टूनार्मेंट का बेस्ट बल्लेबाज बने आर्यन

विजेता टीम के साथ

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। युवा सद्भावना मंच के तहत चल रहा 3 टीमों के बीच क्रिकेट समर कप में रविवार को समर क्रिकेट कप का फाइनल मैच सहवाग इलेवन बनाम द्रविड़ इलेवन के बीच हुआ। जिसमें सहवाग इलेवन ने द्रविड़ इलेवन को 9 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। द्रविड इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में 10 विकेट खोकर मात्र 123 रन ही बना सकी टीम के तरफ से प्रियदर्शी ने 25 ,अभिषेक लहरी ने 22 तथा सौरभ ने 15 रन बनाए । सहवाग इलेवन की टीम के तरफ से बॉलिंग में दानिश ने 4 विकेट मनीष भगत और मनीष उरांव ने दो-दो विकेट लिया जवाबी पारी खेलने उतरी सहवाग इलेवन की टीम बड़ी ही आसानी से 12 ओवर में 1 विकेट खो कर 125 रन बना लिया। टीम के तरफ से कप्तान आर्यन ने शानदार नाबाद 65 रन बनाए तथा मनीष भगत ने नाबाद 45 रन बनाए द्रविड़ इलेवन टीम के तरफ से अभिषेक लहरी ने एक विकेट लिए इस फाइनल मैच को सहवाग इलेवन की टीम ने बड़ी ही आसानी से 9 विकेट से जीत लिया। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच आर्यन साहू को मिला वही बेस्ट बैट्समैन और पूरा टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के लिए मैन ऑफ द टूनार्मेंट भी आर्यन साहू को मिला समर कप के बेस्ट बॉलर दानिश को मिला और बेस्ट फील्डर मोहित कुमार को मिला।

कुडुख भाषा पर तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन

संस्कृति का संदेशवाहक भाषा है: पद्मश्री अशोक भगत

सेमिनार में गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका जिले के 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

बिशुनपुर। विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा कुडुख भाषा पर तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उदघाटन विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत व अन्य अतिथियों ने किया। मौके पर सेमिनार में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए पद्मश्री अशोक भगत ने कहा संस्कृति का संदेशवाहक भाषा है। भाषा से ही संस्कृति की पहचान होती है और संस्कृति जीवित रह पाती है। उन्होंने कहा भाषा संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थानांतरित करती है। श्री भगत ने कहा उरांव जनजाति का इतिहास बेहद पुराना है। कई हजार वर्षों से या जनजाति अपनी भाषा और संस्कृति को बचा कर रखे हुए हैं। पूर्व के काल में किसी भी भाषा के पास अपनी लिपि नहीं थी। कालांतर में दुनिया की तमाम भाषाओं ने अपनी अपनी लिपि विकसित की। कुडुख भाषा की भी लिपि विकसित हो चुकी है। विकास भारती ने कुडुख भाषा में प्राथमिक स्तर पर पढ़ाई प्रारंभ की है। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक पर भी हम बच्चों को पढ़ा रहे हैं। हमारे बच्चे बेहतर कर रहे हैं। मेरे मन में विचार है कि पूर्णरूपेण कुडुख भाषा पर आधारित एक शैक्षणिक संस्थान

सेमिनार को संबोधित करते पद्मश्री अशोक भगत

सेमिनार में शामिल प्रतिभागी

विकसित किया जाए। जिसमें आदि सनातन सरना धर्म, संस्कृति, विज्ञान आदि की पढ़ाई हो। इस दिशा में हम लोगों ने काम प्रारंभ कर दिया है। स्थितियां अनुकूल रही तो जल्द ही हमारा यह विचार भौतिक आकार ग्रहण करेगा। भाषा वैज्ञानिक एवं पेशे से चिकित्सक डॉ नारायण उरांव ने व्यापक रूप से कुडुख भाषा विज्ञान एवं लिपि पर प्रकाश डाला। शिलांग विश्वविद्यालय के थियोलॉजी के प्राध्यापक रहे डॉक्टर एतवा उरांव ने कुडुख भाषा में संबोधित करते हुए पार्टिसिपेंट को यह संदेश दिया की जिस प्रकार यहूदियों ने अपनी मातृभूमि से अलग रहने के बाद ही अपनी भाषा, संस्कृति, धर्म, परंपरा और पूर्वजों को नहीं भुलाया। उसी प्रकार उरांव जनजाति ने भी अपनी भाषा संस्कृति धर्म और परंपरा को अक्षुण्ण रखे हुए हैं। अब समय आ गया है, हम इसे विकसित करें और अपने समाज को प्रभावशाली तरीके से खड़ा करें। उन्होंने कहा कि भाषा लिपि के माध्यम से जीवंत होती है। कुडुख की लिपि विकसित हो चुकी है। अब हमें अपने पारंपरिक विद्यालयों जिसे हमारी भाषा में धूमकुड़िया कहा जाता है। उसको विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने धूमकुड़िया व्यवस्था की व्याख्या करते हुए कहा धूम का अर्थ चरित्र निर्माण होता है और कुड़िया मतलब वह स्थान जहां चरित्र का निर्माण किया जाए। उन्होंने बताया की पारंपरिक आदिवासी समाज में 13 वर्ष से लेकर 23 वर्ष के युवाओं को यहां व्यवहारिक, नैतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, वैज्ञानिक और शोध परक शिक्षा प्रदान की जाती थी। हमें इसे फिर से जीवित करना होगा। संस्था के प्रवाल मैंत्रा ने कहा कि विकास भारती का यह छोटा-सा प्रयास है आने वाले समय में इसे हम और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेंगे। इस तीन दिवसीय सेमिनार में भाषा विज्ञान के साथ ही साथ साहित्य, व्याकरण और कुडुख भाषा के समक्ष चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सदस्य श्री महादेव जी, डोरंडा कॉलेज रांची के डॉक्टर नारायण भगत, शरण उरांव, डॉ रजनी कांत पांडे, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्र भगत एवं गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका इत्यादि जिले 60 से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

किशोर पहाड़ से गिरकर हुआ घायल, टूटा हाथ

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के भभरी पहाड़ से मवेशी चराने के दौरान भभरी निवासी दिलीप साहू का 13 वर्षीय पुत्र संतोष साहू गिरकर घायल हो गया। घटना में किशोर का बायां हाथ की हड्डी टूट गई है। जिसे आनन-फानन में परिजन सदर अस्पताल गुमला लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों की देखरेख में किशोर का इलाज जारी है। घटना की जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि रविवार होने के कारण संतोष आज स्कूल नहीं गया था और मवेशी चराने के लिए पहाड़ पर गया हुआ था। जहां पैर अचानक फिसल जाने से काफी ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया।

युवक गिरकर घायल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के केसीपारा के समीप साइकिल सवार को बचाने के क्रम में बाईक चालक अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गया। गिरने से बाईक सवार बिहार निवासी 26 वर्षीय शहनवाज सिद्धकी घायल हो गया। घटना में शहनवाज को सर पर चोट लगी है। वहीं साइकिल सवार को हल्की चोटें आई है। घटना की जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि शाहनवाज शादी समारोह में शामिल होने छोटा अंबवा आया हुआ था। जहां बाइक में सवार होकर गुमला आ रहा था। तभी केसीपारा के पास रोड क्रास कर रहे साइकिल सवार को बचाने के क्रम में वह बाईक सहित गिर पड़ा।

एक नजर में

चेगरी कोयल नदी में डूबने से नाबालिक बच्चे की हुई मौत, एक गंभीर

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के चेगरी कोयल नदी में रविवार को पूर्वाह्न 9 बजे डूबने से एक नाबालिक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी जबकि एक बच्चा की स्थिति गंभीर हो गयी है। हालांकि परिजनों को सूचना मिलने पर दोनों नाबालिक बच्चो को कोयल नदी से निकाल कर अपने निजी वाहन सें 11 बजे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने चेगरी ग्राम निवासी जितिया उरांव के 8 वर्षीय पुत्र अमृत उरांव को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया जबकि सुनील उरांव के 7 वर्षीय पुत्र अनीश उरांव का इलाज किया जा रहा हे। जहां उसकी स्थिति में सुधार आई। घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि उक्त दोनों बच्चे अपने बुआ और मां के साथ बैल चराने के लिए घर से से कोयल नदी की ओर गये थे। इसी बीच दोनों नाबालिक बच्चे खेल खेल के क्रम में कोयल नदी के समीप जाकर खेलने लगें। जहां दोनों फिसल कर पानी में जा गिरे। जिससे बच्चे पानी में डूबने लगे। आनन-फानन में अगल-बगल के लोगों द्वारा अनीश को जल्द पानी से निकाल दिया गया जबकि अमृत उरांव की खोजबीन होते रही। काफी खोजबीन के बाद अमृत कोयल नदी से बाहर निकाला गया। दोनों की स्थिति को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा परिजनों द्वारा लाया गया। इधर घटना की सूचना पुलिस को ग्रामीणों द्वारा दी गई पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच नाबालिक अमृत के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

ट्रैक्टर ने स्कुटी सवार दंपति को मारा धक्का, एक की हालत गंभीर

गुमला। शहर के पालकोट रोड स्थित साहू नर्सिंग होम के समीप रविवार की अहलु सुबह ट्रेक्टर की चपेट में आने से स्कुटी सवार दंपति घायल हो गये। जबकि स्कुटी को धक्का मारने के बाद पास में ही सड़क पर खड़े दो पिकअप वाहन को भी ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने तत्काल स्कुटी सवार पति पत्नी फसीया पोढाटोली निवासी 55 वर्षीय मरियानुस असुर व 50 वर्षीय जुलयानी असुर को इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। जहां घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए मरियानुस ने बताया कि स्कुटी में सवार होकर दोनों पति-पत्नी टाउन की ओर आ रहे थे। तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। जिससे दोनों पति-पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। वही प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त था कि स्कूटी सवार को मारते हुए ट्रैक्टर पास खड़े दो पिकअप वाहन को टक्कर मार दी और पिकअप वाहन के धक्के से बगल के एक घर की दीवार टूट गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेते हुए थाने ले गई है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

दिनदहाड़े अंचल कार्यालय जारी से कंप्यूटर, टेबल फैन सहित कई सामानों की हुई चोरी

जारी। जारी प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय से रविवार को अपराह्न लगभग 2 बजे कंप्यूटर, कीबोर्ड, माउस, मॉनिटर, टेबल फैन,सहित कई अन्य चीजों की अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। चोरी करने वाले बहुत ही निडरता के साथ चोरी को अंजाम दिया है। जारी थाना से सटे ब्लॉक होने के बावजूद दिन में ही अज्ञात चोरों के द्वारा ब्लॉक के मेन गेट में लगे तालों को तोड़ कर अंदर ब्लॉक में प्रवेश किया। जिसके बाद अंचल कार्यालय में घुसकर सरकारी संपत्ति को चोरी कर लिया गया है। घटना की जानकारी प्रखंड क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और लोगों में तरह-तरह की चचाएं हो रही है। कई लोगों का कहना है कि चोरी करना प्रखंड मुख्यालय में इतना आसान नहीं है। जरूर चोरी करने के उद्देश्य को लेकर कई दिनों तक रेकी किया गया होगा। तब जाकर आज चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इधर चोरी की घटना पर ब्लॉक परिसर में लगे गुमटी के दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ के उनके भी दुकान में चोरी तो नहीं की गई है। लेकिन सभी दुकानदारों के द्वारा अपने अपने गुमटी में रखें सामानों की जांच की तो पता चला चोरी सिर्फ अंचल कार्यालय में ही हुई है। मामले की छानबीन करने इंस्पेक्टर बैजू उरांव, सीओ रेशमा रेखा मिंज, थाना प्रभारी मनीष कुमार और अंकुश कुमार पहुंचे थे। इस संबंध में जब थानेदार मनीष कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि छानबीन की जा रही है। किसी भी हालत में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शहर में निर्बाध जलापूर्ति के लिए उपायुक्त से नया मशीन खरीदने की मांग

गुमला। गुमला शहर में चरमरायी जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नागफेनी स्थित जलापूर्ति केंद्र में नया मशीन लगाने की मांग की। रमेश कुमार ने कहा कि शहर के अधिकांश क्षेत्र ड्राई जोन में आता है। शहर के लोग सप्लाई पानी पर ही ज्यादेतर निर्भर हैं। गुमला में मशीन खराब होने पर लगातार पांच दिनों से जलापूर्ति बाधित हो गई थी। जिसको लेकर पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात किया गया था। इस दौरान कार्यपालक अभियंता ने बताया कि छः माह पूर्व जलापूर्ति हेतु एक नया मोटर खरीदा गया था जो बार-बार खराब हो जाता है। किसी तरह उसे ठीक कर जलापूर्ति की जाती है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि दो मीटर और हैं जो बेकार पड़े हुए हैं। जो मशीन चालू हालत में है उसकी स्थिति अच्छी नहीं है और कभी भी धोखा दे सकती है। जिसे एक बार फिर गुमला में जलापूर्ति व्यवस्था चरमरा सकती है। रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त से डीएमएफटी फंड से एक नया मोटर तत्काल खरीदने की मांग की है। ताकि शहर में निर्बाध रूप से जलापूर्ति होते रहे। वहीं जो चालू हालत में मशीन है उसकी अच्छी मरम्मत कराने की मांग की।

सेवा भारती द्वारा लगातार 49 वें सप्ताह लगाया गया जांच शिविर

लोहरदगा। सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 49 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया।जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 43 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। शिविर में सुबोध प्रसाद महतो,अतुल सर्राफ,सुरेंद्र महतो,गंगोत्री देवी,मोती लाल अग्रवाल,सुभाष देवी,रामजी सिंह,पंडित भीम तिवारी,अनूप कुमार,प्रमोद प्रजापति,चंदन मुंडा,भोला प्रसाद जयसवाल,अंजलि सर्राफ,रामकली देवी,प्रियंका जयसवाल,राम प्रसाद साहू,अनुराधा देवी,विक्की कुमार,बबलू कुमार कास्यंकार,उदय कुमार कास्यंकार,रामजतन साहू,अनिल वर्मा,प्रीत महतो,अजय पोद्दार,विजय प्रसाद,तृषा कुमारी,विमला देवी,संजय कुमार अग्रवाल,मुन्नी देवी आदि मौजूद थे।

टंडवा पुलिस ने मोटरसाइकल चोरी का किया उद्भेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। टंडवा पुलिस ने मिश्रोल बाजार से हुई मोटरसाइकल चोरी का उद्भेदन करते हुए एक नाबालिक सहित दो को हिरासत में लिया है। उल्लेखनीय रहे की टंडवा थानान्तर्गत मिश्रौल बाजार से अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा ग्राम- बुकरु के रहने वाले जितेन्द्र साव के स्पेलैण्डर प्रो मोटरसाईकिल को विगत 21 मई को चोरी कर लिया गया था, उक्त संबंध में अज्ञात के विरुद्ध टण्डवा थाना में काण्ड सं0- 104/2023, दिनांक- 23.05.2023, दर्ज की गई थी।

उक्त कांड के गंभीरता एंव संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, टंडवा के निदेर्शानुसार एक छापामारी टीम का गठन किया गया। उक्त छापामारी टीम द्वारा काड में शामिल अपराधकर्मियों के विरुद्ध गुप्त सूचना पर छापामारी कर काण्ड में चोरी की गई मोटरसाईकिल के साथ दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार एवं एक विधि विरुध बालक को निरुद्ध

एक नाबालिक सहित दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल

किया गया । निरुद्ध किये गये विधि विरुद्ध बालक पिछले वर्ष बडकगांव थाना से मोटरसाईकिल चोरी में जेल जा चुका है। अप्राथमिकी अभियुक्त अमित कुमार का धनगड़ा चौक में मोटरसाईकिल गैरेज है जो गाड़ियों को रिमोडलिंग कर दूसरे को बेचने का काम करता है।

गिरफ्तार अभियुक्त में अमित कुमार उम्र करीब 21 वर्ष पिता चेतलाल साव, बीरबीर, टंडवा निवासी मनोज कुमार यादव उर्फ मनोज यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता चिगल यादव, खरीका, टोला-जमुनियाँ टाण्ड, टण्डवा, जिला चतरा एंव एक 17 वर्ष के निरुद्ध बालक शामिल है। बरामदगी में कांड में चोरी की गई स्पैलेण्डर मोटरसाईकिल 01 बरामद की गई। छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी, पुलिसकर्मी में विजय कुमार सिंह पुलिस निरीक्षक -सह-थाना प्रभारी, टण्डवा ,पुअनि अशोक कुमार ,पुअनि रोहित कुमार यादव ,सअनि चन्द्रमौलेश्वर कुमार,सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

मन की बात सुनते भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयोजित मन की बात कार्यक्रम का गढ़वा में भाजपाइयों ने लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी सहित काफी संख्या में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश के नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ने किया।

यह बहुत ही गर्व की बात है। लोकतंत्र के इतने बड़े मंदिर का उद्घाटन हुआ। मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, विवेकानंद तिवारी, यशवंत मिश्रा, बंधु राम, अंजली गुप्ता, उषा देवी, मीरा देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

कल्याण विभाग का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला कल्याण विभाग अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले में जेल भेजे गए सेवानिवृत्त लिपिक मो.मोबिन व कंप्यूटर ऑपरेटर मो. हैदर को पुलिस ने रिमांड में लिया है। जिसके बाद तीसरे आरोपी वर्तमान लिपिक प्रमोद कुमार मुंडा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं रिमांड में लिये गये रिटायर्ड क्लर्क व कंप्यूटर ऑपरेटर के पूछताछ के आधार पर छह विद्यालयों एवं मदरसा शिक्षकों को पुलिस पूछताछ के लिए कोडरमा थाना बुलाया गया है। अल्पसंख्यक छात्रों को भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले छात्रवृत्ति का लाभ लगभग डेढ़ करोड रुपए गबन मामले में जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर ने कोडरमा थाना में नवंबर 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराया था।

रिटायर क्लर्क व कंप्यूटर ऑपरेटर को लिया रिमांड पर

कल्याण विभाग द्वारा जिले में प्री मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले के आरोप में 10 विद्यालय के प्राचार्य के अलावे जिला कल्याण कार्यालय से रिटायर क्लर्क मो. मोबीन, प्रमोद कुमार मुंडा और कंप्यूटर ऑपरेटर मो. हैदर को आरोपी बनाया गया था। कोडरमा में 1433 अल्पसंख्यक छात्रों के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपए की राशि गबन मामले में अनियमितता के बारे में जब उपायुक्त को पता चलने पर पूरे मामले का जांच करवाया। जिसमें यह बात सामने आई कि

फर्जी विद्यालय और फर्जी छात्रों के नाम पर अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के नाम पर मिलने वाले राशि का गबन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 में 10 स्कूलों में 1433 छात्रों के नाम पर करीब करीब डेढ़ करोड रुपए की राशि विभाग के कर्मियों की मिलीभगत से गमन कर ली गई थी। इसे लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन ने जांच टीम का गठन कर जांच कराई थी। जांच टीम में एसडीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी शामिल किया गया था। जांच टीम ने फरवरी 2022 में उपायुक्त को सौंपी अपनी रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि की थी। जांच के दौरान 12 स्कूलों में 10 से संबंधित रिकॉर्ड में गड़बड़ी की बात सामने आई थी। जिन 1433 छात्रों की सूची मिली थी। उनमें से एक भी बच्चे के खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं किए गए। इनमें से कई बच्चों के नाम और पता भी फर्जी पाए गए हैं, इतना ही नहीं जांच रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र था कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जगह बाहरी युवकों को छात्र के नाम पर छात्रवृत्ति का वितरण दिखाया गया है। कुल 1433 फर्जी छात्रों के नाम पर डेढ़ करोड रुपए का भुगतान करने का मामला सामने आया था। जिसके बाद उपायुक्त ने इस मामले में एफआईआर करने का आदेश दिया था।

एक नजर में

धर्म रक्षा वाहिनी ने किया फुटपाथ विक्रेताओं के बीच छाता का वितरण

गढ़वा। धर्म रक्षा वाहिनी गढ़वा के तत्वधान में शहर के विभिन्न स्थानों पर गरीब फुटपाथ विक्रेताओं के बीच छाता का वितरण किया गया। रविवार की सुबह शहर के मझिआंव मोड़ एवं रंका मोड़ पर पत्तल, दोना, दातुन आदि बेचने वाले गरीब महिला, पुरुषों के बीच धर्म रक्षा वाहिनी की ओर से निशुल्क छाता का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि लातेहार आदि सुदूर गांवों से आकर काफी संख्या में महिला पुरुष पत्तल, दोना, दातून आदि बेचते हैं। वे दिन भर चिलचिलाती धूप में बैठे रहते हैं। ऐसे लोगों के बीच छाता वितरण किया गया। मौके पर धर्म रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष रमेश कुमार दीपक, कौशल कुमार, भोला गुप्ता, प्रवीण जायसवाल, विशाल श्रीवास्तव, मृत्यूंजय शौंडिक, संतोष कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर पहुँचे कुंदा

चतरा। मंत्री सत्यानन्द भोगता रविवार को एक दिवसीय दौरे पर कुंदा पहुंचे। इस दौरान मंत्री सत्यानन्द भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय में लाभुकों के बीच सरकार की महत्वकांक्षी योजना ₹सोना सोबरन साड़ी धोती योजना₹ के तहत साड़ी धोती लुंगी सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन, आवास आदि के स्वीकृति पत्र का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम के मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेस कुमार, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ब्रहमदेव भोक्ता, राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव, राजद नेता दीपक साहू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जिप सदस्य व मुखिया ने शुभम की सफलता पर दी बधाई

पत्थलगड़ा। प्रखंड अंतर्गत पंचायत सिंघानी, ग्राम सिंघानी निवासी शुभम कुमार वर्मा, पिता चंद्रहास दांगी ने हजारीबाग कोरा स्थित गीता साइंस इंटर कॉलेज से जैक 12 वीं साइंस परीक्षा में 472 अंक लाकर झारखण्ड राज्य में छठा स्थान प्राप्त किया है। साइंस में शानदार अंक प्राप्त कर चतरा जिले के साथ पत्थलगड़ा प्रखंड का नाम रौशन किया है। जिला परिषद सदस्य पत्थलगड़ा के रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, पंचायत समिति मीना देवी, संजय दांगी सहित अन्य लोग सोमवार को जैक 12 वीं की परक्षा में छठे स्थान पर सफल रहें शुभम कुमार को हौसला बढ़ाने और उनके माता-पिता को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए उनके घर पहुंचे और शुभम को गमछा देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

चतरा में इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग का ब्रांच खुला

चतरा। शहर के टेलिफोन एक्सचेंज रोड स्थित शांतिनिकेतन मठ एंड मिशन स्कूल कैंपस में रविवार को चतरा इंटर साइंस कॉलेज की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग के निर्देशक डॉ. बसंत कुमार झा, विशिष्ट अथिति एसडीपीओ अविनाश कुमार एवं मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामानंद पांडे, जिला परिषद सदस्या निशा कुमारी, चतरा शाखा के निर्देशक प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। तदोपरांत विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन विकाश कुमार केसरी ने किया ।इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग के निर्देशक डा. बसंत झा ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद तमाम नागरिकों को संबोधित किया एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने चतरा में शिक्षा के स्वरूप एवं पठन-पाठन की विधि व्यवस्था के बारे में बताया साथ ही जिले में शिक्षा की असिम संभावना से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि वह ऐसे संस्थान में अवश्य अपना नामांकन कराएं और इसका लाभ उठाएं।

जमीन का मुआवजा नहीं तो रेलवे का काम नही होने देंगे: रैयत

खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। प्रखंड के इचाक खुर्द गांव के प्रभावित किसान पांचवे दिन रविवार को भी धरना पर बैठे रहे। प्रभावित किसानो का यह धरना गांव से होकर गुजर रही शिवपुर कठौतिया न्यू बीजी रेल लाइन में जा रही जमीन की मुआवजा भुगतान को लेकर की जा रही है। यह धरना भाकपा अंचल परिषद के नेतृत्व में शिवपुर कठौतिया रेल लाइन किसान संघर्ष समिति के द्वारा किया जा रहा है। धरना पर बैठे प्रभावित रैयत किसान गैर मजरूआ खास बंदोबस्त, भूदान जमीन को रैयती मान्यता देते हुए मुआवजा भुगतान करने, मकान और संरचना का सर्वे कर भुगतान करने की मांग कर रहे है। पांच दिनों से धरना पर बैठे किसान धीरे धीरे प्रशासन के वादा खिलाफी के खिलाफ उग्र होने लगे है। साथ ही प्रशासन के इस रवैया से क्षुब्ध होकर रेलवे का ब्रिज निर्माण कार्य को पूरी तरह से बंद करवा दिया है ।किसान रविवार को ब्रिज निर्माण कार्य के पास वाली जो रेलवे में जा रही थी अपनी जमीन को जोतकोड़ कर मकई, उरद आदि फसल का बीज लगा दिये है और रेलवे कर्मियों का आना जाना बंद कर दिये। किसान नरेश कुशवाहा, मोती दांगी और अर्जुन कुमार ने कहा की 60 वर्षो से जमीन का रसीद अंचल कार्यालय से कटते आ रहा है। 40 वर्षो से उक्त जमीन पर किसान खेतीबाड़ी कर जीविकोपार्जन करते आ रहे है। वही 30 वर्षो से यहां के लोग घर बनाकर रह रहे है। यहां के लोगो को बेदखल कर जमीन हड़पने का काम किया जा रहा।

टंडवा सूर्य मंदिर का 22 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया

टंडवा सूर्य मंदिर का 22 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। टंडवा सूर्य मंदिर का 22 वां वार्षिक उत्सव शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद महा आरती का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए! वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मंदिर को पूरी तरह सजाया गया था कार्यक्रम की भव्यता देखने को मिल रही थी। पूजा अर्चना के बाद समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास को अंग वस्त्र देकर उनका अभिनंदन व स्वागत किया गया। समारोह के माध्यम से समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार गुप्ता सहित सभी पदाधिकारीगण ने सूर्य मंदिर नव निर्माण कार्य को लेकर विस्तार पूर्वक संबोधन में कहा की भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण बहुत जल्द होगा। जिसके लिए एक महा बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें कई दानदाताओं ने लगभग - 2500000 (पच्चीस लाख) रुपया का दान देने की बात कही। जिन्होंने जितना पैसे का दान दिया

उसे विस्तार पूर्वक उपस्थित श्रद्धालू गण को बताया गया !श।मुख्य अतिथि किशुन कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा की भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण बहुत जल्द होगा जो लगभग 2 करोड रुपए की लागत से बनेगी। इसके लिए समिति को हर संभव मदद करने की बात उन्होंने कही। मंदिर परिसर में अनेकों कार्य भी कराए जाएंगे जो आप सभी को देखने को मिलेगा। उन्होंने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित 21वर्ष पूर्व की बात को विस्तार पूर्वक उन्होंने बताया। मंदिर निर्माण कार्य के लिए राजस्थान जयपुर से आए अतुल को भी अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। पूजा अर्चना कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार गुप्ता व उनकी पत्नी संध्या गुप्ता शामिल हुए। मंदिर के पुजारी ईश्वरी पाठक तथा दिगंबर पाठक जी ने पूजा-अर्चना कराई। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में श्री राम प्रसाद साहू,नथु प्रसाद गुप्ता, किशोरी प्रसाद गुप्ता,राजेंद्र नायक,संतोष प्रसाद गुप्ता,प्रमोद नायक,अनिल गुप्ता,राजू गुप्ता,जय नंदन नायक,बिनोद गुप्ता,आदि सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष बिराज रजक, छोटू गुप्ता, रुदेश नायक, विकास गुप्ता, सचिव अनिल कुमार दास, हिमानी ठाकुर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

सिविल सर्जन ने किया डायग्नोस्टिकअल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन

चतरा। सिमरिया प्रखण्ड मुख्यालय के बगरा रोड़ हनुमान भंडार गोदाम के करीब एडवांस डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का उदघटन किया गया। यह उद्घाटन सदर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) डॉ श्यामनन्दन सिंह ने विधिवत फिता काट कर किया। उदघाटन के पश्चात सिविल सर्जन डॉ श्यामनन्दन सिंह ने कि एडवांस डायग्नोस्टिक अल्ट्रा साउंड सेंटर अपने नाम की ही तरह एडवांस है। इसमें कई सारी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। ऐसी सुधाओं के लिए मरीजों को हजारीबाग और रांची जाना पड़ता था। परंतु इसके यहां खुल जाने से अब लोगों को सस्ते और किफायती दर ही सभी सुविधाएं यहीं मिल जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस अल्ट्रासाउंड का संचालन दक्ष टेक्नीशियन द्वारा की जा रही है। सिमरिया के लोग इसका लाभ लें और इसके माध्यम से उचित चिकित्सा कराएं।

किशोरी को जहर देकर मारने का आरोप

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदडीह में किशोरी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वहीं किशोरी की पहचान 14 वर्षीय छोटी कुमारी के रूप में की गई है। इस संबंध में किशोरी की माता सिया देवी ने थाना में आवेदन देकर जहर देकर पुत्री को मारने का आरोप लगाया है। थाने में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि शुक्रवार को उनकी पुत्री को आनंदी यादव की पत्नी रेणु देवी व अन्य ने घर बुलाकर जानबूझकर मारपीट कर जहर पिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। आवेदन में आगे कहा गया है कि गांव के आनंदी यादव, पत्नी रेणु देवी, पुत्र बंटी कुमार, बिट्टू कुमार, आनंदी यादव के ससुर ने उसकी पुत्री को प्रताड़ित कर जहर पिलाकर मार दी। जहर पिलाने से उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, आनन फानन में उसे गांगडीह स्थित निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए नवादा रेफर कर दिया गया। घरवाले उसे नवादा बेहतर इलाज के लिए ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं शनिवार की अहले सुबह जब शव को घर लाया गया और इसकी सूचना स्थानीय चौकीदार के द्वारा थाने को दी गई। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लड़की के माता व अन्य लोगों का बयान लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

आर्यन सिंह ने भारतीय नेवी में सब लेफ्टिनेंट का पद किया हासिल

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखड अंतर्गत मध्य पंचायत निवासी दिलीप सिंह माता नीतू सिंह का पुत्र आर्यन सिंह ने भारतीय नेवी में सब लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर परिजनों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। आर्यन सिंह के सब लेफ्टिनेंट बनने पर परिवार एवं गांव में खुशी की लहर छा गई है और दोस्तों, रिश्तेदारों तथा गुरुजनों समेत सभी लोग बधाई दे रहे हैं। वहीं आर्यन सिंह के पिता दिलीप सिंह ने बताया कि आर्यन की प्रारंभिक शिक्षा वर्ग पहली से पांचवी तक मरकच्चो के निजी विद्यालय में हुई थी। इसके बाद उसने सैनिक स्कूल तिलैया से प्रवेश परीक्षा पास कर कक्षा 6 से 12वीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद 2019 में एनडीए की परीक्षा पास कर इंडियन नेवल एकेडमी ऐझीमाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। वहीं आर्यन सिंह का कहना है कि उनकी इस कामयाबी का पूरा श्रेय उनके माता-पिता को जाता है, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन के कारण आज वे इस बुलंदी के शिखर पर हैं। आर्यन कठिन परिश्रम और मेहनत पर विश्वास रखने वाले इंसान हैं। जिन्हें लगता है कि मेहनत करके आप आसमान की किसी भी ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

उपायुक्त से न्याय और सुरक्षा की लगायी गुहार

पुलिस की कार्यशैली पर खड़ा किया सवाल

बीडीओ श्रवण राम

खबर मन्त्र संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। गढ़वा जिला अंतर्गत नगर उंटारी प्रखंड के बीडीओ श्रवण राम ने डीसी को आवेदन देकर नगर ऊंटारी थाने की पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने डीसी से पूरे मामले की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, न्याय दिलाने व सुरक्षा दिलाने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार की दोपहर बीडीओ श्रवण राम की पत्नी प्रीति देवी ने प्रखंड कार्यालय में घुसकर बीडीओ पति श्रवण राम की सरेआम पिटाई की थी। जिसके बाद बीडीओ ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर पत्नी प्रीति देवी पर मारपीट करने और सरकारी दस्तावेज छीनकर फेंकने का आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज कराया था। डीसी को लिखे गये पत्र में बीडीओ ने आरोप लगाया है कि पुलिस के द्वारा जानबूझकर अपराधी को षड्यंत्र के तहत सरकारी काम मे बाधा डालने वाली धारा को लघुतम कर प्राथमिकी दर्ज की गई और थाना से ही बेल दे दी गयी। जबकि अपराधी के द्वारा किया गया कृत्य गैर जमानतीय था। उन्होंने लिखा है कि मेरी पत्नी का पुरुष मित्र विकास दुबे मुझे कमजोर व अनुसूचित जाति का समझ कर प्रीति देवी एवं अज्ञात अपराधियों के साथ मिलकर दंडनीय अपराध की जा रही है। क्योंकि अपराधी का स्थानीय राजनीतिज्ञ व वरीय पदाधिकारी से संरक्षित है, जैसा कि वह धमकी के क्रम में हमेशा बोलते हैं। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि बीडीओ के मामले में नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

गढ़वा में जल्द उदित होगा किरण सिंह मेमोरियल कैंसर सेंटर

150 सम्भावित मरीजों में से 40 में मिले कैंसर के प्राथमिक लक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। झारखण्ड की राजधानी रांची से 200 किलोमीटर दूर गढ़वा जिला मुख्यालय में जटिल रोगों के इलाज की सुविधाएं लगातार बढ़ रही है। जिले का परमेश्वरी मेडिकल सेंटर इस कार्य को अपना मिशन बना चुका है। लेप्रोस्कोपी विधि से जटित से जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने वाले सेंटर के संचालक डॉ कुमार निशांत सिंह के अतुलनीय प्रयास से परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में सिपाका ग्रामीण आईसीयू की स्थापना हुई। वहीं इस क्षेत्र के लोगों को कैंसर जैसे जाननलेव बीमारी से बचाने के लिए महीने में दो बार कैंसर रोग के इलाज के लिए ओपीडी भी शुरू किया गया है। जिसमें मुम्बई कैंसर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का इलाज करते हैं। डॉ निशांत ने कहा कि वह अपनी मां की स्मृति में जल्द ही किरण सिंह मेमोरियल कैंसर सेंटर की स्थापना करेंगे। रविवार की कैंसर मरीजों का इलाज करने के बाद कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ मदन कुमार गुप्ता और डॉ निशांत सिंह ने कहा कि लगभग 150 कैंसर के संभावित मरीजों की जांच में 40 में कैंसर के प्राथमिक लक्षण पाए गए

जानकारी देते डॉ निशांत और डॉ मदन

हैं। उन्हें अविलम्ब जांच की सलाह दी गयी है। चिकित्सकों ने कहा कि इन सम्भावित मरीजों को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

कैंसर के जनक हैं तम्बाकू, धूम्रपान और अल्कोहल : डॉ मदन और डॉ निशांत ने बताया कि सामान्य लोगों में से करीब पांच प्रतिशत लोग ही कैंसर से ग्रसित होते हैं लेकिन जब वे तम्बाकू, धूम्रपान और अल्कोहल का सेवन करने लगते हैं तो उनमें कैंसर होने की संभावना 80 से 90 प्रतिशत बढ़ जाती है।

कैंसर होने के कारण और उसके लक्षण : चिकित्सक द्वेय ने बताया कि तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा, शराब का सेवन, फास्टफूड, खराब जीवनशैली, दूषित वातावरण, वंशानुगत बीमारी कैंसर होने के प्रमुख कारण हैं। वहीं कहा कि घाव, गांठ, खाने में परेशानी, शौच में दिक्कत, शौच में खून आना, महिलाओं के स्तन में गांठ, बहुत दिनों की सर्दी, घाव का जल्दी नहीं सुखना, लम्बे दिनों की खांसी, दर्द आदि कैंसर के प्रमुख लक्षण हो सकते है। ऐसा होने पर अविलम्ब चिकित्सक से सम्पर्क करना आवश्यक है।

जागरूकता है कैंसर का सबसे कारगर इलाज : डॉ कुमार निशांत सिंह और डॉ मदन कुमार गुप्ता ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता कैंसर का सबसे कारगर और सटीक इलाज है। चिकित्सकों ने कहा कि कैंसर के चार स्टेज होते हैं। ऊपर बताए गए लक्षण देखते ही इलाज शुरू होने पर 65 प्रतिशत लोगों को बचाया जा सकता है। क्योंकि रोगी तब स्टेज एक या स्टेज दो में होता है। गढ़वा जिला छतीसगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा से जुड़ा है। परमेश्वरी मेडिकल सेंटर गढ़वा जिले से सभी प्रखंडों में कैंसर की निशुल्क जांच और इलाज के लिए जागरूकता रथ भी भेज रहा है। रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें महीने में दो दिन आयोजित निःशुल्क कैंसर ओपीडी में इलाज के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

गढ़वा में कैंसर मरीजों को दिया जाएगा कीमो : परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के संचालक सह लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ कुमार निशांत सिंह ने कहा कि परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में किरण सिंह मेमोरियल कैंसर सेंटर की स्थापना की जाएगा। जल्द ही यहां कैंसर मरीजों को कीमो चढ़ाया जाएगा। इसके लिए तकनीकी एवं विधिक जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस सेंटर में आयुष्मान कार्ड से पुनः इलाज शुरू किया जाएगा। इससे गरीबों का निःशुल्क इलाज संभव हो पायेगा।

विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में शामिल होने को लेकर भाजपा ने की बैठक

डोमचांच (कोडरमा)। भाजपा संयुक्त मोर्चा के निमित्त विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में शामिल होने को लेकर रविवार को डोमचांच ग्रामीण मंडल के अंतर्गत ग्राम बेहराडीह में एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा ने की तथा संचालन मंडल महामंत्री सुनील भारती ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद वर्मा थे। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि के निर्देशन में कई निर्णय लिए गए जिसमें आगामी 12 जून को प्रस्तावित विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में सभी मंच मोर्चा से ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होने, सभी मंच मोर्चा के लोगों का आना सुनिश्चित होने तथा 1 जून से 30 जून तक चलने वाले जन सम्पर्क अभियान के तहत सभी मंच मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर पिछले 9 साल से प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में जो विकास हुआ है, जो जनता के हित में कार्य हुए हैं, उसे जनता को बताने की बाद कही गई। साथ ही उनसे देश हित में फिर से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील भी करना है।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का हिसाब दो जवाब दो कार्यक्रम के तहत विधायक के नाम विधायक प्रतिनिधि को सौंपा मांग पत्र

ओबीसी को आरक्षण दिलाने को लेकर सदन तक लड़ाई होगी: शत्रुघ्न

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य होने के खिलाफ राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में रविवार को हिसाब दो जवाब दो कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद के नेतृत्व में स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम का आवास का घेराव किया गया। इससे पहले थाना चौक स्थित कारगिल पार्क से रैली निकालते हुए विधायक आवास पहुंचे थे। इस दौरान हेमंत सोरेन के खिलाफ नारे लगाये गयें, साथ ही लातेहार जिले में ओबीसी का आरक्षण देना होगा समेत कई नारे लगाए गए। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि लातेहार जिले में ओबीसी की आबादी 54 प्रतिशत होने के बावजूद भी ओबीसी का आरक्षण शून्य होना दुर्भाग्यपूर्ण है। आरक्षण नहीं मिलने के कारण यहां के युवाओं को नौकरी समेत कई चीजों में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले में ओबीसी को आरक्षण दिलाने को लेकर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। राजधानी यादव ने कहा कि ओबीसी को सिर्फ वोट बैंक के तौर पर उपयोग किया जाता

विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते ओबीसी मोर्चा के लोग।

विधायक आवास का घेराव करते ओबीसी मोर्चा के लोग।

है। ओबीसी समुदाय अब जाग चुके हैं। अपने हक अधिकार के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। सुशील अग्रवाल ने कहा कि लातेहार समेत सात जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। जिस कारण यहां के पढ़ने वाले युवाओं को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि सरकार आरक्षण नहीं देती है तो उच्च न्यायालय तक जायेंगे और सरकार गिराने का भी कार्य करेंगे। वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शौन्डिक ने कहा कि लातेहार जिले में ओबीसी के आरक्षण बहाल करने को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन सरकार इस पर कोई पहल नहीं कर रही है। यह आंदोलन जारी रहेगी। त्रिवेणी साहू ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए ओबीसी मोर्चा जिस तरह से आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन लगातार जारी रही तो जल्द ही ओबीसी को आरक्षण मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार को एक मांग पत्र सौंपा गया। विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि विधायक बैद्यनाथ राम ओबीसी के आरक्षण के पक्ष में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी प्रयास है कि जल्द से जल्द ओबीसी को आरक्षण दिलाया जाए। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेश गुप्ता, निर्मल महलका, देवनंदन प्रसाद, रामप्यारे प्रसाद, गोविंद प्रसाद, धर्मेंद्र साहू, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, गया प्रसाद, आशीष कुमार, मिनी गुप्ता, अरविंद चंद्रवंशी, भूपेंद्र चंद्रवंशी, बलराम यादव, राम हरि प्रसाद, राजू रंजन प्रसाद, हीरा प्रसाद यादव, त्रिवेणी साहू, रंजन प्रसाद, विकास कुमार, विष्णु गुप्ता, मोती प्रसाद, धन श्याम प्रसाद, सुजीत प्रसाद यादव, शंभू प्रसाद, शिवनंदन प्रसाद यादव, देवनाथ प्रसाद, आदित्य प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में ओबीसी समुदाय के लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

सोलर प्लेट को चोरों ने किया चोरी

बारियातू। थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग किनारे गोनिया उप स्वास्थ्य केंद्र मे लगे सोलर प्लेट की चोरी अज्ञात चोरों ने बिते रात चोरी कर ली। एमपी डब्लू संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की शनिवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद जाने लगे तब तक सोलर प्लेट लगी हुई थी। जब रविवार सुबह केंद्र पहुंचे तो केंद्र के बाहर लगे सोलर प्लेट गायब देखा गया। सोलर प्लेट चोरी होने की जानकारी बारियातू थाना मे देने की बात कही।

युवक की ईलाज के दौरान मौत

मृतक राहुल का फाईल फोटो।

बालूमाथ/चंदवा। रामपुर-सेरक बालूमाथ पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के सेरक ग्राम के समीप बीते शनिवार की रात्रि ऑटो और बाइक के बीच हुई टक्कर में घायल युवक राहुल कुमार महतो पिता मनक महतो (बालूभांग बालूमाथ) की मौत रविवार को रिम्स रांची में इलाज के क्रम में हो गयी। बता दें कि शनिवार की देर रात्रि ऑटो व बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गयी थी। जिसमे बाइक सवार राहुल कुमार महतो गम्भीर रूप से घायल हुये थे, उनके पैर और सिर के साथ-साथ शरीर के कई अंगों में गंभीर और आंतरिक चोट लगी थी। स्थानीय लोगो के द्वारा उसे प्राथमिक उपचार के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया था जहां डाक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा किया गया था। स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सक अमरनाथ प्रसाद के द्वारा बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था। इधर राहुल के अचानक मौत हो जाने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

टी-20 क्रिकेट पुलिस लिग प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

मौके पर मौजदू लोग।

सरयू। गारू प्रखंड के गारू खेल मैदान में टी-20 पुलिस लिग प्रशिक्षण मैच का शुभारंभ गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत के द्वारा रविवार को किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेल से शारिरीक एवं मानसिक विकास होता है। हरेक व्यक्ति को कोई ना कोई खेल खेलनी चाहिए। उन्होने बताया कि लातेहार जिले में टी-20 क्रिकेट पुलिस लिग का आयोजन किया गया है। जिसमें थाना क्षेत्र स्तरीय सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियो को जिला में होने वाले टी-20 क्रिकेट पुलिस लिग में खेलने के लिए भेजा जायेगा। साथ ही उन्होने 19 साल के युवाओं से अपिल की है कि वे इस प्रशिक्षण में भाग लें। खेल का सारा कीट थाना के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। इस प्रशिक्षण मैच को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। ज्ञातव्य हो कि टी-20 पुलिस लिग का आयोजन लातेहार के जिला खेल स्टेडियम में होना है। जिसमें प्रखंड स्तर पर चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ी लातेहार के खेल स्टेडियम में मैच खेलेगी।

55 वर्षिय वृद्ध की ट्रेन से कटकर हुई मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

लातेहार। सीआइसी सेक्शन के बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड अंतर्गत रिचूघूटा स्टेशन के समीप पोल संख्या 202/29 एवं 202/33 ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के ग्राम रिचुघूटा निवासी मोहन सिंह उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय नेमा सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक वृद्ध देर रात घर से टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान रेल पटरी को पार करते वक्त वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही जानकारी मिली कि वृद्ध नींद में चलने की बीमारी भी थी, बता दें की वृद्ध जीविकोपार्जन के लिए रेलवे साइड़ में मजदूरी का कार्य किया करता था। घटना की जानकारी तब मिली जब अहले सुबह कुछ मजदूर द्वारा रेलवे ट्रैक पर काम करने निकले, जिसके बाद कुछ मजदूरों ने इसकी सूचना आरपीएफ को दी। वही आरपीएफ के जवानों ने सारी घटना की जानकारी लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार को दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा कि उसकी मौत किस प्रकार हुई। इधर इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उधर पुलिस ने मामला यूडी कांड संख्या में दर्ज कर लिया हैं।

स्पोर्ट मीट 2023 में रेल कर्मचारियों ने दिखाया अपना जौहर

- अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच सामंजस्य स्थापित करना प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य : डीके पांडेय
- कर्मचारियों की हर समस्याओं के समाधान हेतु कटिबद्ध है ईसीआरकेयू : सुनील सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

कॉमरेड डीके पांडेय को सम्मानित करते सुनील सिंह।

बरवाडीह। डिविजनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन धनबाद के सौजन्य से बरवाडीह के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में चल रहे स्पोर्ट मीट 2023 का समापन रविवार को हो गया। कार्यक्रम के आखिरी दिन बतौर मुख्य अतिथि ईसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष कॉमरेड डीके पाण्डेय और सीनियर डीपीओ धनबाद अजीत कुमार ने शिरकत की। वहीं यूनियन के केंद्रीय सहायक महामंत्री कॉमरेड ओमप्रकाश, एडीईएन डीटीओ अर्जुन सिंह, अध्यक्ष अनिल कुमार और सचिव सुनील सिंह सहित कई अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं कॉमरेड डीके पाण्डेय ने रेलवे क्लब सभागार में यूनियन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को भी बारी-बारी से सुनने का काम किया तथा इसके निष्पादन को लेकर संबधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। इसके पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष डीके पांडेय का स्वागत यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र व बुके भेंटकर गर्मजोशी से किया गया। वहीं प्रतियोगिता के दौरान ओपन टू ऑल दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, महिलाओं के लिए म्यूजिक चेयर रेस इत्यादि कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरुषकृत किया गया। जहां कॉमरेड डीके पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी भाइयों को रेल सेवा के साथ विभिन्न खेलों में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिला, और आपलोगों ने बेझिझक विभिन्न प्रतिस्पधाओं में भाग लेकर अपना जोहर दिखाया है। बताया कि स्पोर्ट्स मिट का उद्देश्य रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच खेल के माध्यम से आपसी सामंजस्य व तालमेल को मजबूत बनाना है। इसके अलावा कर्मचारियों को फिट रखना भी रेल प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं कॉमरेड सुनील सिंह ने कहा कि रेल कर्मचारियों की हर उचित समस्याओं के समाधान हेतु यूनियन कटिबद्ध है।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

वहीं कार्यक्रम में एडीएमई विकास शुक्ला, वेलफेयर इंस्पेक्टर राकेश सिंह व मनोरंजन कुमार, सरोज सिंह, श्रीकांत बिमल, कार्यकारी अध्यक्ष, चंदन कुमार, युवा सचिव ऋषि राज, स्टेशन प्रबंधक एके दिवेद्वी, रंजित कु.राणा, बशीर अहमद, बासुदेव डे, आशुतोष कुमार, काजमी अनवर, देवनंदन आर्या, इनायत करीम, मनीष कुमार और संकेत कुमार सहित कई अधिकारी और सैकड़ो की संख्या में रेल कर्मचारी मौजूद थे।

दुबे जी के गोला में शुरू हुआ श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा, गाजे बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

कलश यात्रा में शामिल धर्मप्रेमी।

चंदवा। चंदवा मुख्य बाजार स्थित स्थित दुबे जी के गोला प्रांगण में नवनिर्मित मंदिर का हनुमान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रविवार की सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुयी। बतौर मुख्य पुरोहित बनारस से आये आचार्य पंडित अभिषेक द्विवेदी व मंदिर समिति के लोगो ने संयुक्त रूप से माताओं एवं बहनों को कलश प्रदान कर यात्रा की शुरूआत की। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा गोला परिसर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते देवनद दामोदर तट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल को ग्रहण किया गया, तत्पश्चात यात्रा नगर भ्रमण करते हुए यात्रा मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञ स्थल पहुंची जहां विधिवत पूजन व मंत्रोचार के बीच कलश को मंडप में स्थापित किया गया। इसके उपरांत कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच ठंडा शर्बत व प्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा में बतौर यजमान संजय दुबे, मुकेश दुबे व जगतपाल अग्रवाल (तीनो सपत्नीक) समेत समेत आसपास के इलाकों के माता-बहन समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौके पर पंडित रामनिवास रिछारिया, नीलमणि तिवारी, सतीश त्रिपाठी, किशन भार्गव, आशीष पटेरिया, सुरेंद्र प्रसाद वैद्य, हरिनन्दन दुबे, शंकर दुबे, मनोज दुबे, अजय वैद्य, विकास मित्तल, गौतम दुबे, निर्मल भारती, सुधीर प्रसाद, धर्मेंद्र भारती, सनी दुबे, वेदांत अग्रवाल समेत सैकड़ो धर्मप्रेमी शामिल थे।

सोलर जलमीनार खराब, पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

जानकारी देते ग्रामीण।

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के अलखडीहा खरिहान टोला का जलमिनार पिछले एक वर्ष से खराब, ग्रामीण परेशान सोलर जलमीनार खराब होने के कारण खरिहान टोला मे निवास करने वाले लोग दूर जाकर कुएं की पानी उपयोग करने को विवश हैं। इधर गर्मी की दस्तक से परेशान हैं। बढ़ते तापमान के कारण पानी भी सुखने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। टोला वासियों के लिए पेयजल सुविधा के साथ दैनिक कार्य सहित घरेलू उपयोग के लिए पेयजल समस्या बढ़ गया है। मौके पर उपस्थित पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर उरांव ग्रामीण शिवप्रसाद उरांव, भीम उरांव, दिलिप उरांव, जिवो देवी, अनिता देवी, जोनी देवी, प्रमिला देवी, गायत्री देवी, सुरेश उरांव, शाहदेव उरांव, बिरु उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल समस्या के संबंध में मौखिक रूप से स्थानीय मुखिया व पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराये हैं परंतु समस्या का समाधान नहीं कराया गया है। पेयजल समस्या के संबंध में साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत से बात किए जाने पर जलमिनार को जल्द से जल्द मरम्मत करवाने की बात कही। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से खराब पड़े सोलर जल मीनार को अविलम्ब दुरुस्त करवाकर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

शौंडिक-जायसवाल समाज की बैठक

बैठक करते शौंडिक-जायसवाल समाज के लोग।

चंदवा। शौंडिक-जायसवाल समाज की बैठक आरके ट्रांसपोर्ट कार्यालय परिसर में समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के साथ आगामी 15 जून को शहर के समाजसेवी रहे स्व. प्रहलाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। कहा कि चंदवा बाजार में नौ वर्ष पूर्व उनकी हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या से न केवल उनके परिवार अपितु समाज की क्षति हुई है। समाज के लोगों की जिम्मेवारी है कि उनके अधूरे कार्यों को अंजाम तक पहुंचाए। मौके पर महेंद्र प्रसाद साहू, नरेश प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, नारायण प्रसाद, श्यामकरण साहू, अमरदीप साहू, दिनेश प्रसाद, मुरली प्रसाद, रंजीत गुप्ता छोटे, अजय जायसवाल, विजय कुमार, श्रीराम साहू, विनय कुमार, दिलीप कुमार, राजकुमार साहू, राजकुमार भोला, रमेश प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, प्रशांत कुमार, पवन कुमार, हरि कुमार, संतोष प्रसाद, मिथलेश कुमार पीकू, विकास कुमार, आनंद प्रसाद, अरूण प्रसाद, विष्णु कुमार, राहुल कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

झारखंड राज्य कोर कमेटी की सूची जारी की है

- 7 सदस्यीय कोर कमेटी को शीघ्र ही झारखंड के सभी जिलों में संगठन विस्तार का दिया निर्देश

बेतला। भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय इंजीनियर चंद्रकांत त्यागी के द्वारा झारखंड राज्य कोर कमेटी की घोषणा की है,इस दौरान संजय पांडे वरिष्ठ पत्रकार को प्रदेश अध्यक्ष, आनंद तिवारी पत्रकार प्रदेश उपाध्यक्ष, नितिन कुमार पांडे अधिवक्ता प्रदेश महासचिव,श्रीराम रंजन कुमार सिंह समाजसेवी प्रदेश प्रदेश महासचिव सह संथाल परगना प्रमंडलीय अध्यक्ष, जया रानी परिया, समाजसेवी प्रदेश सचिव जिला वेस्ट सिंहभूम प्रभारी, रंजीत कुमार दुबे अधिवक्ता कोडरमा जिला अधिवक्ता संघ, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष उत्तरी छोटानागपुर के प्रभारी, सत्येंद्र तिवारी पूर्व प्रशासनिक पदाधिकारी झारखंड सरकार, प्रदेश उपाध्यक्ष पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। वही भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के पूर्व लातेहार जिला अध्यक्ष रामनिवास पाठक ने भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बहुत-बहुत बधाई दी है। कहा की झारखंड राज्य के 7 सदस्य नए कोर कमिटी के नेतृत्व में सिलसिलेवार जागरूकता अभियान चलेगा।

एक नजर में

झुंड से बिछड़े हाथी ने मचाया उत्पात

पीड़ित परिवार से मुलाकात करते लक्ष्मण कुशवाहा।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के नदी टोला में शनिवार की मध्य रात्री हाथियों के झुंड से अलग हुए एक हाथी ने उत्पात मचाते हुए मोहन महतो,महावीर महतो एवम ननकू महतो सभी ग्राम गनेशपुर के घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखा हुआ अनाज, चावल, महुआ, धान, आलू प्याज इत्यादि को चट कर दिया। इस घटना से पीड़ित परिवार बेघर हो गए है। घटना की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटनास्थल जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की एवं हाथी द्वारा किये गए नुकसान की भरपाई के लिए वन विभाग से उचित मुआवजा की मांग की। मौके पर बोलते हुए लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा की बीते तीन वर्षों से बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सैकड़ों घटनाएं हाथियों के द्वारा हो चुकी है। फिर भी वन विभाग कान में तेल डाल कर सोया हुआ है। सिर्फ पीड़ित को मुआवजा राशि दे देने से क्या पीड़ित परिवार का दुख दूर हो जाएगा। उन्होंने हाथियो के झुंड को खदेड़ने की मांग किया है। मौके पर गणेशपुर मुखिया परमेश्वर उरांव, जीतन महतो, बिनोद महतो, गोपी महतो, राजेश उराव, जितेंद्र प्रजापति, ननकु महतो, रवि कुमार, अजय साव, अजय महतो, मनीशंकर समेत कई ग्रामीणों मौजूद रहे।

मनिका प्रखंड के बूथ संख्या 110 में सुनी गई मन की बात

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित बूथ संख्या 110 के प्राथमिक विद्यालय पोखरी में भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का 101 वां एपिसोड सुना गया। जहां मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की बेटी विशाखा के बारे में जिक्र किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना किए। वहीं झारखंड के खूंटी जिला में बोरी बांध का जिक्र करते हुए सराहना किया कि इससे जल स्रोतों को बढ़ावा मिलता है और ग्रामीणों को फायदा मिलता है। वहीं एक ओर फिल्म अभिनेता और राजनेता एनटी रामा राव का भी जिक्र किया और वीर सावरकर के बलिदानों का जिक्र किया। मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा,एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान,एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री संदीप उरांव,ओबीसी मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार, मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, गुप्तेश्वर यादव, महरंग यादव, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

जीपीडीपी के माध्यम से योजना चयन को लेकर चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

मौके पर मौजूद लोग।

चंदवा। जीपीडीपी के माध्यम से ग्राम पंचायत के विकास को लेकर योजना चयन को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के द्वारा दिये जा रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक उत्तम कुमार, पंचायती राज प्रखण्ड समन्वयक सह मास्टर ट्रेनर रितेश कुमार के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को जीपीडीपी के माध्यम से योजना चयन से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में वीपीआरपी, बाल सभा, महिला सभा एवं केंद्र द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की स्वीकृति व संचालन को लेकर उक्त प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमे योजनाओं का चयन ग्राम पंचायत के विकास को लेकर निर्धारित 9 बिंदु के आधार पर करना है। योजना चयन में गरीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैसी गांव, प्रयाप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैसी गांव एवं सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण के मध्यनजर करना है। मौके पर सांख्यिकी पर्यवेक्षक पंचायत सचिव इसीदोर आईद, मुखिया दुर्गावती देवी, फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत, पुष्पा देवी, मालो देवी समेत कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

कुआं सूख जाने से पानी के लिए ग्रामीणों में मचा हाहाकार

- गर्मी का मौसम आते ही कुआं का पानी पूरी तरीके से सुख जाता हैं, जिसके कारण हम लोगों को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है: ग्रामीण
- जब चुनाव की बारी आता है, तो सभी प्रत्यासियों के द्वारा वोट लेने के लिए बड़ी-बड़ी बात कही जाती है: ग्रामीण
- पानी की स्थिति को देखते हुये जल्द से जल्द जल नल योजना के तहत जलमिनार लगाया जायेगा: बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

पानी लेकर जाते ग्रामीण।

सरयू। जल ही जीवन है, और इसी तथ्य को सही मानकर झारखंड सरकार के द्वारा जल नल योजना का शुभारंभ किया गया है। ताकि प्रदेश के हर घर में पानी को पहुंचाया जा सके। जिससे राज्य के किसी भी क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार ना हो। प्रदेश के जिस क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा करता था, वहां के ग्रामीण आज भी उम्मीद लगायें हुये है कि कब हमारे यहां भी पानी की समस्या दुर होगा। परंतु प्रदेश में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां आज भी पानी की समस्या सरकार के द्वारा दुर नहीं किया जा सका है। ऐसा ही वाक्या लातेहार जिले के नवनिर्मित सरयू प्रखंड अंतर्गत घासीटोला पंचायत के डोरम गांव के छतवाबरटोला में देखने मिल रहा है।

क्या है स्थिति

प्रखंड कार्यालय से करीब 10 किमी दुर घासीटोला पंचायत के डोरम गांव के छतवाबरटोला में करीब 10 घरों में 30 से 40 ग्रामीण रहते है। इतनी आबादी वाले टोला में 15 वर्षों से सिर्फ एक ही कुआं है। जिसमें एक फीट की पानी पर पुरा छतवाटोलावासी आश्रित हैं। ना तो इस टोला में चापानल है और ना ही जल नल योजना वाले जलमिनार लगे हुए हैं। सुबह से ही इस कुएं पर पानी लेने के लिए महिलाओं की कतार लगी रहती है। पहले आओ पहले पाओ वाला की स्थिति हमेशा बनी रहती है। कुआं में पानी सुख जाने के कारण इस चिलचिलाती धुप में महिलाएं कोशो दूर से पानी लाने को विवश है।

ग्रामीणों ने क्या कहा

ग्रामीण बिफनी देवी, झारो देवी, किस्मतिया देवी, संगीता देवी, गणेशारी देवी, कैली देवी, कुइनी देवी, टिपू देवी, मोनिका कुमारी, अनारकली देवी, तेतर सिंह, भजेंद्र सिंह, संजय सिंह, हरदयाल सिंह, रवींद्र सिंह, नन्हक सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि गर्मी का मौसम आते ही कुआं का पानी पूरी तरीके से सुख जाता हैं, जिसके कारण हम लोगों को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है। यहां के लगभग गांव में जलमीनार एवं चापानल लगा हुआ है, परंतु हमारा टोला अभी भी इस से वंचित है। जब चुनाव की बारी आता है, तो सभी प्रत्यासियों के द्वारा वोट लेने के लिए बड़ी-बड़ी बात कही जाती है। एक से एक प्रलोभन दिया जाता है। परंतु चुनाव जितने के बाद कोई भी प्रतिनिधि हमारी सुध लेने वाला नहीं है। हमलोग मरे या जिये उन्हे कोई फर्क नहीं पड़ता है। यहां के प्रतिनविधियों को कई बार इसकी सूचना दिया गया है, लेकिन उनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। बस आस्वासन देकर टाल मटोल कर दिया जाता है, हमलोग जाएं तो जाएं कहा। जल्द से जल्द इस गाँव में पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो हमारे सामने मरने की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।


सुखता हुआ कुंआ।

मुखिया ने क्या कहा

घासीटोला पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी ने कहा कि मेरे द्वारा छतवाबरटोला का स्थल निरिक्षण किया गया है। उस टोले में पानी की भयावह स्थिति बनी हुई है। वहां पर एक ही कुआं है जिसमें पानी नहीं के बराबर है और उसी पर 30 से 40 लोग आश्रित है। घासीटोला पंचायत में जल नल योजना के तहत जलमिनार कहां कहां लगाया जा रहा है, मेरे जानकारी में नहीं है। मेरे द्वारा कई बार प्रखंड कार्यालय से इसकी जानकारी मांगी गई है, परंतु अभी तक मुझे कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गई है।

बीडीओ ने क्या कहा

बीडीओ सालखु हेम्ब्रम ने कहा कि मेरे संज्ञान में यह बात आयी है। मेरे द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनिय अभियंता को जलमिनार के लिये स्थल चयन कर सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। पानी की स्थिति को देखते हुये जल्द से जल्द जल नल योजना के तहत जलमिनार लगाया जायेगा।

स्पीड न्यूज

मोनाजीर हसन ने दिया जदयू से इस्तीफा

पटना। बिहार में पूर्व सांसद मोनाजीर हसन ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा, यहां पर अब लोकतंत्र नहीं रह गया है, और ना ही जदयू में वरिष्ठ नेताओं का कोई सम्मान नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि हम किसके साथ जायेंगे, ये कार्यकर्ता से बैठक के बाद बतायेंगे।

दुमका में ट्रक पलटा चालक की मौत

दुमका। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। घटना दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर काठीजोरिया गांव के समीप रविवार को दोपहर में घटी। दुर्घटना में ट्रक का चालक छपरा जिले के कोपा थाना क्षेत्र के चांदा टोला गांव का रहने वाला 25 वर्षीय धोरेलाल कुमार राय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस उसे फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चलायेगी

दुमका। भाजपा जिला कार्यालय में सभी सात मोर्चा के जिला अध्यक्ष और मोर्चा के महामंत्री के साथ बैठक रविवार को की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष परितोष सोरेन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त प्रत्येक विधानसभा में मोर्चा सम्मेलन होना सुनिश्चित हुआ है।

बिजली चोरी करते चार लोगों पर प्राथमिकी

हंसडीहा। बिजली चोरी के विरुद्ध में विद्युत विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से विद्युत चोरी करते हुए चार लोगों के ऊपर रविवार को हंसडीहा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

महाजनसंपर्क अभियान से होगा चाचा-भतीजे के कुशासन के खिलाफ शंखनाद : सम्राट चौधरी

बिहार के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, गांव-गांव जाकर जनता से करेंगे संपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

बेगूसराय। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का दिनकर की जन्मभूमि बेगूसराय के बीहट चांदनी चौक पर रविवार को कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। पटना से खगड़िया जा रहे प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी बीहट चांदनी चौक पर कार्यकर्ताओं का हुजूम देखकर रुके। वहां वरिष्ठ नेता अमरेंद्र कुमार अमर, मंडल अध्यक्ष यशस्वी आनंद एवं जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार वीरेश के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा ने विरोधी दलों के सिद्धांत विहीन एकजुटता के खिलाफ जमीनी स्तर पर कमर कस लिया है। आगामी 30 मई से 30 जून तक भाजपा कार्यकर्ता महाजनसंपर्क अभियान के माध्यम से गांव-गांव में जाकर जनता जनार्दन से संपर्क करेंगे। इसमें लोगों को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विपक्षी दलों की हकीकत बतायी जायेगी।

उन्होंने कहा कि यह अभियान चाचा-भतीजे के कुशासन के खिलाफ शंखनाद करेगी। चाचा-भतीजे की सरकार ने गरीब गुरबों के नाम पर जातीय विद्वेष की राजनीति कर बिहार को रसातल में पहुंचा दिया है। जनहित में काम करने के बदले चाचा प्रधानमंत्री बनने का दिवास्वप्न देख रहे हैं, तो भतीजा उन्हें किसी तरह कुर्सी से हटाने का प्रयास कर रहा है। अब बिहार की जनता भाजपा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है।

राजद ने ट्विटर पर साझा की नये संसद भवन के साथ ताबूत की तस्वीर

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। नये संसद भवन के उद्घाटन पर बिहार में सियासत गरम है। बची-खुची कसर रविवार को राजद ने आज पूरी कर दी। राजद ने रविवार को एक ट्वीट कर ताबूत की तस्वीर को साझा किया है। साथ ही, इसकी तुलना संसद भवन से करते हुए लिखा है कि 'ये क्या है?' राजद ने नये संसद भवन के एरियल व्यू को एक ओर तस्वीर में रखा है, जबकि ट्विट की गयी दूसरी तस्वीर में ताबूत है।

जनता राजद को ताबूत में बंद कर देगी : शाहनवाज हुसैन

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा नये संसद भवन की तुलना ताबूत से करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि राजद ने नये संसद भवन का अपमान किया है। राजद ने ताबूत से तुलना कर लोकतंत्र के मंदिर को अपमानित किया है। राजद ने जैसे नये सांसद भवन की तस्वीर के साथ ताबूत की फोटो लगाकर साझा किया है, इसे देश क्षमा नहीं करेगी। आगामी चुनाव में जनता राजद को इसी ताबूत में बंद कर देगी।

एक नजर में

भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान की तैयारी जोरों पर

पाकुड़। भाजपा जिला कार्यालय पाकुड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान की तैयारियों को लेकर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, अल्पसंख्यक मोर्चा संथाल परगना प्रभारी रिंकू शेख की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष अमृत पांडे के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारिओं का संयुक्त रूप से बैठक आयोजित हुई। पाकुड़ जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 12, 13 एवं 15 जून को विधानसभा स्तरीय सम्मेलन किया जायेगा।

भाजपा की सोच विकृत : त्रिशानु राय

चाईबासा। कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय ने कहा कि संसद के नये भवन का पहले शिलान्यास और आज उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कराये जाने की योजना से उजागर हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी की सोच विकृत है। उन्होंने कहा कि देश की दस प्रतिशत आबादी आदिवासी समुदाय से आती है, वह आज यह जान गये है कि प्रधानमंत्री का चेहरा किस कदर आदिवासी विरोधी है, ऐसे में जनता उन्हें निश्चित रूप से सबक सिखायेगी।

पाकुड़ में चाकू मारकर एक युवक की हत्या

पाकुड़। जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के बासमती गांव में एक युवक की चाकू से वार कर निर्मम हत्या कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरीशपुर निवासी चंदन मंडल का दमाद विश्वजीत गोराई रंगा थाना क्षेत्र निवासी भौंरी कौचा मंदिर अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बासमती निवासी सीताराम मंडल, पत्नी एवं सीताराम मंडल का दमाद बीरू मंडल एवं उनके पुत्र देव मंडल ने विश्वजीत गोराई के साथ हाथापाई शुरू कर दी एवं चाकू से विश्वजीत गौराई को 25 से 30 बार वार कर हत्या कर दी। ज्ञात हो कि मृतक विश्वजीत गौराई बीरू मंडल की बेटी के साथ पूर्व में शादी हुई थी। इसके बाद वीरू मंडल की पुत्री की भी हत्या कुछ वर्षों पूर्व हो गयी थी। बीरू मंडल को शक था कि उसकी पुत्री की हत्या दमाद ने ही कर दी है।

स्टोन चिप्स लदा हाइवा जब्त, चालक गिरफ्तार

शिकारीपाड़ा। जिले के शिकारीपाड़ा पत्थर औद्योगिक क्षेत्र से स्टोन चिप्स लदे एक ओवरलोड हाइवा को पुलिस ने जब्त करते हुए एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस यह कार्रवाई पत्ताबाडी मोड़ के समीप की। गिरफ्तार आरोपी हाईवा चालक बिहार के भागलपुर जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के अमरदीप कुमार है।

एसडीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान

हंसडीहा। अवैध खनन व नियमों को ताक पर रखकर ढुलाई करने वाले वाहनों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार शाम को सदर एसडीओ कौशल कुमार के नेतृत्व में एसडीपीओ जरमुंडी शिवेंद्र,प्रखंड विकास पदाधिकारी सरैयाहाट दयानंद जायसवाल, व हंसडीहा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने हंसडीहा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

अपूर्ण आवास निर्माण के लाभुकों को सख्त निर्देश

हिरणपुर (पाकुड़)। बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी ने रविवार को हिरणपुर प्रखंड के कई गांवों में जाकर प्रधानमंत्री आवास योजनाओ का जायजा लिया। वहां अपूर्ण आवासों को लेकर संबंधित लाभुकों को निर्माण कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया।

हिरणपुर बाजार से बाइक की चोरी

हिरणपुर (पाकुड़)। हिरणपुर बाजार स्थित एक नंबर गली में स्थित मिलन रुज की जेवरात दुकान के सामने से एक लाल रंग की बाइक (संख्या जेएच 16 सी 0613) चोरी हो गयी है।

जयंती पर याद किये गये वीर सावरकर

बेगूसराय। महान क्रांतिकारी, भारत माता के वीर सपूत, स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत विनायक दामोदर सावरकर को रविवार को उनकी जयंती पर श्रद्धा पूर्वक याद किया गया।

पाकुड़ में छापेमारी कर अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर किये गये जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)। अंचलाधिकारी रितेश जयसवाल ने रविवार को अवैध बालू उठाव कर परिवहन करने के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के दौरान सीओ रितेश जयसवाल ने रोलाग्राम दुर्गा मंदिर के समीप अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त कर लिया, जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। जब्त ट्रैक्टर को स्थानीय थाना परिसर में रखा गया है। इस सबंध में सीओ से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि उपायुक्त पाकुड़ के निर्देशानुसार अवैध धंधा चलाने वाले के खिलाफ छापामारी की जा रही है। इसी के तहत छापामारी कर रोलाग्राम के पास से तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर परिवहन करते हुए पाया गया, जिसे रोककर संबंधित कागजातों की मांग चालकों से की गयी, तो किसी तरह का कोई कागजात नहीं दिखाया। इसके बाद तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में रखा गया है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कांड दर्ज किया जायेगा। इधर, समाचार लिखे जाने तक स्थानीय थाना में कांड दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी।

विधायक सुखराम ने नौ जलापूर्ति योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने रविवार को चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में जल समृद्धि योजना के तहत एक करोड़ 15 लाख 92 हजार 900 रुपये की प्राक्कलित राशि से नौ डीप बोरिंग निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। बनमालीपुर स्थित विधायक आवास में सोलर आधारित इन डीप बोरिंग निर्माण कार्यों का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। प्रत्येक योजना की प्राक्कलित राशि 12,88,100 रुपये है। इन योजनाओं का निर्माण कार्य विधायक योजना मद 2022-23 अंतर्गत ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पश्चिमी सिंहभूम द्वारा किया जायेगा।

चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत क्रियान्वित की जाने वाली इन योजनाओं में चक्रधरपुर प्रखंड की छह और बंदगांव प्रखंड की तीन योजनाएं शामिल हैं। इनमें संत टेरेसा बालिका उच्च विद्यालय बंदगांव, भगवान बिरसा प्लस टू स्कूल, बंदगांव बाजार टांड, कारमेल हाई स्कूल, टोकलो बाजार, सोमवार बाजार, रांगामाटी, लाल गिरिजा, पोटका, सफेद गिरिजा, पोटका, जीईएल चर्च, न्यू बस स्टैंड शामिल हैं। योजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर वरिष्ठ झामुमो नेता भुवनेश्वर महतो, बंदगांव प्रखंड प्रमुख पीटर घनश्याम तियु, चक्रधरपुर प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, उप प्रमुख विनय प्रधान, पीरु हेम्ब्रोम, राहुल आदित्य, सरवर नेहाल, दिनेश कुमार जेना, संजय हांसदा, सेलाय मुंडा, ताराकांत सिजुई, मिथुन गागराई, दोड़ाय जोंकों, राजेंद्र मेलगांडी, उदय जायसवाल, सिस्टर माइकेल, फादर सीके मरांडी, प्रदीप महतो समेत चक्रधरपुर एवं बंदगांव प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में युवक की मौत, गुस्साए लोगों ने किया हंगामा, मुआवजे को लेकर किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। बाइक दुर्घटना में युवक की मौत से नाराज लोगों ने जमकर हंगामा करते हुए दुमका-रानेश्वर बाइपास रोड को रविवार को जाम कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने रोड निर्माण कंपनी के पानी टैंकर को आग के हवाले कर दिया। रोड में बड़े-बड़े बोल्डर को लगाकर वाहनों के परिचालन को पूरी तरह लोगों ने ठप कर दिया। लाठी-डंडा से लैश ग्रामीण एक भी वाहनों को गुजरने नहीं दिया। कई बाइक सवार युवकों को खदेड़कर नाराज लोगों ने पकड़ा और लाठी-डंडे से पिटाई भी की।

इसी बीच जिप उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल एवं जिप सदस्य जयंत जयंती की वाहन उक्त रोड से गुजर रही थी। दोनों को रानेश्वर जाना था। लेकिन उनके वाहन को भी नाराज लोगों ने रोक दिया और दोनों को घंटों घटना स्थल पर बैठाए रखा। उपाध्यक्ष एवं जिप सदस्या को वापस लौटने भी नहीं दिया गया। घटना की खबर मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। नाराज ग्रामीण पुलिस की भी एक सुनने को तैयार नहीं थे। ग्रामीण मृतक बबलू राय उर्फ लालू राय (43) के आश्रितों को 20 लाख रुपया मुआवजा एवं दोनों बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का जिम्मे लेने की मांग पर अड़े हुए थे। सड़क जाम करीब 5 घंटे तक रहा। घटना स्थल पर काफी तनाव बना रहा। एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा एवं थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लेकिन वे रोड निर्माण कंपनी के संवेदक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। दोनों पदाधिकारियों ने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने मृतक के आश्रितों को थाना बुलाया। थाना में रोड निर्माण कम्पनी के संवेदक को भी बुलाया गया था। वार्ता में रोड निर्माण कंपनी के संवेदक ने मृतक के आश्रितों को 2 लाख रुपया मुआवजे के रुप में दिया। अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने का भी आश्वासन दिया। मुआवजा मिलने के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया।

पश्चिमी सिंहभूम की लगातार दूसरी जीत

खबर मन्त्र संवाददाता

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के बैनर तले स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर चल रहे समर क्रिकेट कैंप के तहत रविवार को जिला अंडर 16 टीम का मुकाबला जमशेदपुर की अंडर 16 क्रिकेट टीम से हुआ। मेजबान टीम ने 69 रनों से जीत हासिल कर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। इससे पूर्व 21 मई को खेले गये पहले मैच में भी पश्चिमी सिंहभूम ने जमशेदपुर को 6 विकेट से पराजित किया था।

आज खेले गये मैच में टॉस पश्चिमी सिंहभूम के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पश्चिमी सिंहभूम की टीम 38.5 ओवर में 223 रन बनाकर आल आउट हो गयी। मध्यमक्रम के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक कृष्णा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 26 गेंदों पर सात चौकों एवं दो छक्कों की मदद से 50 रन ठोके। उद्घाटक बल्लेबाज साकेत कुमार सिंह ने 60 गेंदों पर तीन चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 40 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी। उसने कप्तान आमर्त्य चौधरी के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी निभाकर टीम को बेहतरीन शुरुआत दी। आमर्त्य चौधरी ने पांच चौकों की मदद से 29 रन बनाये। अन्य बल्लेबाजों में आदित्य चौधरी ने 24 रन, ललित सिंह भोज ने 23 रन, अनिस कुमार दास ने 18 रन एवं पियुष त्यागी ने 10 रन जोड़े। जमशेदपुर की ओर से सोमाशिश चक्रवर्ती ने 34 रन देकर पांच विकेट तथा श्रेयस कुमार यादव ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाये। जीत के लिए निर्धारित 40 ओवर में 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमशेदपुर की पूरी टीम 35.3 ओवर में 154 रन बनाकर पैवेलियन लौट गयी। मैच समाप्ति के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करनेवाले पश्चिमी सिंहभूम के मध्यम क्रम के बल्लेबाज आदित्य चौधरी को मैन आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। ये पुरस्कार पूर्व रणजी क्रिकेटर संजीव गुप्ता ने प्रदान किया, जबकि आज के मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले पश्चिमी सिंहभूम के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक कृष्णा को मैन आफ द मैच के पुरस्कार से पूर्व रणजी खिलाड़ी सिद्धार्थ राज सिन्हा ने नवाजा।

कृषि और जंतु विज्ञान के तकनीकी शब्दों का एसपी कॉलेज में होगा संतालीकरण

दुमका। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत तकनीकी शब्दावली आयोग दिल्ली द्वारा कृषि और जंतु विज्ञान के तकनीकी शब्दों का संतालीकरण स्थानीय एसपी कालेज के संस्कृत विभाग में किया जाएगा। इसमें तीन हजार तकनीकी शब्दों का संतालीकरण किया जाएगा। नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करने के लिए संताली में भी पाठ्य पुस्तक लिखा जाना है। इसके प्रारंभिक दौर में शब्दों का संतालीकरण होना है। कृषि, जंतु विज्ञान, संताली के साथ भाषा वैज्ञानिक विभिन्न विवि से दुमका आने वाले हैं। स्थानीय विश्वविद्यालय सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के भी विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम 29 मई से 2 जून तक संताल परगना महाविद्यालय, दुमका में चलेगा।

चक्रधरपुर के नौ हज यात्री 31 मई को होंगे रवाना

गले मिल लोगों ने दी विदाई, मक्का-मदीना पहुंच मुल्क की तरक्की और सलामती के लिए दुआ की गुजारिश की

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर के नौ लोग पवित्र हज यात्रा पर सउदी अरब जा रहे है। 31 मई को चक्रधरपुर से एवं कोलकाता एयरपोर्ट से 3 जून की सुबह रवाना होंगे। इस मौके पर रविवार को वन विश्रामागार में मुस्लिम सेंट्रल अंजुमन चक्रधरपुर एवं चक्रधरपुर अनुमंडल हज कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण सह विदाई समारोह का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज मोहम्मद ने कुरान की तिलावत से की। हज कमेटी के सचिव हाजी मोहम्मद हाशिम एवं जामा मस्जिद के पेशे इमाम हाजी मुफ्ती अल्ताफ हुसैन ने हज यात्रियों को यात्रा और हज के अरकान पूरा करने के दौरान किन बातों को विशेष ध्यान रखना है और इस दौरान आने वाली परेशानियां एवं उससे निपटते हुए आसानी के साथ हज यात्रा को पूरा करने के तरीके विस्तार से बताये। साथ ही, सउदी अरब सरकार के कायदे कानून की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में चक्रधरपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता सैयद अनवर अली उपस्थित रहे। उन्होंने हज यात्रियों को पवित्र यात्रा की बधाई देते हुए कहा नसीब वाले होते है, जो हज पर जाते है। उन्होंने हज यात्रियों से मुल्क की तरक्की, शांति और भाईचारगी के लिए दुआ की गुजारिश की। इस मौके पर हज यात्रियों को उपहार दिये गये। मौके पर मुफ्ती अल्ताफ हुसैन के नेतृत्व में सामूहिक दुआ मांगी गयी। मौके पर लोगों ने हज यात्रियों से गले मिले और जाने अनजाने हुई गलती की माफी मांगते हुए विदाई दी।

इस साल चक्रधरपुर से अख्तर अली, शहजादी बेगम, अब्दुल सत्तार, जाहिदा खातून, मौलाना अब्दुल करीम, मसूद आलम, गुलफाम अली, मोहम्मद आलम अंसारी, साईदा खातून समेत नौ लोग हज यात्रा पर जा रहे है। कार्यक्रम में अंजुमन के अध्यक्ष मोहम्मद तजम्मुल हुसैन जानी, हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी अरशद अहमद खान, हाजी नईम आगाज, हाजी शब्बीर अहमद गद्दी, हाजी अब्दुल गफूर, हाजी अब्दुल हकीम, मास्टर महफुजूर्रहमान, अमजद खान, कमरूल शेख आदि उपस्थित रहे।

पेज एक का शेष

नया भवन, नये...

लोकतंत्र हमारे लिए सिर्फ एक व्यवस्था ही नहीं है बल्कि यह एक विचार है, परंपरा है और संस्कार है। उदघाटन के उन्होंने निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों से भेंट की और उन्हें शाल एवं प्रतीक चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया। इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना सभा में बौद्ध, जैन, पारसी, सिख, इस्लाम, वैदिक आदि धर्मों के धर्मगुरुओं ने प्रार्थना की। कार्यक्रम में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, अश्विनी वैष्णव, अनुराग ठाकुर, डॉ जितेन्द्र सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, शीर्ष अधिकारी आदि उपस्थित थे।

ऐसे शुरू हुआ समारोह : सुबह करीब साढ़े सात बजे मोदी संसद भवन के परिसर में पहुंचे। स्पीकर ओम बिरला ने उनका स्वागत किया। मोदी ने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके प्रणाम किया। इसके बाद वह श्री बिरला के साथ वहां हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। तमिलनाडु के विभिन्न आदिनम से पधारे संतों द्वारा लाये गये सेंगोल को साष्टांग प्रणाम किया और फिर पांच आदिनम संतों के हाथों से श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया और अपने स्थान पर चारों ओर परिक्रमा की। मोदी ने आदिनम संतों से आशीर्वाद लिया और फिर श्री बिरला एवं आदिनम संतों के साथ वह नयी लोकसभा के भीतर गये और लोकसभा अध्यक्ष के आसन के दाहिनी ओर पीछे एक कांच के केस में सेंगोल को स्थापित किया। इसे संप्रभुता, न्याय, शासन एवं शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

मन की बात...

पहले भी मिला है गोल्ड मेडल : खूंटी के बोरी बांध मॉडल को पूर्व में स्कॉच अवार्ड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिल चुका है। दरअसल, आदिवासियों में समूह से बंधे रहने का गुण पारंपरिक है। इसके तहत काम के बाद सामूहिक भोज की परंपरा है। इसी परंपरा को बोरी बांध निर्माण में निभाया जा रहा है। बोरी बांध बनाने के दौरान गांव के पुरूष बंध बनाने में योगदान देते हैं तो घर की महिलाएं सबके लिए भोजन तैयार करती हैं।

भारत को विकसित बनाने में जी जान जुटें

140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं और सपनों का प्रतीक है संसद भवन : पीएम

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष से 100 वर्ष के सफर अमृतकाल की तुलना आजादी मिलने के पहले के 25 सालों से की और देशवासियों का आह्वान किया कि जिस प्रकार उस दौर में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से हर देशवासी जुड़ गया था, उसी प्रकार अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक भारतवासी को जी-जान से जुटना ही होगा।

नए संसद भवन का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने इसे 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब करार दिया और कहा कि यह इमारत समय की मांग थी और इसके कण-कण से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि हर देश के इतिहास में ऐसा समय आता है, जब देश की चेतना नए सिरे से जागृत होती है। भारत में आजादी (1947) के 25 साल पहले ऐसा ही समय आया था। गांधी जी के असहयोग आंदोलन ने पूरे देश को एक विश्वास से भर दिया था। गांधी जी ने स्वराज के

25 वर्षों में हमें मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है

संकल्प से हर भारतवासी को जोड़ दिया था। ये वो दौर था, जब हर भारतीय आजादी के लिए जी जान से जुट गया था उन्होंने कहा कि इसका नतीजा यह हुआ कि भारत आजाद हुआ। मोदी ने कहा कि आजादी का ये अमृत काल भी भारत के इतिहास का ऐसा ही पड़ाव है। आज से 25 साल बाद भारत 100 वर्ष पूरे करेगा। हमारे पास भी 25 वर्ष का अमृत कालखंड है। इन 25 वर्षों में हमें मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। लक्ष्य बड़ा है, कठिन भी है, लेकिन हर देशवासी को इसके लिए जी जीन से जुटना ही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी के बाद भारत ने बहुत कुछ खोकर अपनी नई यात्रा शुरू की थी और वह यात्रा कितने ही उतार-चढ़ावों से होते हुए, कितनी ही चुनौतियों को पार करते हुए आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि आजादी का यह अमृतकाल विरासत को सहेजते हुए, विकास के नए आयाम गढ़ने का अमृतकाल है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई ने



दुनिया के कई अन्य देशों तक में चेतना जागृत कर दी थी और फिर वे आजादी की राह पर चल पड़े, भारत के विश्वास ने दूसरे देशों के विश्वास को सहारा दिया था। उन्होंने कहा कि भारत जैसी विविधता से भरा देश, इतनी बड़ी आबादी का देश जब आगे बढ़ता है तो दूसरे देशों को प्रेरणा भी मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुराने संसद भवन में बैठने और प्रौद्योगिकी से जुड़ी समस्याएं थीं और बीते डेढ़ दो दशकों से ये चर्चा लगातार हो रही थी कि देश को नए संसद भवन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सीट व सांसदों की संख्या भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ये समय की मांग थी कि संसद की नयी इमारत का निर्माण किया जाए। नए संसद भवन में विरासत भी है, वास्तु भी है। इसमें कला भी है और

आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा भवन : मोदी

कौशल भी है। इसमें संस्कृति भी है और संविधान के स्वर भी हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के नौ वर्षों के शासन को भारत के नवनिर्माण और गरीब कल्याण का कार्यकाल बताया और कहा कि नया भवन स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा, आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा और विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि होते हुए देखेगा। उन्होंने संसद के नए भवन का उद्घाटन करने के बाद यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की पीठ के निकट स्थापित सेंगोल सभी को प्रेरणा देता रहेगा। प्रधानमंत्री ने इससे पहले, सेंगोल को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के निकट स्थापित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद के नए भवन का कण-कण गरीब को समर्पित है। मोदी ने कहा कि यह सिर्फ एक भवन नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। यह विश्व को भारत के दृढ़संकल्प का संदेश देता है। यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है।

मोदी-मोदी, भारत माता, जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारे गूंजे

नयी दिल्ली। नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद लोकसभा में आयोजित समारोह में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रवेश करने से पहले ही पूरा कक्ष तालियों की गड़गड़ाहट के साथ ही मोदी-मोदी, भारत माता, जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठा। प्रवेश द्वार से मोदी के आगमन से लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ मंच पर उनके पहुंचने तथा समारोह की औपचारिक शुरूआत होने तक तालियों की गड़गड़ाहट जारी रही। कक्ष के अंदर दो बड़े स्क्रीन थे, जिन पर मोदी के आगमन का सीधा प्रसारण हो रहा था। प्रधानमंत्री ने जैसे ही कक्ष में कदम रखा तो इस दौरान कुछ सदस्यों ने शिवाजी महाराज की जय के नारे भी लगाए। मंच की ओर बढ़ते समय मोदी ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा सहित कई गणमान्य लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान सभी सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर तालियां बजा रहे थे। देवगौड़ा सबसे पहले पहुंचने वाले वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे। वह व्हीलचेयर पर आए थे। वह पहली पंक्ति में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ बैठे थे। उनकी बाईं तरफ पहली पंक्ति में भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल एक

पूर्व प्रधामंत्री देवगौड़ा सबसे पहले व्हीलचेयर से पहुंचे

साथ बैठे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगालैंड के उनके समकक्ष नेफ्यू रियू, मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के उनके समकक्ष मनोहर लाल खट्टर तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा गुजरात के अपने समकक्ष भूपेंद्र पटेल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ पहली पंक्ति में बैठे नजर आए। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन और वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी भी पहली पंक्ति में बैठे नजर आए। लाल साड़ी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पीली साड़ी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक साथ कक्ष में प्रवेश किया। ईरानी ने महाजन और जोशी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। योगी आदित्यनाथ और अमित शाह ने भी उनका कुशलक्षेम पूछा। आदित्यनाथ और शाह के कक्ष में पहुंचते ही बड़ी संख्या में संसद सदस्य और गणमान्य लोग उनके पास पहुंचे और उनका अभिवादन किया। कई सांसदों को दोनों नेताओं के साथ फोटो खिंचवाते और सेल्फी लेते भी देखा गया। शाह के पहुंचने के बाद जगनमोहन रेड्डी उनके पास आकर बैठ गए और फिर दोनों ने कुछ देर चर्चा भी की। बाद में वह निर्मला सीतारमण के साथ चर्चा करते देखे गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी त्रिपुरा, मेघालय और सिक्किम के अपने समकक्षों-क्रमशः माणिक साहा, पेमा खांडू और प्रेम सिंह तमांग के साथ दूसरी पंक्ति में बैठे नजर आए।

जनता की अपेक्षा पूरी करेगा नया भवन : शाह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि ये भवन सिर्फ लोगों की आकांक्षाओं के पूरा होने का स्थान नहीं है बल्कि अमृतकाल के दौरान हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर भारत की यात्रा की शुरूआत का स्थान भी है।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने नए संसद भवन के निर्माण के राष्ट्र के स्वप्न को रिकॉर्ड समय में पूरा करने वाले श्रमयोगियों की मेहनत के प्रति भी आभार प्रकट किया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संसद भवन में सेन्गोल की स्थापना से भारत की सांस्कृतिक विरासत और इसके वर्तमान के बीच सेतु का निर्माण हुआ है।

अब इन प्रोजेक्ट्स पर सरकर का फोकस

नयी दिल्ली। नए संसद भवन का उद्घाटन होने के बाद अब ध्यान उपराष्ट्रपति एन्क्लेव, सामान्य केंद्रीय सचिवालय भवनों, रक्षा एन्क्लेव, सांसदों के कक्ष और प्रधानमंत्री के नए आवास और कार्यालय के निर्माण पर केंद्रित हो गया है।नया संसद भवन दूसरी परियोजना है जो पूरी हो चुकी है। पहली परियोजना विजय चौक से इंडिया गेट तक फैले सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का पुनर्विकास था। जिस खंड को पहले राजपथ के नाम से जाना जाता था, उसका नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया है। देश की शक्ति के केंद्र सेंट्रल विस्टा के पुनर्विकास की योजना में नया संसद भवन भी शामिल है जिसका रविवार को उद्घाटन किया गया। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) पुनर्विकास

उपराष्ट्रपति एन्क्लेव, सामान्य केंद्रीय सचिवालय भवनों, रक्षा एन्क्लेव, सांसदों के कक्ष और प्रधानमंत्री के नए आवास और कार्यालय का जल्द होगा निर्माण

योजना के तहत परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। नए संसद भवन के निर्माण का टेंडर टाटा प्रोजेक्ट्स को सितंबर 2020 में 861 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से दिया गया था। बाद में, कुछ परिवर्तनों के कारण लागत में मामूली वृद्धि हुई।अवसंरचना फर्म लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड 1,189 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), मंत्रिमंडल सचिवालय, इंडिया हाउस और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के एकजीक्यूटिव एन्क्लेव का निर्माण कर रही है। कंपनी को पिछले साल नवंबर में टेंडर दिया गया था और

यह परियोजना 24 महीने में पूरी होगी। एग्जिक्यूटिव एन्क्लेव साउथ ब्लॉक के दक्षिण की ओर बनेगा। इंडिया हाउस का उपयोग हैदराबाद हाउस की तरह एक सम्मेलन केंद्र के रूप में किया जाएगा जहां वर्तमान में विभिन्न देशों के शीर्ष नेताओं के साथ उच्चस्तरीय वार्ताएं आयोजित की जाती हैं। लार्सन एंड टुब्रो सामान्य केंद्रीय सचिवालय के पहले तीन भवनों का निर्माण भी कर रही है। इसने अक्टूबर 2021 में 3,142 करोड़ रुपये की बोली लगाकर बोली जीती थी। सीपीडब्ल्यूडी ने इन भवनों को पूरा करने के लिए ढाई साल की समयसीमा तय की है। सामान्य केंद्रीय सचिवालय के तहत, सरकार 10 भवनों का निर्माण करने की योजना बना रही है जिसमें मंत्रालय और अन्य कार्यालय होंगे। आवास मंत्रालय के मुताबिक, विभिन्न सरकारी कार्यालयों के किराए पर सालाना 1,000 करोड़ रुपये खर्च होते हैं और सामान्य केंद्रीय सचिवालय से इस राशि की बचत होगी। शास्त्री भवन, उद्योग भवन, निर्माण भवन और रेल भवन उन अन्य इमारतों में शामिल हैं जिन्हें सामान्य केंद्रीय सचिवालय बनाने के लिए गिराए जाने की संभावना है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक, जो लुटियंस दिल्ली में अपनी स्थापना के बाद से सरकारी प्राधिकरण का प्रतीक हैं, को राष्ट्रीय संग्रहालयों में परिवर्तित किया जाएगा। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के इतिहास और स्वतंत्रता के इसके संघर्ष को प्रतिबिंबित करने की संभावना रखते हैं। सरकार की योजना सांसदों के लिए कक्ष बनाने की भी है जो उस भूमि पर बनेंगे जहां परिवहन भवन और श्रम शक्ति भवन स्थित हैं। सरकार कर्मियों और रक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष अधिकारियों के रहने के लिए एक बड़ा डिफेंस एन्क्लेव भी स्थापित करेगी। एन्क्लेव के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए उपराष्ट्रपति के आवास और इसके आसपास की इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा। जून 2024 तक भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के पास इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) की नई इमारत का निर्माण किया जाएगा। सेंट्रल कांफ्रेंस सेंटर दिसंबर 2026 तक बनाया जाना है।

उद्घाटन पर बेटियों का हुआ अपमान : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि संसद जनता की आवाज होती है लेकिन जब नये संसद भवन का उद्घाटन हुआ तो देश के लिए मेडल लाने वाली महिला खिलाड़ियों को संसद के नजदीक सड़कों पर अपमानित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नीता डिसूजा तथा कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहंकार और भाजपा सरकार की तानाशाही करार देते हुए कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की बात करने वाली सरकार ने जिस दिन नये संसद भवन का उद्घाटन किया उसी दिन भवन के करीब अधिकारों की लड़ाई लड़ रही महिला पहलवानों को प्रताड़ित करके देश का मान बढ़ाने वाली बेटियों को अपमानित किया जाता है।

पाक में 6.0 तीव्रता का भूकंप, अफरा-तफरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कई हिस्सों में रविवार सुबह 6.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इससे दहशत फैल गई और लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने को मजबूर होना पड़ा। भूकंपीय निगरानी केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में 223 किलोमीटर की गहराई में था। इस वजह से विनाशकारी प्रभाव नहीं पड़ा। इस्लामाबाद, पेशावर, स्वात, हरिपुर, मलकंद, एबटाबाद, बाटग्राम, कश्मीर, टेक्सलिया, पिंड दादान खान और कई अन्य हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए।

लोकसभा चुनाव से पहले सेंसस संभव नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोरोना के कारण अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई जनगणना की कवायद अप्रैल-मई 2024 में होने वाले अगले लोकसभा चुनावों से पहले होने की संभावना नहीं है। जब भी जनगणना कराई जायेगी तब स्मार्टफोन, इंटरनेट, लैपटॉप, कंप्यूटर, कार, दोपहिया वाहनों तक पहुंच, मुख्य खपत वाले अनाज जैसे 31 प्रश्न नागरिकों से पूछे जायेंगे। जनगणना और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को अद्यतन करने की कवायद एक अप्रैल से 30 सितंबर, 2020 तक देशभर में होने वाली थी लेकिन कोविड-19 के प्रकोप के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। जनगणना का काम अभी भी

नागरिकों से स्मार्टफोन, इंटरनेट, अनाज समेत पूछा जायेगा 31 सवान

रुका हुआ है और सरकार ने अभी तक एक नये कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। अधिकारियों ने बताया कि जनवरी में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय ने सूचित किया कि प्रशासनिक सीमाओं को स्थिर करने की तारीख नये जिलों या उप-जिलों का सृजन 30 जून तक बढ़ा दी गई है।

इस बीच, निर्वाचन आयोग अगले आम चुनावों के लिए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण आदि की प्रक्रिया शुरू करेगा। अधिकारियों ने बताया कि अक्टूबर से, जनगणना कवायद आयोजित करने की बहुत

कम संभावना है क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि निर्वाचन आयोग और महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा समान लोगों को ही इस काम में शामिल किया जाना है। उन्होंने संभावना जतायी कि जनगणना का काम लोकसभा चुनाव के बाद ही किया जाएगा।

महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय के अनुसार, नागरिकों से पूछे जाने वाले 31 प्रश्न निर्धारित किए गए हैं। इन सवालों में शामिल है कि क्या किसी परिवार के पास टेलीफोन लाइन है, इंटरनेट कनेक्शन है, मोबाइल या स्मार्टफोन है, साइकिल है, स्कूटर है या मोटरसाइकिल है या मोपेड है, क्या उनके पास कार, जीप या वैन है। नागरिकों से यह भी पूछा जाएगा कि वे घर में कौन सा अनाज खाते हैं, पीने के पानी और रोशनी का मुख्य स्रोत, शौचालय तक पहुंच और उसके प्रकार, नहाने की सुविधा की उपलब्धता, रसोई और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता, खाने पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाला मुख्य ईंधन, रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन की उपलब्धता, आदि शामिल हैं।

नौवहन उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती शुरू

श्रीहरिकोटा। इसरो के वैज्ञानिकों ने सोमवार को यहां जीएसएलवी के जरिए एक नौवहन उपग्रह को प्रक्षेपित किए जाने की 27.5 घंटे की उल्टी गिनती रविवार सुबह 7.12 बजे शुरू कर दी। अंतरिक्ष एजेंसी ने दूसरी पीढ़ी की नौवहन उपग्रह श्रृंखला के प्रक्षेपण की योजना बनाई है जो नाविक सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करेगी। यह उपग्रह भारत और मुख्य भूमि के आसपास 1,500 किलोमीटर के क्षेत्र में तात्कालिक स्थिति और समय संबंधी सेवाएं प्रदान करेगा। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से सोमवार पूर्वाह्न 10 बजकर 42 मिनट पर 51.7 मीटर जीएसएलवी 15वीं उड़ान में 2,232 किलोग्राम वजनी एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह को लेकर रवाना होगा।

दृश्यम 2 को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म अवार्ड

अबू धाबी। अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) में अजय देवगन अभिनीत फिल्म दृश्यम 2 ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार अपने नाम किया। आलिया भट्ट और ऋतिक रोशन को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। हिंदी फिल्मों का यह सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार समारोह हर साल किसी विदेशी स्थल पर आयोजित किया जाता है। इस साल इसे एतिहाद एरिना में आयोजित किया गया जो यास द्वीप पर यास बे वाटरफ्रंट का हिस्सा है। फिल्म दृश्यम 2 इसी नाम की मलयालम फिल्म का रीमेक है। इसे सर्वश्रेष्ठ एडेप्टेड स्टोरी का पुरस्कार भी मिला। आलिया भट्ट ने इस साल

पुरस्कार समारोह में शिरकत नहीं की। उन्हें संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में उनकी अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। वहीं, ऋतिक रोशन को एक्शन-थ्रिलर फिल्म विक्रम वेधा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। किरदार निभाने का मौका देने के लिए निर्देशक जोड़ी पुष्कर और गायत्री का शुक्रिया अदा करते हुए रोशन ने कहा कि मैं कई वर्षों से वेधा को जी रहा हूं। यह सब यहीं

आइफा अवार्ड्स : आलिया और ऋतिक रोशन सर्वश्रेष्ठ कलाकार

अबू धाबी में शुरू हुआ। मैंने वेधा के किरदार की शूटिंग यहीं से शुरू की थी। ऐसा लगता है कि मेरे लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन शिव ने इस साल सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए। फिल्म के लिए श्रेया घोषाल को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका, अरिजीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक, अमिताभ भट्टाचार्य को सर्वश्रेष्ठ गीतकार और मौनी रॉय को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। अभिनेता अनिल कपूर को फिल्म जुगजग जीयो के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला।

राम चरण ने बनायेंगे फिल्म द इंडिया हाउस

हैदराबाद। अभिनेता राम चरण ने रविवार को अपनी नई फिल्म द इंडिया हाउस की घोषणा की। इस फिल्म में अभिनेता निखिल सिद्धार्थ और अनुपम खेर प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। आजादी से पहले की घटनाओं पर आधारित इस फिल्म का निर्देशन राम वामसी कृष्णा द्वारा किया जाएगा। चरण ने वीर सावरकर की 140वीं जयंती पर इस फिल्म की घोषणा की। अभिनेता-निर्माता ने पोस्ट किया कि हमारे महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर गारू की 140वीं जयंती के अवसर पर हमें अपनी अखिल भारतीय फिल्म द इंडिया हाउस की



घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। इस फिल्म में निखिल सिद्धार्थ, अनुपम खेर जी मुख्य भूमिका निभाएंगे और निर्देशन राम वामसी कृष्ण द्वारा किया जाएगा। जय हिन्द। फिल्म का निर्माण राम चरण और विक्रम रेड्डी के नए बैनर वी मेगा पिक्चर्स तले किया जाएगा।

विवाह के बाद बढ़ते विवाद के कानूनी पेंच

फनीश्वरनाथ निलेष

एक युवती की शादी उसके माता-पिता ने एक करोबारी लड़के से करा दी। लड़की रांची के नामी कॉन्वेंट स्कूल से पढ़ी थी जबकि लड़का सामान्य स्कूल से दिल्ली में पढ़ा लिखा था। विवाह के मात्र छह माह बाद ही लड़की के माता-पिता ने अपनी बेटी की दूसरी शादी का मन बना लिया। लड़की को ज्यादा विरोध न होने के बाद भी एक तलाक का होना वर्तमान समय में एक बड़ी समस्या को जन्म दे रहा है। पूरे देश में इस प्रकार के एडजस्ट न कर पाने के कारण विवाह का टूटना जारी है। निश्चित ही एक अच्छे अच्छे समाज विशेषकर भारतीय समाज जहां विवार जन्म जन्मातर का संबंध मानकर निवार्ह किया जाता था वहां एक एक सामाजिक समस्या बनकर खड़ा हो गया है। एक दूसरे मामले में एक बेंगलूरू के एक आईटी कंपनी में काम करने वाले पंकज को मां-बाप के दबाव में गांव की लड़की से शादी करनी पड़ा। दोनों में नहीं बनी लड़के ने लड़की को पत्नी मानने से ही इनकार कर दिया।

आए दिन विवाह टूटने की ऐसी कई वजहें पढने को मिलती है। अदालतें ऐसे मुकदमों से भरी पड़ी हैं। कहीं वर पक्ष तो कहीं वधु पक्ष शोषण झूठा मुकदमा दर्ज करा रहा है।

हिदू विवाह एक संस्कार है- हिदूओं में विवाह को संस्कार माना गया है, जिसमें विवाह को जन्म-जन्म का रिश्ता कहा गया है। लेकिन लगता है यह सब अतीत की बातें हैं, क्योंकि अब विवाह में शोषण भी दिखता है, हत्याएं भी होती है और एक-दूसरे को नीचा दिखाने का खेल भी चलता है। यहां हम विवाह के संबंध में विधि द्वारा स्थापित कानून की जानकारी दे रहे हैं ताकि वैवाहिक शोषण से निपटने में इसकी जानकारी लोगों के काम आ सके।

विवाह संबंधी अपराध की धारा 493 से 498 तक

- धारा-493: स्त्री को इस विश्वास में रखकर सहवास कि वह पुरुष उससे विधिपूर्वक विवाहित है.
- धारा-494: पति-पत्नी में से किसी एक के द्वारा दूसरे के जीवित रहने के बावजूद दूसरा विवाह करना।
- धारा-495: एक पक्ष द्वारा अपने पूर्ववर्ती विवाह को छुपाकर दोबारा से विवाह करना।
- धारा- 496: लड़का या लड़की द्वारा छलपूर्ण आशय से विपरीत पक्ष को यह विश्वास दिलाना कि उनका विवाह विधिपूर्वक मान्य नहीं है।
- धारा-497: जारकर्म।
- धारा- 498: आपराधिक आशस से किसी पुरुष द्वारा विवाहित स्त्री को फुसलाना ।
- धारा-498 क: किसी विवाहित स्त्री पर पति या पति के नातेदार द्वारा क्रूरतापूर्ण व्यवहार।

वैवाहिक मुकदमों की प्रकृति : कानूनन वैवाहित स्थिति में स्त्री की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा गया है। वैवाहिक मुकदमों की प्रकृति देखें तो अक्सर वधु पक्ष द्वारा वर पक्ष पर दहेज प्रताडना, शारीरिक शोषण और पुरुष के पर स्त्री से संबंध जैसे मामले दर्ज कराए जाते हैं, वहीं वर पक्ष द्वारा स्त्री का किसी गैर मर्द से अवैध संबंध, मानसिक प्रताडना जैसे मामला दर्ज कराने के मामले देखे गए हैं। वैसे कई बार अदालत में यह भी साबित हुआ है कि वधु पक्ष द्वारा वर पक्ष को तंग करने के लिए अक्सर दहेज के मामले दर्ज कराए जाते हैं। तिहाड़ के महिला जेल में छोटे-से बच्चे से लेकर 90 वर्ष की वृद्धा तक दहेज प्रताडना के आरोप में बंद हैं।

दहेज है स्त्री धन : दहेज का अभिप्राय विवाह के समय वधु पक्ष द्वारा वर पक्ष को दी गई चल-अचल संपत्ति से है। दहेज को स्त्री धन कहा गया है। विवाह के समय सगे-संबंधियों, नातेदारों आदि द्वारा दिया जाने वाला धन, संपत्ति व उपहार भी दहेज के अंतर्गत आता है। यदि विवाह के बाद पति या पति के परिवार वालों द्वारा दहेज की मांग को लेकर दूसरे पक्ष को किसी किस्म का कष्ट, संताप या प्रताडना दे तो स्त्री को यह अधिकार है कि वह उक्त सारी संपत्ति को पति पक्ष से वापस ले ले।

हिदू विवाह अधिनियम की धारा : 27 स्त्री को इस प्रकार की सुरक्षा प्रदान करती है। वर्ष 1985 में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश फाजिल अली ने अपने एक फैसले में निर्णय दिया था कि स्त्री धन एक स्त्री की अनन्य संपत्ति है। यह संपत्ति पति पक्ष पर पत्नी की धरोहर है और उस पर उसका पूरा अधिकार है। इसका उगंघन दफा-406 के तहत अमानत में ख्यानत का अपराध है, जिसके लिए जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। इस निर्णय की वजह से धारा-27 की समुचित व्याख्या हो गई है।

कानूनन स्त्री की सुरक्षा : क्रिमिनल अमेंडमेंट एक्ट की धारा 498 क के अनुसार, एक विवाहित स्त्री पर उसके पति या उसके रिश्तेदार द्वारा किया गया अत्याचार या क्रूरता का व्यवहार एक दंडनीय अपराध है। विधि में यह प्रावधान भी है कि विवाह के सात वर्ष के भीतर यदि पत्नी आत्महत्या कर लेती है या उसकी मौत किसी संदिग्ध परिस्थिति में हो जाती है तो काननू के दृष्टिकोण से यह धारणा बलवती होती है कि उसने यह कदम किसी किस्म की क्रूरता के वशीभूत होकर उठाया है.

पत्नी द्वारा किया जाने वाला अत्याचार : अदालत में स्त्री को मिली कानूनी सुरक्षा का माखौल उड़ते भी देखा गया है. अपने पूर्व के प्रेम संबंध, जबरदस्ती विवाह, आपस में सामांजस्य नहीं बैठने या किसी अन्य कारणों से स्त्री इन सात वर्षों में आत्महत्या की धमकी देते हुए पति का मानसिक शोषण करने की दोषी भी पाई गई हैं। जबरदस्ती दहेज प्रताडना में पूरे परिवार को फंसाने का मामला आए दिन सामने आता रहता है अच्छा यह हो कि विवाह के लिए जीवनसाथी का चुनाव लड़का-लड़की खुद करे यानी प्रेम विवाह करे और विवाह होते ही कम से कम सात साल तक दोनो अपने-अपने परिवार से अलग आशियाना बसाए। देखा गया है कि पारिवारिक हस्तक्षेप के कारण ही एक लड़का-लड़की का जीवन नरक बन जाता है पारंपरिक अरेंज मैरिज में भी मां-बाप बच्चों की शादी कर देने के बाद उन्हें स्वतंत्र रूप से जिदगी जीने दें तो दोनों का जीवन सामांजस्य की पटरी पर आसानी से दौड़ पाएगा।

समाज का चिंतन कर्मकांड से लेकर रूढ़ियों की बदलती सोच

समाज को समझना टेढ़ी खीर है। इसे जीने और पीने वाले कबीर या बुद्ध जैसे महान लोग अपने आप को सिद्ध करते हैं, जिन्हें आज भी बड़े सम्मान और गरिमा के साथ याद करते हैं तो इसलिए कि वे उसमें रहकर रास्ता दिखाने वाले राही, पथ प्रदर्शक होते हैं।

दुविधा वहीं पैदा होती है, जहां दो या उससे अधिक विकल्प सामने उपस्थित हो जाते हैं

वर्तमान समाज सदियों में बना है। यह असंख्य रूढ़ियों, रीति-रिवाजों और परंपराओं का समुच्चय है। व्यक्ति और परिवार समाज का ही दर्पण है, जिसमें व्यक्ति समाज और अपने आपको आईने की तरह देख सकता है। व्यक्ति और समाज दोनों मिलकर इसे आकार देते हैं। व्यक्ति समाज में ही रहकर व्यक्तित्व का धनी कहलाता है। महान व्यक्तित्व समाज को दिशा देता हुआ लगता है और समाज उसके पीछे चलता हुआ प्रतीत होता है। असंख्य व्यक्ति समाज का प्रतिरूप होते हैं। व्यक्ति समाज से अलग-अपना अस्तित्व नहीं मानता और समाज भी उसे अपने से अलग नहीं होने देता है। व्यक्ति और समाज एक दूसरे के पूरक हैं, लेकिन दोनों में गजब का द्वंद्व है। व्यक्ति समाज में रहकर ही व्यक्ति बनता है, पर उससे टकराकर, पंगा लेकर ही।

समाज को समझना टेढ़ी खीर है। इसे जीने और पीने वाले कबीर या बुद्ध जैसे महान लोग अपने आप को सिद्ध करते हैं, जिन्हें आज भी बड़े सम्मान और गरिमा के साथ याद करते हैं तो इसलिए कि वे उसमें रहकर रास्ता दिखाने वाले राही, पथ प्रदर्शक होते हैं। समाज से टकराने से मतलब है जोखिम लेना। वह टकराने वाले की बेरहमी से परीक्षा लेता है। यह रास्ता चुनने वाला कुर्बान हो सकता है। इसीलिए कबीर कहते हैं- जो घर जारे आपनो, चले हमारे साथ।

किसी के दुनिया से कूच कर जाने पर गांव में बारह दिन तक समाज, परिवार और घर वालों को बेहद नजदीक से देखने पर व्यक्ति और समाज का द्वंद्व समझ आता है। जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्कारों को निभाने वाला हिंदू समाज अपने आपको वक्त के साथ बदलने में दिखावा भरपूर करता है, पर रीतियों, रूढ़ियों और कर्मकांडों को साथ लेकर अन्यथा व्यक्ति को अलग-थलग करने में देर नहीं करता है।

ब्रेकअप का दौर सबसे कठिन

किसी भी कपल के लिए ब्रेकअप का दौर सबसे मुश्किल होता है। क्योंकि उन्हें अपने पार्टनर की याद आती है। ऐसे में वह कई ऐसे काम करते हैं, जो उनके पार्टनर के लिए परेशानी का सबब बन जाता है।

ब्रेकअप के बाद अक्सर लोग अपने पार्टनर के बारे में जानकारी रखना चाहते हैं।

सोशल मीडिया के जरिए स्टॉक करना

ब्रेकअप के बाद पार्टनर के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए लोग अक्सर अपने एक्स का सोशल मीडिया अकाउंट चेक करते हैं। या फिर दोस्तों के सोशल मीडिया अकाउंट को स्टॉक करते हैं। फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर अपनी नजर बनाए रखते हैं।

स्टेटस के स्क्रीनशाट लेना

अक्सर लोग अपने एक्स के व्हॉट्सएप और फेसबुक पर लगाए गए नए स्टेटस का स्क्रीनशॉट लेकर रख लेते हैं। या फिर एक्स कोई तस्वीर या कुछ लिखकर लगाते हैं। तो पार्टनर उनका स्क्रीनशॉट लेकर रख लेते हैं और फिर उनको बार-बार पढ़ते या देखते हैं।

ब्लॉक-अनब्लॉक करना

ब्रेकअप के बाद लोग अक्सर कई अजीब हरकतें भी करते हैं। वह एक्स को सोशल मीडिया पर ब्लॉक तो कभी अनब्लॉक कर देते हैं। वह अक्सर यह काम करते हैं। वह जानने का प्रयास करते हैं कि उनका एक्स अलग हो कर क्या कुछ कर रहा है।

मैसेज डिलीट करना

लेकिन पार्टनर के देखने से पहले मैसेज को डिलीट भी कर देते हैं। कई बार अपने एक्स को मैसेज या फोन कर काफी भला-बुरा भी कह देते हैं।

वर्क टू होम आज के युवाओं के बीच बढ़ता जा रहा क्रेज

- सुधांशु कुमार

घर से काम करने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले कुछ समय तक फील्ड में रहकर काम करें और न सिर्फ अपने बूते कॉन्टेक्ट बनाएं बल्कि एक्सपर्ट के तौर पर उक्त प्रोफेशन में अपनी पहचान भी स्थापित करें। फ्रेशर और नए लोगों को इस तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहिए। इसमें ध्यान रखें कि मुश्किल पड़ने पर खुद ही समाधान ढूंढना होगा, मदद के लिये न तो किसी कंपनी का बैकअप होगा और न ही मुसीबत से उबारने वाला कोई सीनियर। इसलिए स्वयं को हमेशा अपनी फील्ड से सम्बंधित नॉलेज और नई तकनीकियों से अपडेट रखना सर्वाधिक जरूरी है। दु निया में ऐसे प्रोफेशनल्स की कमी नहीं है जो ऑफिस जाए बिना अपने पेशे से जुड़े कार्य बखूबी कर रहे हैं और अच्छी खासी कमाई भी कर रहे हैं। यह सुनने में भले अजीब लगे पर है यह सच। ऐसा नये तरह के कई प्रोफेशंस के अस्तित्व में आ जाने की वजह से संभव हुआ है। इनमें डिजिटल मार्केटिंग, वेबसाइट्स बनाना, डेटा एंट्री, केपीओ, कॉल सेंटर्स, न्यूज़ एनालिसिस, ट्रांसलेशन, ब्लॉग राइटिंग आदि का नाम विशेष तौर पर लिया जा सकता है।

घर से काम करने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले कुछ समय तक फील्ड में रहकर काम करें और न सिर्फ अपने बूते कॉन्टेक्ट बनाएं बल्कि एक्सपर्ट के तौर पर उक्त प्रोफेशन में अपनी पहचान भी स्थापित करें। फ्रेशर और नए लोगों को इस तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहिए। इसमें ध्यान रखें कि मुश्किल पड़ने पर खुद ही समाधान ढूंढना होगा, मदद के लिये न तो किसी कंपनी का बैकअप होगा और न ही मुसीबत से उबारने वाला कोई सीनियर। इसलिए स्वयं को हमेशा अपनी फील्ड से सम्बंधित नॉलेज और नई तकनीकियों से अपडेट रखना सर्वाधिक जरूरी है। ज्यादा निवेश करने से बचें क्योंकि दिखावे और क्लाइंट्स को रिझाने के लिए किसी भी तरह का खर्च बाद में भारी पड़ सकता है। सहायक के तौर पर किसी को जॉब पर रखना भी हर महीने के बढ़ते खर्च का अहम हिस्सा बन सकता है। भरसक प्रयास करें कि सभी काम खुद करें। कंप्यूटर अथवा अन्य टेक्नोलोजी से सम्बंधित निवेश में कंजूसी करने से बचें। मत भूलें कि इसी माध्यम से अपनी काबिलियत को सिद्ध कर कमाई की जा सकती है। समय-समय पर अपने स्पेशियलाइजशन को अपडेट करने में समय और पैसा अवशय लगायें। पुरानी टेक्नोलॉजी के बूते ज्यादा समय तक मार्केट में टिक पाना मुश्किल होगा। हो सकता है कि ऐसी कुछ ट्रेनिंग करने के लिए देश-विदेश भी जाना पड़े। ऐसी ज़रूरतों और इन पर धन खर्च करने से भागना समझदारी नहीं कही जा सकती है। ध्यान रखें कि आलस्य या अन्य व्यस्तताओं को देखते हुए कभी चालू काम नहीं करें। इससे साख घट सकती है और कम्पनियां काम देने से हाथ खींच सकती है। हमेशा अपने काम की खुद जांच करें और पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद ही उसे भेजें।

घर से काम करने के विकल्प डेटा एंट्री : कंप्यूटर टाइपिग की कला में माहिर लोगों को ऐसे कार्य करने के अवसर सरकारी विभागों, पब्लिकेशन हाउस तथा अन्य प्रकार की कंपनियों के जरिये मिलते रहते हैं। कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन तथा प्रिंटर जैसे मदों में प्रारंभिक निवेश के अतिरिक्त इसमें लगन और कार्यकुशलता की जरूरत पड़ती है। न सिर्फ एजेंसियों बल्कि कई ऐसे काम देने वाली वेबसाइट्स से जुड़कर भी नियमित तौर पर काम कर आय अर्जित की जा सकती है।

अनुवाद : विभिन्न भाषाओं के जानकार लोगों के लिए अनुवाद पर आधारित काम अच्छी कमाई का स्त्रोत सिद्ध हो सकता है। अंग्रेजी से हिदी अथवा हिदी से अंग्रेजी या किसी अन्य भाषा से सम्बंधित अनुवाद जैसे कार्य इसमें शामिल हैं। गत वर्षों की तुलना में अब अनुवाद कार्य की दरें काफी आकर्षक हो गयी हैं।

कंटेंट राइटिग : कंपनियों के ब्रोशर , पब्लिसिटी मैटेरियल, वेबसाईट कंटेंट आदि को तैयार करने लिए टेक्नीकल राइटर्स की मांग हाल के समय में काफी बढ़ी है। कंपनियों द्वारा उपलब्ध सामग्री के आधार पर ऐसे कंटेंट लिखवाये जाते हैं। इस क्षेत्र में अनुभवी लेखकों द्वारा कंपनियों की प्रोफाइल के आधार पर फीस मांगी जाती है।

वेबसाइट डिजाइनिग : छोटी से लेकर बड़ी कंपनियों और दुकानदारों द्वारा भी वेबसाइट बनवाने का क्रेज़ आजकल काफी प्रचलन में है। बड़ी संख्या में युवा इस तरह की ट्रेनिग लेकर वेबसाइट बनाने का काम कर रहे हैं। स्पर्धा ज्यादा होने से अब पहले की तरह तो कमाई नहीं है लेकिन फिर भी इस विधा की लेटेस्ट टेक्निक का इस्तेमाल कर आकर्षक वेबसाइट बनाने वालों को अपेक्षाकृत अधिक फीस मिल जाती है।

डिजिटल मार्केटिंग : ई कॉमर्स या कंज्यूमर उत्पादों की बिक्री के लिए ऑनलाइन सेल्स और मार्केटिंग की नयी विधा के अस्तित्व में आने के बाद ऐसे एक्सपर्ट्स की सेवाएं ली जाने लगी हैं जो इंटरनेट और डिजिटल मार्केटिंग की टेक्निक का इस्तेमाल कर अधिकाधिक लोगों तक विज्ञापन पहुंचा सकें। इस प्रकार प्रिंट या इलेक्ट्रोनिक मीडिया की तुलना में अत्यंत कम खर्च में पब्लिसिटी संभव हो जाती है।

घर में सुख समृद्धि और शांति लाता है गंगा दशहरा का स्नान

प्रशांत झा

गंगा दशहरा के दिन धन योग, रवि योग और सिद्धि योग जैसे शुभ योग बन रहे हैं। धार्मिक मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी में स्नान करने से 10 तरह के पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही कुछ उपाय करने से जीवन के हर कष्ट से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की भी प्राप्ति होती है।

गंगा दशहरा का पर्व 29 मई दिन सोमवार को मनाया जा रहा है। हर वर्ष यह पर्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से 10 तरह के पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही गंगा दशहरा पर सिद्धि योग, रवि योग और धन योग जैसे महायोग बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। ज्योतिष शास्त्र में गंगा दशहरा का महत्व बताते हुए कुछ उपाय भी बताए गए हैं। गंगा दशहरा के दिन इन ज्योतिष उपाय करने से करियर व कारोबार में तरक्की होती है और धन व सुख में वृद्धि होती है। आइए जानते हैं गंगा दशहरा पर किए जाने वाले इन उपायों के बारे में...

गंगा दशहरा के दिन इस उपाय से होती है आर्थिक उन्नति

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कारोबार व व्यापार में आर्थिक परेशानी हो रही है या फिर नया कार्य शुरू नहीं कर पा रहे हैं तो गंगा दशहरा के दिन एक साफ कागज पर गंगा स्त्रोत लिखें और उस कागज को पीपल की पूजा करने के बाद पेड़ के नीचे गाड़ दें। ऐसा करने से कारोबार व व्यापार में आर्थिक उन्नति होगी और आपको धीरे धीरे सकारात्मक नतीजे देखने को मिलेंगे।

गंगा दशहरा के दिन इस उपाय से करियर में होती है तरक्की

गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी में स्नान करें और अगर जाना संभव नहीं है तो नहाने के पानी में गंगाजल की कुछ बूंदे मिलाकर स्नान करें। साथ ही शिवलिंग का अभिषेक भी गंगाजल से करें और सूर्य को तांबे के लोटे में जल लेकर उसमें गंगाजल और कुमकुम डालकर सूर्य को अर्घ्य दें। ऐसा करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और करियर में तरक्की के योग बनना शुरू हो जाते हैं।

गंगा दशहरा के दिन इस उपाय से भाग्य देता है साथ

आर्थिक समस्याएं बनी रहती हैं और लाख मेहनत के बाद भी काम नहीं बन पा रहे हैं तो गंगा दशहरा के दिन एक घर से दूर अनार का पेड़ लगाएं। इसके साथ ही मिट्टी के घड़े में जल भरकर उसमें गंगाजल डाल लें और उसको ढक कर दक्षिण दिशा की तरफ रख दें। कुछ देर बाद घड़े को किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दे दें। ऐसा करने से आर्थिक समस्याएं खत्म होंगी और भाग्य के दरवाजे खुलेंगे।

गंगा दशहरा के दिन इस उपाय से सुख-शांति में होती है वृद्धि

गंगा दशहरा के दिन पूरे घर में गंगाजल से छिड़काव करें। इसके बाद सुबह के समय ही अपनी लंबाई के बराबर काला धागा लें और उसको एक नारियल पर लपेट लें। फिर गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करके नारियल को उनके पास रख दें। शाम के समय नारियल को शिवलिंग से उठाकर बहते जल में प्रवाहित करें। ध्यान रहे कि प्रवाहित करने के बाद पीछे मुड़कर ना देखें। ऐसा करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहेगी और जीवन में चल रही परेशानियों से भी मुक्ति मिलेगी।

गंगा दशहरा के दिन इस उपाय से हर कष्ट से मिलती है मुक्ति

गंगा दशहरा के दिन सुबह गंगा नदी में स्नान करने के बाद सुपारी, आम, जल से भरा घड़ा या सुराही, सत्तू, मौसमी फल, गुड़, हाथ का पंखा, छाता, अनार, नारियल, केला, खरबूजा, सुपारी आदि चीजों का दान करें। ऐसा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और धन लाभ के मार्ग भी प्रशस्त होते हैं। गंगा दशहरा के दिन किए जाने वाले इस उपाय हर कष्ट से मुक्ति मिलती है।

गंगा दशहरा के दिन इस उपाय से आरोग्य की होती है प्राप्ति

गंगा दशहरा के दिन पवित्र गंगा में स्नान करने के बाद माता गंगा की पूजा अर्चना करें और गंगा स्त्रोत का पाठ करें। पूजा करने के बाद 'बृहत्यै ते नमस्तेस्तु लोक धात्र्यै नमोस्तु ते। नमस्ते विश्वमित्राय नन्दिन्यै ते नमो नमः।।' मंत्र का 108 बार जप करें।

साथ ही शिवलिंग का गंगाजल से अभिषेक करने के बाद शिवलिंग के आसपास के जल को लोटे में डाल लें और उसका पूरे घर में छिड़काव करें। ऐसा करने से आरोग्य की प्राप्ति होती है और धन धान्य में वृद्धि के योग बनते हैं।